सुप्रभात
रांची, गुरुवार
11.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 295



12 फिल्म उलझ में नजर आयेंगी जाह्नवी कपूर

## न्यूज डायरी

### उड़नदस्ता टीम रोकेगी कोयले की तस्करी

**रांची।** राज्य में कोयला तस्करी रोकने के लिए उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। सभी प्रमंडलीय क्षेत्र में उड़नदस्ता टीम में चार-चार दरोगा होंगे। इनके साथ एक-एक प्लाटून सशस्त्र बलों की तैनाती भी प्रत्येक दस्ते में रहेगी।

### दाहू के पिता ने इडी कोर्ट में दी जमानत याचिका

**रांची।** अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव ने ईडी कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। पशुपति यादव ने अधिवक्ता के जरिये जमानत की गुहार लगायी है। सुनवाई 17 मई को होनी है।

### रिनपास की जमीन पर बनेगी मेडिको सिटी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

### राजद की बैठक 12 को संविधान पर होगी चर्चा

**रांची।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव के निर्देश पर 12 मई को एक बैठक प्रदेश कार्यालय में होगी। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज ने कहा कि इसका उद्देश्य संविधान पर परिचर्चा है।

### एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जलकर मौत

**गोरखपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया गांव में बुधवार दोपहर भीषण आग लगने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मौत पर दुख जताते हुए परिजन को चार लाख देने की घोषणा की है।

### द केरल स्टोरी' पर 12 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय विवादास्पद फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर पश्चिम बंगाल में रोक लगाने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ फिल्म निर्माताओं की याचिका पर 12 को सुनवाई करेगा।

### कांग्रेस की राजनीति से आदिवासी समाज आहत

**माउंटआबू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इससे दलित, पिछड़े एवं आदिवासी समाज का सबसे अधिक अहित हुआ है। वे राजस्थान के आबू में एक जनसभा में बोल रहे थे।

### ...अकेला को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति है

**नई दिल्ली।** समलैंगिक विवाह मामले की सुनवाई के दौरान बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय कानून वैवाहिक स्थिति की परवाह किये बिना अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देते हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 80,000 रु./प्रति किलो |

## हेमंत सोरेन से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान

# 2024 में विपक्षी ताकत से बदलेगा परिणाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपानीत एनडीए के खिलाफ विपक्षी एकता की मुहिम में लगे बिहार के सीएम नीतीश कुमार बुधवार को रांची पहुंचे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कि हमने आपस में बात कर ली है। हेमंत से बातचीत के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में विपक्ष की ताकत दिखेगी और पूरा देश बदलते परिणाम भी देखेगा। इस दौरान नीतीश ने कहा कि पहली बार मुझे शिबू सोरेन ने ही मुख्यमंत्री बनाया था। मीडिया से बात करते हुए सीएम नीतीश ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि आजकल देश के इतिहास को बदलने की कोशिश हो रही है। यही नहीं नीतीश कुमार ने मीडिया पर भी सही तरह से खबरों को नहीं दिखाने का आरोप लगाया। हम जो बोलते हैं उसे दबा दिया जाता है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आजकल देश में बोलने की आजादी नहीं है। देश में जानबूझ कर विवाद पैदा किया जाता है। इसलिए हम सबको मिलकर इसे बचाना है। उन्होंने कहा कि हमें आगे एकजुट होकर चलना है। किसी भी कीमत पर पुराना इतिहास बदलने नहीं देंगे। बाद हेमंत सोरेन को सीएम नीतीश ने माइक पकड़ा दी। हेमंत सोरेने ने बहुत ही कम शब्दों में जवाब देते हुए प्रेस कांफ्रेंस समाप्त कर दिया।

### अभी प्रधानमंत्री पद नहीं एकजुटता पहली प्राथमिकता

श्री कुमार बुधवार को कांके रोड स्थित सीएम आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम पद का प्रत्याशी कौन होगा, यह विषय अभी का नहीं है। अभी एकजुटता कायम करना पहली प्राथमिकता है। नीतीश ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ करीब एक घंटे तक मंत्रणा की। उनके साथ बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद थे। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हम नये जेनरेशन के नेता हैं। हमारे बीच गार्जियन बैठे हैं। हमें इनसे बहुत कुछ सीखना है। बहुत कुछ इनके मार्गदर्शन में करना है। विपक्षी एकजुटता में हम सब सहमत हैं। आज बैठक हुई आगे भी और होगी। बैठक में मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश जदयू अध्यक्ष खीरू महतो, झामुमो के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय भी मौजूद थे।

### गुरुजी ने ही पहली बार मुझे सीएम बनाया था

सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि उन्हें पहली बार गुरुजी शिबू सोरेन ने ही सत्ता की कुर्सी दिलायी थी। उन्होंने कहा कि झारखंड-बिहार आज भले ही अलग हो गये हैं। अविभाजित बिहार की राजनीति का केंद्रबिंदु कभी रांची भी हुआ करता था। करोना के बाद थोड़ा आना-जाना कम हो गया। लेकिन, पहले हमेशा आते-जाते रहते थे। सीएम हेमंत के पिताजी गुरुजी से हमलोगों का क्या संबंध है, कैसे हमलोगों ने आंदोलन किया, सभी जानते हैं। हम यह नहीं भूले हैं कि भले ही कम दिनों के लिए ही सही, मगर मुझे बिहार का पहला सीएम गुरुजी ने ही बनाया था। लालूजी, गुरुजी और हमारा रिश्ता क्या रहा है, यह जगजाहिर है। नीतीश ने शिबू सोरेन के साथ अपनी पुरानी यादों का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि बिहार और झारखंड अलग जरूर हुए, पर दोनों का रिश्ता तो अटूट है।



### 11 को मुंबई में शरद और ठाकरे से मिलेंगे

इससे पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री का स्वागत करने झारखंड के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और मंत्री सत्यानंद भोक्ता एयरपोर्ट पर पहुंचे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो भी मौजूद थे। जदयू और राजद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से दोनों नेताओं का स्वागत किया। बिहार में गैरभाजपा दलों के नेताओं के महाजुटान की तैयारी को लेकर नीतीश यहां पहुंचे थे। 11 को मुंबई में शरद पवार और उद्धव ठाकरे से भी मिलेंगे। पटना में विपक्षी नेताओं का महाजुटान 17 या 18 जून को संभावित है। जिसमें 2024 की चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी।

## लंबित वादों के निपटारे में एपीपी की भूमिका अहम : हेमंत

# लोकल भाषा जानें, गरीबों को न्याय दिलाने में मददगार बनें

■ 107 एपीपी को सीएम ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि लंबित वादों के निपटारे में सहायक लोक अभियोजकों (एपीपी) की भूमिका काफी अहम होती है। श्री सोरेन ने बुधवार को 107 चयनित सहायक लोक अभियोजकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्होंने कहा कि आप अब सरकार के अभिन्न अंग के रूप में न्यायिक व्यवस्था से जुड़कर कार्य करने जा रहे हैं। न्याय कैसे सरल, सुलभ और कम खर्चीला हो, लंबित वादों का तेजी से कैसे निपटारा हो, गरीबों और आम जनों को कैसे न्याय मिले, अहम भूमिका होने जा रही है। उम्मीद है कि आप दायित्व निर्वहन से न्यायपालिका के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे।

(शेष पेज 11 पर)



### सस्ता सुलभ न्याय दिलायें

गरीबों को सस्ता सुलभ न्याय दिलायें : सीएम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद पहली बार सहायक लोक अभियोजकों की नियुक्ति हुई है। ऐसे में न्यायालयों में वादों के त्वरित निष्पादन की दिशा में आपके सामने कई चुनौतियां होंगी। सबसे बड़ी चुनौती आपके गरीबों को न्याय दिलाना है। इसके अलावा जो बेगुनाह किसी न किसी वजह से जेलों में बंद हैं, उन्हें कैसे न्याय मिले, इस दिशा में आपकी अहम भूमिका होने जा रही है।

### क्षेत्रीय भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जायेगा

सीएम ने कहा कि भौगोलिक परिवेश के कारण झारखंड के हर जिले में अलग-अलग भाषा- भाषी, रहन सहन और बोल चाल देखने को मिलता है। ग्रामीण इलाकों में हिंदी से ज्यादा स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाएं बोली और समझी जाती हैं। ऐसे में आप जब तक स्थानीय भाषा और बोलचाल को नहीं समझेंगे, उनके साथ ना तो अच्छे से संवाद कर पायेंगे और ना ही न्याय दिला सकेंगे। आप सभी को इसके लिए लोकल भाषाओं में प्रशिक्षित होना होगा।

### लंबित वादों से कैदियों की संख्या बढ़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी इस बात से भलीभांति वाकिफ है कि यहां न्याय मिलने में कितना वक्त लगता है। वर्षों तक अदालतों में मामलों पर सुनवाई होती रहती है। इस वजह से लंबित केसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी वजह से जेलों में भी कैदियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह देश और राज्य के लिए बेहतर नहीं है। लोगों को जल्द से जल्द कैसे न्याय मिले इस दिशा में हम सभी को विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। हमारी यही कोशिश हो रही है कि लंबे समय से छोटे-छोटे वादों में जो भी लोग जेलों में बंद हैं, उन्हें रिहा करने की दिशा में सभी कानूनी सुविधाएं सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जाये। इस कड़ी में गरीब और जरूरतमंदों को सरकार के द्वारा वकील भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# इस्लामाबाद समेत पांच प्रांतों में सेना उतारी गयी

## इमरान आठ दिनों के रिमांड पर, पाक में गृहयुद्ध के हालात

■ पेशावर में चार, देशभर में अबतक सात की मौत

■ सेना के ठिकाने जला रहे लोग परमाणु बम पर मंडराया खतरा

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरा पाकिस्तान जल उठा है। जगह-जगह मारकाट, हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी हो रही हैं। हालात गृहयुद्ध के समान हो गये हैं। पेशावर में चार समेत देश भर में सात लोगों की जान लेने वाली हिंसा के बीच खैबर पख्तूनख्वा, पंजाब, बलूचिस्तान और इस्लामाबाद में सेना को उतार दिया गया है। लेडी रीडिंग हॉस्पिटल के एक प्रवक्ता के अनुसार डॉक्टरों को गोलियों से छलनी चार शव मिले हैं। इमरान समर्थक सैन्य ठिकानों पर लगातार हमले कर रहे हैं, उसे जला रहे हैं। देश के खतरनाक हालात के बीच परमाणु हथियारों की सुरक्षा पर दुनिया भर में चिंता बढ़ गयी है।



वहीं इमरान खान को जवाबदेही अदालत ने बुधवार को को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में आठ दिन की रिमांड पर नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (नैब) को सौंपने का फैसला किया। इससे पहले इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने खान को तोशखाना मामले में दोषी ठहराया। अदालत में ही इमरान ने कहा कि उन्हें जान से मारने की साजिश की जा रही है। पीटीआइ के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी और महासचिव असद उमर को गिरफ्तार कर लिया गया।

गृह मंत्रालय ने सैनिकों की दस कंपनियां भेज कर पंजाब सरकार के अनुरोध को मंजूरी दे दी। सेना कानून, व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए जिला प्रशासन के साथ काम करेगी। सैनिकों की सही संख्या/संपत्ति, तैनाती की तारीख और क्षेत्र का निर्धारण प्रांतीय सरकार द्वारा एमओ निदेशालय, जीएचक्यू के परामर्श से किया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

# इडी ने पल्स हॉस्पिटल को नियंत्रण में लिया

## पूजा सिंघल की 82.77 करोड़ की संपत्ति स्थायी तौर पर जब्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा की पल्स अस्पताल समेत 82.77 करोड़ रुपये की संपत्ति स्थायी तौर पर इडी ने जब्त कर लिया है। इडी की एजुकेटिंग अथॉरिटी ने बुधवार को संपत्ति के स्थायी जब्ती पर मुहर लगा दी है। इससे पहले एक दिसंबर 2022 को ईडी ने मनरेगा घोटाले में संपत्तियों की जब्ती का प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया था। प्रोविजनल अटैचमेंट आदेश को आरोपियों ने इडी की एजुकेटिंग अथॉरिटी के समक्ष चुनौती दी थी, लेकिन अथॉरिटी ने इडी के अस्थायी जब्ती आदेश को सही मानते हुए अब स्थायी तौर पर पूरी संपत्ति जब्त कर दी है। इडी की एजुकेटिंग अथॉरिटी ने पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के स्वामित्व वाले पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पल्स अस्पताल और रांची स्थित दो भूखंडों को स्थायी तौर पर जब्त किया है।




(शेष पेज 11 पर)

### ट्रेनिंग पर हैदराबाद जायेंगे झारखंड कैडर के 6 आइपीएस

**रांची।** झारखंड कैडर के छह भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी मिड टर्म ट्रेनिंग के लिए हैदराबाद जायेंगे। ट्रेनिंग 15 मई से शुरू होगी, जो तीन सप्ताह तक चलेगी। ट्रेनिंग पर जाने वालों में आईजी अभियान एवी होमकर, डीआईजी जैप सुनील भास्कर, डीआइजी सीआईडी एम तमिलवानन, डीआईजी कार्मिक विजयालक्ष्मी, डीआइजी एसीबी शैलेंद्र सिन्हा और जैप 2 के कमांडेंट इंद्रजीत महथा का नाम शामिल हैं।

### भारतीय जूनियर हॉकी टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी

**रांची।** जापान के काकामिंघारा में दो से 11 जून तक आयोजित एशिया कप (जूनियर महिला हॉकी) में झारखंड की तीन खिलाड़ियों रोपनी कुमारी, महिमा टेटे एवं दीपिका सोरेंग का चयन हुआ है। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड के अधीनस्थ झारखंड खेल प्राधिकरण ने रांची में संचालित (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) बालिका हॉकी सेंटर की प्रशिक्षुओं का चयन हुआ है।

## सैन्य जमीन घोटाला : कोलकाता से आकर जयंत करनाड ने दर्ज कराया बयान

# मेरी जमीन थी, सेना को लीज पर दी थी...

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आर्मी जमीन घोटाले को लेकर रांची के पूर्व डीसी निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन से लगातार तीसरे दिन भी ईडी पूछताछ जारी रही। इस दौरान उनसे बैंक खातों में निवेश, आश्रितों के खातों में हुए ट्रांजेक्शन को लेकर भी कई सवाल किये गये। तीन दिन और उनसे पूछताछ होगी। छवि रंजन 6 दिनों के लिए ईडी के रिमांड पर है। वहीं जमीन के वास्तविक मालिक जयंत करनाड बुधवार को इडी कार्यालय पहुंचे। उन्हें इडी ने समन जारी कर अपना बयान दर्ज करवाने के लिए बुलाया था। जयंत ने इडी को बताया कि वो उनकी पुश्तैनी जायदाद थी, लीज पर सेना को दी थी। गौरतलब है कि आर्मी की जिस जमीन को तत्कालीन रांची डीसी छवि रंजन, अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश और अफसर अली जैसे लोगों ने फर्जी कागजातों के आधार पर बेचा था, उसके वास्तविक मालिक जयंत हैं। जयंत के पूर्वजों ने ही लीज पर सेना को जमीन दी थी। इसके एवज में उन्हें जमीन का किराया मिलता था।

जयंत के बयान दर्ज होने के बाद घोटाले से संबंधित कई चीजें बाहर आ रही हैं। जयंत करनाड ने इडी को बताया है कि पूर्व कमीश्नर नितिन मदन कुलकर्णी को इस संबंध में शिकायत की गयी थी। कमिश्नर ने रांची में बरियातू के सेना की 4.83 एकड़ की जमीन के खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता की इकलौती बेटी सरस्वती दास गुप्ता थीं, उनके पति मंजेश्वर लक्ष्मण राव थे। दोनों की दो संतानें बीएम मुकंद राव और मालती करनाड हुई। बीएम मुकुंद राव की कोई संतान नहीं थी,जबकि मालती का एक बेटा जयंत करनाड हुआ, मालती की मृत्यु के बाद जयंत करनाड जमीन के असली वारिस घोषित किये गये थे।

**क्या है रिपोर्ट में :** कमिश्नर की रिपोर्ट में बताया गया है कि 1967 - 2017 तक विभिन्न न्यायालयों में खतियानी रैयत के वंशजों को ही मालिक स्वीकार किया गया। लेकिन बाद में प्रदीप बागची के दादा प्रफुल्ल बागची के नाम पर फर्जी कागजात रजिस्ट्रेशन आफ एश्योरेंस के यहां से बनवाकर जमीन की रजिस्ट्री जगतबंधु टी इस्टेट को कर दी। जयंत करनाड ने भी साल 2019 में जमीन की रजिस्ट्री 13 लोगों को की थी, तब उनके दाखिल खारिज को बड़गाईं अंचल ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि जमीन पर उनका कब्जा नहीं है, जबकि प्रदीप बागची ने 2021 में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से पोजिशन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, बिजली बिल देकर रांची नगर निगम से होल्डिंग करा लिया था और उसी के आधार पर जमीन घोटाले की नींव रखी गयी।

SWARNREKHA COLLEGE OF NURSING
(Affiliated to JNRC)

| Course | Qualification | Duration |
|---|---|---|
| ANM | 10+2 (any Stream) | 2 Yrs. |
| GNM | 10+2 (any Stream) | 3 Yrs. |

SWARNREKHA COLLEGE OF PHARMACY
Recognised By : Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
Affiliated to : Jharkhand State Pharmacy Council

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| D.Pharm | 10+2 (PCB / PCM) | 2 Years |

City Office
SITE, Rishabh Tower, Line Tank Road, Ranchi-1
Campus
Bariatu, Booty Road, Ranchi
Contact : 8210772409, 7004418497

## झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल लॉन्च, उपलब्ध होगी मुकदमों की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट परिसर के महाधिवक्ता कार्यालय लाईब्रेरी में बुधवार को झारखंड ऊर्जा विकास निगम का विधि पोर्टल लॉन्च किया गया। इसका शुभारंभ महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार ने किया। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने उर्जा विकास निगम के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से याचिकाकर्ता अपने केस स्टेटस को देख सकते हैं। साथ ही सरलता से मामलों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

बता दें पोर्टल विधि विभाग की ओर से संचालित किया जायेगा। इस दौरान उर्जा सचिव अविनाश कुमार के अलावे सचिन कुमार, जयंत टोपनो, ओम प्रकाश तिवारी, मनीष कुमार, मनोज कुमार, धीरज कुमार समेत ऊर्जा विकास निगम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार और तेजेस्वी यादव पहुंचे रांची, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विपक्षी एकता को मजबूत करने के अपने अभियान के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव बुधवार शाम को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव का स्वागत किया। मौके पर जनता दल यूनाइटेड के सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे। ज्ञात हो कि नीतीश कुमार 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

**बीजेपी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट कर रहे सीएम नीतीश कुमार** : नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, ओड़िशा के सीएम नवीन पटनायक, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वामपंथी नेताओं से भी मुलाकात कर चुके हैं। नीतीश कुमार का 11 मई को एनसीपी चीफ शरद पवार से भी मिलने का कार्यक्रम है।

## सीएम ने झारखंड मेडिको सिटी को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

# रिनपास की लगभग 76 एकड़ जमीन पर बनेगा मेडिको सिटी

**कॉमन यूटिलिटी सर्विस तैयार करने में आधुनिक तकनीक इस्तेमाल करने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मेडिको सिटी, रांची की स्थापना को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर उन्होंने झारखंड मेडिको सिटी की कंसल्टेंसी एजेंसी अर्नेस्ट एंड यंग के प्रेजेंटेशन को देखा और कई अहम निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रिनपास, रांची की जमीन पर पीपीपी मॉडल पर झारखंड मेडिको सिटी का स्थापना प्रस्तावित है। ऐसे में जमीन का उचित इस्तेमाल हो। निवेशकों को उनकी जरूरत के हिसाब से अस्पताल निर्माण के लिए जमीन दी जाए, इसका विशेष तौर पर ख्याल रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी परिसर में कॉमन यूटिलिटी सर्विस, बिजली, पेयजल, सड़क, ड्रेनेज और सीवरेज, स्ट्रीट लाइट्स, बायो मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए आधुनिकतम तकनीकों इस्तेमाल किया जाये ताकि देश दुनिया के सामने इसे एक मॉडल मेडिकल हब के रूप में रख सकें।

### मेडिको सिटी में सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सर्विस की व्यवस्था हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में पीपीपी मॉडल पर कई सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए अलग-अलग एंबुलेंस सेवा होने से यहां की व्यवस्था संभालने वालों के साथ मरीजों को भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी अस्पतालों के लिए सेंट्रलाइज्ड एंबुलेंस सेवा का सेटअप तैयार करें ताकि, मरीजों को आवश्यकतानुसार एंबुलेंस से लाकर संबंधित अस्पताल में एडमिट किया जा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड मेडिको सिटी में अस्पताल समेत अन्य चिकित्सीय संस्थान स्थापित करने में कई निवेशकों ने इच्छा जताई है। यह झारखंड के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए बेहतर कदम है। यहां खुलने वाले सभी अस्पताल और चिकित्सीय संस्थान होने वाले अस्पताल बेहतर तरीके से संचालित हों।

झारखंड मेडिको सिटी में 10 से ज्यादा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाए जायेंगे। यहां स्थापित होने वाले सभी अस्पतालों में लगभग 5000 बेड की व्यवस्था होगी। झारखंड मेडिको सिटी में 7500 से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष और 22,500 से अधिक लोगों की अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यहां इमरजेंसी में मरीजों को एयर लिफ्ट करने के लिए हेलीपैड की भी व्यवस्था होगी। इस बैठक में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, जितेंद्र कुमार सिंह, एनएचएम के मिशन डायरेक्टर भुवनेश प्रताप सिंह, रिनपास की निदेशक डॉ जयन्ती सिमलाय, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं वीरेंद्र प्रसाद सिंह और अर्नेस्ट एंड यंग कंसल्टेंसी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### टीपीसी नक्सली भीखन गंझू को मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को हार्डकोर नक्सली भीखन गंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस सुभाष चांद की अदलात ने राज्य सरकार और प्रार्थी की दलीलें सुनी। इसके बाद कोर्ट ने भीखन गंझू को जमानत दे दी। देश विरोधी गतिविधि और प्रतिबंधित हथियार रखने से जुड़े मामले में भीखन गंझू को कोर्ट से बेल मिली है। भीखन गंझू के खिलाफ हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज है। बता दें कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गंझू को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है। पिपरवार के अशोका, टंडवा के मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी भीखन गंझू आरोपी है।

### डीएमओ के शपथ पत्र पर जवाब दें प्रार्थी : हाईकोर्ट

**भुरकुंडा में प्रदूषण**

**रांची।** रामगढ़ के भुरकुंडा में कोयला एवं लौह अयस्क ट्रांसपोर्टेशन एवं अवैध माइनिंग से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर संतोष पाठक की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में जिला खनन पदाधिकारी -डीएमओ की ओर से जवाब दाखिल कर प्रदूषण की रोकथाम को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। इसका प्रार्थी ने विरोध करते हुए कहा कि सरकार की ओर से कोयला एवं लौह अयस्क के परिवहन से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ठोस कदम नहीं उठा जा रहे हैं। इस पर कोर्ट ने डीएमओ के जवाब पर प्रार्थी को अपना प्रत्युत्तर देने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 12 जुलाई को होगी।

### आरजेडी की बैठक कल, संविधान पर होगी चर्चा

**रांची।** बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निर्देश पर झारखंड राजद के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश राजद द्वारा 12 मई शुक्रवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गयी है। आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कार्यकताओं व सभी बड़े नेताओं को कार्यालय में मौजूद रहने का निर्देश दिया है। बैठक को लेकर आरजेडी प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के निर्देश पर शुक्रवार को बैठक आयोजित की जायेगी। जिसका मुख्य उद्देश्य डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर परिचर्चा करना है।

### गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में सफल होंगे नीतीश कुमार : खीरु महतो

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात को अहम मानते हुए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने कहा है कि इससे गैरभाजपा दलों को एकजुट करने में मदद मिलेगी। नीतीश कुमार भाजपा के कुशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे। जिसमें नीतीश कुमार की जीत पक्की है। मालूम हो कि मिशन 2024 को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों गैर भाजपा दलों को एकजुट करने में जुटे हैं। इसी के तहत नीतीश कुमार बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने पहुंचे। नीतीश कुमार के इस दौरे को राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम माना जा रहा है। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने के दौरान पटना में अगले महीने होने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा करेंगे। पटना में गैर भाजपा दलों के नेताओं का महाजुटान 17 या 18 जून को संभावित है, जिसमें 2024 की चुनावी रणनीति पर चर्चा होगी।

### सिक्किम के दौर पर विधानसभा की समिति

**रांची।** झारखंड विधानसभा की युवा कल्याण संस्कृति एवम पर्यटन विकास समिति राज्य के बाहर स्थल यात्रा पर है। बुधवार को समिति ने सिक्किम विधान सभा में विधानसभा के सचिव ललित कुमार गुरूडू के साथ बैठक कर वहां के विधायी प्रक्रिया एवं अन्य विषयों पर विस्तृत चचायें की। इसमें विधायक अनंत ओझा, डॉ लंबोदर महतो आदि शामिल थे।

### अगले चार दिनों तक गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, गोड्डा में तापमान पहुंचा 43 डिग्री

**रांची।** रांची समेत सभी जिलों में तापमान वृद्धि दर्ज की जा रही है। राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान इन दिनों 40 डिग्री सेलसियस या उससे पार हो चुका है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले चार दिनों के दौरान तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। तापमान अधिक होने के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होगा लेकिन इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद या शाम में बादल छाये रहेंगे। जिससे लोगों को धूप से राहत मिलेगी। लेकिन इससे तापमान में कोई असर नहीं देखा जायेगा। विभाग ने 14 मई तक ऐसे ही मौसम की बात कहीं है। विभाग की मानें तो 15 मई के बाद तापमान में कमी के साथ बारिश की भी संभावना है।

**गढ़वा पलामू चतरा में तापमान 42 डिग्री** : तापमान की बात करें तो राज्य के अधिकांश जिलों में तामपान में अधिकता महसूस की जा रही है। जहां 16 जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गोड्डा में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, गढ़वा, पलामू, पाकुड़ में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस, गिरीडीह, बोकारो, साहेबगंज, सिमडेगा में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि पिछले 24 घंटे में राज्य के जगन्नाथपुर, गोइलकेरा, सिमडेगा और चक्रधरपुर के कुछ हिस्सों में आंशिक बारिश हुई है।

## 15 मई से 10 जून तक प्रदेश भाजपा चलायेगी आजीवन सहयोग निधि अभियान : दीपक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि 15 मई से 10 जून तक प्रदेश भाजपा आजीवन सहयोग निधि अभियान चलायेगी। श्री प्रकाश बुधवार को प्रदेश स्तरीय आजीवन सहयोग निधि अभियान की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने नीतियों सिद्धांतों के साथ अपनी कार्यपद्धति के बल बूते ही पार्टी विथ डिफरेंस बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता पार्टी की पंच निष्ठाओं के प्रति जितने समर्पित हैं उतना ही सचेत आर्थिक शुचिता केलिये भी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि 11फरवरी को समर्पण दिवस के रूप मनाते हुए यथाशक्ति राशि समर्पित करते है। साथ ही समाज से आग्रह कर समर्पण करवाते भी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी समर्पण दिवस के अलावा धन संग्रह केलिये आजीवन सहयोग निधि अभियान भी चलाती है।

बैठक में नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एव अभियान टोली के प्रदेश संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश टोली के सदस्य संजीव अग्रवाल, संजीव विजय वर्गीय, विनोद सिंह, गणेश तिवारी उपस्थित थे।

प्रदेश टोली के संयोजक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि अभियान के सफल संचालन केलिए प्रदेश एवं जिला स्तर की टोली बनाई गई है। उन्होंने कहा सहयोग राशि दबाव से नही आग्रह पूर्वक प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सहयोग राशि समर्पण में पार्टी के प्रदेश से बूथ सभी स्तर के नेता कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपेक्षा है।




### सत्ता के लिए भ्रष्टाचार का समर्थन कर रहे नीतीश : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रांची आगमन पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्ता लोलुपता ने नीतीश कुमार को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के आगे घुटने टेकने को मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि जेपी एलोहिया के अनुयायी कहलाने वालों ने पहले बिहार में चारा घोटाला, रेलवे नौकरी घोटाला में संलिप्त लालू प्रसाद के परिवार से हाथ मिलाया और अब झारखंड में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हेमंत सोरेन से हाथ मिलाने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती पर नीतीश कुमार से राज्य की जनता जानना चाहती है कि राज्य संपोषित भ्रष्टाचार पर उनकी क्या सोच है। जमीन की मची लूट पर उनका क्या विचार है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों को बार-बार ठगे जाने पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है। पिछड़ों के ट्रिपल टेस्ट के बिना हुए पंचायत चुनाव और स्थगित निकाय चुनाव के बारे में उनकी क्या राय है। कहा कि नीतीश जी झारखंड की नियोजन नीति पर राज्य के युवाओं को छले जाने पर भी अपनी राय अवश्य दें।

## नीतीश संग हेमंत भी बन रहे विपक्षी एकता की धुरी

**मिशन 2024 को लेकर झारखंड में भी गैर भाजपाई गठबंधन की नींव हो रही मजबूत**

उदय चौहान

**रांची।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार का राजधानी रांची में महागठबंधन सरकार की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जाना साफ करता है कि विपक्षी एकता के कारवां को सीएम हेमंत सोरेन मजबूती से आगे बढ़ाना चाहते हैं। दोनों नेताओं ने कांके रोड स्थित सीएम आवास पर बैठक कर विपक्ष की एका का मंत्र दोहराया। जानकार बताते हैं कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के रास्ते ही विपक्षी एकता की धुरी मिलेगी। मिशन 2024 के अभियान को झारखंड की महागठबंधन सरकार बड़ी उम्मीदों के साथ आगे बढ़ा रही है। गैर भाजपा शासित राज्यों में विपक्षी एकता को मजबूती देने में हेमंत सोरेन की भूमिका एकबारगी महत्वपूर्ण हो गयी है।

**झारखंड में हेमंत के नेतृत्व में चल रही गैर भाजपा सरकार** : सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में गैर भाजपा सरकार चल रही है। इस गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस और राजद शामिल है। इसलिए राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बीजेपी के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि जिस तरह से जदयू और उसके कार्यकर्ता बार बार नीतीश कुमार को विपक्ष का फेस साबित कर रहे हैं। उसे हेमंत मानेंगे या नहीं, इस पर बात साफ नहीं है।





### भाजपा-आजसू गठबंधन को तगड़ा झटका

झारखंड में कुर्मी मतों पर नजर महागठबंधन सरकार का है। हालांकि, फिलवक्त कुर्मी वोटरों पर सबसे ज्यादा प्रभाव आजसू पार्टी का माना जा रहा है। बिहार में नीतीश कुमार का कुर्मी मतों पर एकाधिकार है। ऐसे में वो झारखंड में कुर्मी वोटरों को अपने पाले में खिंचने में कामयाब हो सकते हैं। विपक्षी एकता की मुहिम में लगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की झारखंड में दिलचस्पी के राजनीतिक मायने-मतलब है। झामुमो अगर उन्हें हाथोंहाथ ले रहा है तो इसकी वजह यही है। झारखंड में भी कुर्मी वोटों पर झामुमो की नजर है। इससे पहले हुये लोकसभा चुनाव में भाजपा-आजसू दल साथ थे तो मिलकर 14 में से 12 सीटों पर कब्जा जमाया। आजसू पार्टी के खाते में भी एक लोकसभा सीट गिरिडीह आई। छह से ज्यादा लोकसभा सीटों पर कुर्मी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। भाजपा को इसका अहसास हुआ तो आजसू पार्टी को फिर से साथ लेने की प्रक्रिया आरंभ हुई। अभी दोनों दलों के बीच बेहतर तालमेल है। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार के साथ मिलकर भाजपा को तगड़ा झटका देने का प्लान तैयार किया है। दोतरफा ताकत लगने पर भाजपा-आजसू गठबंधन को झटका लग सकता है।


**जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रॉंची**

**राष्ट्रीय तकनीकी सप्ताह समारोह (दिनांक 09 मई 2023 से 13 मई 2023)**

1. 25 वर्ष न्यूकिलर सफल परीक्षण के उपरांत देश राष्ट्रीय तकनीकी सप्ताह समारोह का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर दिनांक 09 मई 2023 को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, रॉंची द्वारा एलिजाबेथ हाई स्कूल, रॉंची में कार्यक्रम तय किया गया।
2. समारोह में कर्नल एस0पी0 गुप्ता (अ0प्रा0), सहायक निदेशक, सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखंड, रॉंची एवं कर्मचारीगण तथा वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों एवं विद्यालय के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।
3. निम्न विषयों पर विचार प्रकट किया गया:-
   (क) पेंशन संबंधित समस्याएं।
   (ख) वीर नारियों, विधवाओं तथा अनाथ बच्चों से संबंधित समस्याएं।
   (ग) पारिवारिक एवं जमीन संबंधी समस्याएं।
   (घ) भूतपूर्व सैनिक, विधवाएं एवं आश्रितों के कल्याण हेतु विचार भी पूछा गया।
4. समारोह स्थल में साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया।

जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी
रॉंची

PR 296962 Home(23-24)#D



**कार्यालयः-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. - 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ................/ दिनांक ................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 17.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर गुआम पी0एफ0 से 06 पीस साल बोटा को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,-सह
-वन प्रमंडल पदाधिकारी,

PR 297030 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D :-वन है,तो जीवन है-: गुमला वन प्रमंडल



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो, हजारीबाग**

**ई0 प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

ई0 निविदा सूचना संख्या: WRD/MDBANASO/ 02/2023 -24 दिनांक 08.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | दुलकी जलाशय योजना के एक अदद सर्विस गेट, एक अदद इमरजेन्सी गेट, इम्बेडेड पार्टस, उत्तोलन प्रणाली एवं ट्रेस रैक इत्यादि के निर्माण, आपूर्ति एवं अधिष्ठापन के साथ तीन वर्षों तक मरम्मति एवं रख-रखाव का कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रू0 33.57301 लाख। |
| 3. | अग्रधन की राशि | रू0 0.68 लाख। |
| 4. | कार्य समाप्ति की अवधि | 365 दिन |
| 5. | बिड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.05.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.05.2023 को 04:00 बजे। |
| 8. | परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 27.05.2023 को अपराह्न 04:00 बजे तक। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9470355027 |
| 9. | ई प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06512491232 |

नोट:- 1. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. केवल ई0 निविदा ही स्वीकार्य किये जायेंगे।
3. निविदा बिना कारण बताए कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

(सुबोध कुमार) कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)

PR 296920 Water Resource (23-24)_D



**कार्यलिय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रॉंची**
**शिक्षा विभाग परिसर, पो0-कोर्ट कम्पाउण्ड, रॉंची-834001,**
फोन-2215544, ईमेल न0-rmsaranchi0651@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉंची के विभिन्न पत्रों के माध्यम से प्राप्त **माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Cont. Case No-612/2022 में दिनांक-15.12.2022 को पारित अंतिम न्यायादेश की कंडिका-4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉंची से प्राप्त अनुशंसा के क्रम में विज्ञापन संख्या-21/2016** के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की अनुशंसा में से रॉंची जिले के लिए चयनित निम्नांकित विषय अनुसार कुल-85 + 3 = 88 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा के साथ सूची उपलब्ध करायी गयी है। जिनकी काउंसेलिंग हेतु दिनांक-13.05.2023 (शनिवार) को निम्नांकित विवरणी अनुसार समय-10 बजे पूर्वाह्न से निर्धारित की जाती है।

| क्र0 | नियुक्ति का विषय | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | 17 |
| 2 | गणित/भौतिकी | 14 |
| 3 | जीव विज्ञान/रसायन | 13 |
| 4 | भूगोल | 15 |
| 5 | संस्कृत | 7 + 2 = 9 |
| 6 | इतिहास/नागरिक | 2 |
| 7 | गृह विज्ञान | 9 |
| 8 | कुरमाली | 1 |
| 9 | संगीत | 4 |
| 10 | पंचपरगनिया | 1 |
| | कुल- | 85 |

विज्ञप्ति संख्या-PR 296294 HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (23-24)#D दिनांक-03.05.2023 को प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में उक्त निर्धारित तिथि-06.05.2023 को अनुपस्थित अभ्यर्थियों को पुनः एक मौका देते हुए उपरोक्त निर्धारित तिथि-13.05.2023 को इस विज्ञप्ति के अभ्यर्थियों के साथ उपस्थित होने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार निर्धारित की जाती है।

| क्र0 | नियुक्ति का विषय | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मुण्डारी | 1 |
| 2 | इतिहास/नागरिक | 2 |
| | कुल- | 3 |

1. प्रवेश पत्र-झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग रॉंची के विज्ञापन संख्या-21/2016
2. शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति, प्रवेश पत्र सहित स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति-02 प्रति में
3. प्रशिक्षण प्राप्त संस्थान की मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
4. जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति-02 प्रति में
5. पासपोर्ट साईज फोटो-04
6. निःशक्ता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति-02 प्रति में।
7. आधार/पैन/मतदाता पहचान पत्र एवं छायाप्रति-02 प्रति में।

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पत्र में अंकित विवरण अनुसार शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ (02-फोल्डरों में) जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय रॉंची परिसर मे स्थित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र (बी0आर0सी0) में काउंसेलिंग हेतु उपरोक्त निर्धारित तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
रॉंची

PR 297050 Human Resource Developement(23-24).D



**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. - 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ................/ दिनांक ................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.04.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम-पतुरा अम्बाटोली के पास से 12 पीस गम्हार बोटा, 02 पीस सागवान बोटा एवं 01 महिन्द्रा ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0-अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर विद्यासागर भगत, वनरक्षी के अभिरक्षा मे सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 16.05.2023 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.297026 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रॉंची**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0- 03/2023-24**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वर्ष 2023-24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना अंतर्गत रॉंची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को मत्स्य बीज की निकासी एवं बिक्री हेतु फिश फ्राई कैचिंग जाल वितरण किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :-जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रॉंची।
2. अग्रधन राशि :- 25,000/- (पच्चीस हजार) रू0 (क0 1 में वर्णित नाम से रॉंची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :-जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा, रॉंची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 20.05.2023 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थान:- क0 3 में यथा वर्णित।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :- 20.05.2023 को 03:15 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा/प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, रॉंची।

PR.NO.296938 Fish(23-24):D

स्पीड न्यूज

## मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी और जेसीआई पहचान का संयुक्त समर कैंप



**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी और जेसीआई जमशेदपुर पहचान के द्वारा 11 मई, 2023 को गोलमुरी स्थित गोल्डन लीफ में 4–17 आयु वर्ग के बच्चों के लिए अपने समर कैंप ₹समर फंक₹ का आयोजन करेगा। आयोजन में बच्चे मनोरंजक गतिविधियों से भरपूर खेलों में भाग लेकर रोमांचक पुरस्कार जीत सकते हैं। समर फंक प्रोग्राम के प्रमुख आकर्षण एक डीजे और पूल पार्टी, मूव एंड ग्रूव, बैलून ब्लास्टर्स, क्यूब क्रेज, स्केटडाउन, चैंप्स फीट और मिनिएचर गार्डनिंग इत्यादि होंगे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए लंच और रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था होगी। यह आयोजन बच्चों के लिए सामाजिककरण, नए कौशल सीखने और मजे करने का एक शानदार अवसर होगा। समर फंक बच्चों और माता–पिता के लिए समान रूप से एक अविस्मरणीय कार्यक्रम होगा।

## इंटरनेशनल हिजाज अकेडमी भवन का हुआ शिलान्यास

**जमशेदपुर।** कपाली कमारगोड़ा में इंटरनेशनल हिजाज अकादमी भवन का शिलान्यास किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, विशिष्ट अतिथि मौलाना गुलाम रसूल बलयावी, हिदायतुल्लाह खान, विधायक सविता महतो के द्वारा अकादमी भवन का शिलान्यास किया गया। मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि अपने स्व पिता की तरह मैं भी राज्य के मदरसा व कब्रिस्तान के विकास हेतु हर संभव प्रयास करूंगा।

## ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स ने की पहल

**चांडिल।** चांडिल बाजार में हर रोज लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने को लेकर चांडिल के श्री श्याम सेवा समिति के नवीन पसारी ने सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस दिशा में पहल करने का मांग किया था। इस संबंध में चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मोनका ने सरायकेला के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए चांडिल बाजार एवं बस स्टैंड के पास ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करने का मांग किया है।

# गेस्ट हाऊस में चल रहा था सेक्स रैकेट, दस गिरफ्तार

### छह युवती और 4 युवक मौके से पकडे गये





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** काशीडीह रोड नंबर 7 स्थित कांति गेस्ट हाउस में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। उपायुक्त विजया जाधव के इनपुट पर एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी की गई, इस कार्रवाई में कार्यपालक दण्डाधिकारी संतोष कुमार, सुमित कुमार, निशा कुमारी तथा साकची थाना के पुलिस बल शामिल थे। मौके पर पकडे गए 6 युवतियों और 4 युवकों को साकची थाना भेजा गया है। पकड़े गए अधिकांश युवा बालिग हैं। वही पकडे गए एक दो लोगों का आईडी कार्ड बरामद नहीं हुआ, जिसके लिए उनके अभिभावकों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मौके से भारी मात्रा में शराब की बोतलें भी बरामद हुई है। अबतक के जांच में यह स्पष्ट हुआ कि कुछ विजिटर्स को बिना आईडी प्रूफ लिए ही गेस्ट हाउस में ठहराया गया था। उपायुक्त ने इस मामले में कहा कि गेस्ट हाउस के पास रहने वाले कुछ स्थानीय लोगों ने सेक्स रैकेट चलाये जाने की लगातार शिकायत की जा रही थी, इनपुट मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीओ के नेतृत्व में टीम भेजा गया, टीम ने रेड डालते हुए लोगों को पकड़ा है। उनसे पत्नी को कस्टडी में लिया गया है। मामले में दोषियों को चिन्हित करते हुए इस रैकेट में शामिल सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

एसडीओ ने जिले के सभी होटल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना वैध आईडी प्रूफ के किसी भी विजिटर को ठहरने नहीं दें। जांच के क्रम में ऐसा पाया गया तो दोषियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की नयी टीम ने संभाला कार्यभार

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी सुरभि शाखा की ओर से सत्र 2023-24 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन मंगलवार यश्वी इंटरनेशनल में किया गया। वही वर्ष 2022-23 में बेहतरीन कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। निर्वाचित अध्यक्ष निशा सिंघल ने सचिव कविता अग्रवाल और अपनी टीम के साथ नए सत्र में कार्य निर्वाह के लिए शपथ ली। इस दौरान नई योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। समारोह का सफल संचालन कविता अग्रवाल ने किया। इस दौरान बतौर अतिथि मंच पर समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी, ओमप्रकाश रिंगसिया, राजकुमार चंदूका, मुकेश मित्तल, अरूण गुप्ता आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने विगत वर्ष हुए शाखा के कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही जन एवं समाज हित में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## सरकार संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर निदेशक डीआरडीए सौरव सिन्हा व डीपीआरओ डॉ रजनीकांत मिश्रा ने टीम के साथ बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों के योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, राजस्व, मनरेगा, अमृत सरोवर, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, आदर्श ग्राम योजना, जेएसएलपीएस, खनन, कृषि, उधान,पशुपालन, गव्य, मत्सय, भूमि संरक्षण, पेयजल स्वच्छता, विद्युत, बैंकिंग, स्वास्थ्य, शिक्षा, 15वीं आयोग व आंकाक्षी जिला कार्यक्रम द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने एक एक पंचायत का क्रमवार पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य से समीक्षा किया गया। पदाधिकारियों ने समीक्षा के अंत में पाया कि कुछ योजनाओं में काम की गति धीमी है। इसे तेज करते हुए समयावधि में पुरा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बीडीओ निखिल कच्छप, सीओ इम्तियाज अहमद, सीडीपीओ विभा सिन्हा, पशु पालन सह आपूर्ति पदाधिकारी डा. अशोक कुमार, सहायक अभियंता अरविंद हेंब्रम सहित 34 पंचायतों के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## न्युवोको विस्टास का वित्त वर्ष में बिक्री और लाभ बढ़ा, शुद्ध कर्ज घटा




**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक अग्रणी निर्माण सामग्री कंपनी ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही में 201.06 करोड़ रुपये का कर उपरांत लाभ (पीएटी) दर्ज किया है। कंपनी ने अपने घोषित वित्तीय परिणामों में बताया है कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 29.11 करोड़ रुपये का पीएटी दर्ज किया था। कंपनी की आखिरी तिमाही में नेट कंसोलिडेटेड आय 2,930.96 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 2,940.26 करोड़ रुपये से 0.32 प्रतिशत कम थी। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए परिचालन से कंसोलिडेटेड राजस्व वर्ष दर वर्ष 14 प्रतिशत बढ़कर 10,586 रुपये हो गया। कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री की मात्रा वित्त वर्ष 23 में वर्ष दर वर्ष आधार पर 5 प्रतिशत बढ़कर 18.8 मिलियन टन हो गई।

## ईचागढ़ प्रमुख के घर पहुंची विधायक सविता महतो



**चांडिल।** ईंचागढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क दुघर्टना में ईचागढ़ प्रखंड के प्रमुख गुरुपद मार्डी के पिता फुलचांद मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को विधायक सविता महतो प्रमुख गुरुपद मार्डी के घर पहुंची. उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया एवं दुर्घटना के संबंध में जानकारी ली। प्रमुख गुरुपद मार्डी ने विधायक को जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक उक्त वाहन को जब्त नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने विधायक से सड़क पर ब्रेकर बनवाने की मांग की। विधायक ने तत्काल इस संबंध में विभाग को सड़क का सर्वे कर घटना संभावित जगहों पर ब्रेकर बनवाने की बात कही। मौके पर विधायक के आप्त सचिव काबलु माहतो उपस्थित थे।

# श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर, बच्चों ने सीखे कई तरह के गुर





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का तीसरा दिन बच्चों के लिए बड़ा ही रोमांचक और कौतुहल भरा रहा। शिविर के प्रथम सत्र में कक्षा प्रथम से चतुर्थ वर्ग के छात्र-छात्राओं को आइसक्रीम की स्टिक से तरह - तरह की डिजाइन बनाना, सुंदर और आकर्षक कार्ड बनाने के गुर सिखाए गए। वही पंचम कक्षा से अष्टम कक्षा के छात्रों के लिए आभूषण बनाना एवं पत्थर पर चित्रकारी करना सिखाया गया। द्वितीय सत्र में प्रथम वर्ग के छात्रों को कठपुतली बनाना एवं कथा वाचन के गुर सिखाए गए। द्वितीय वर्ग के छात्र छात्राओं को क्रियात्मक युवा लेखन के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं लेखन की शैली एवं विधि को सिखाया गया। पूरा दिन बच्चों के लिए मौज मस्ती भरा रहा। प्रधानाचार्य ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रयास को खूब लिखा सराहा एवं शिविर में उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं का हौंसला अफजाई की।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने बायोमेट्रिक हाजिरी व विभागीय कार्य करवाने का किया विरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय एवं निदेर्शानुसार 10 मई 2023 को निजी मोबाइल से बायोमेट्रिक हाजिरी एवं अन्य विभागीय कार्य करवाने का विरोध किया. बायोमेट्रिक हाजिरी तथा अन्य विभागीय कार्य हेतु टैब सहित आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने सहित निजी मोबाईल से बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने की बाध्यता पर रोक लगाने के सम्बन्ध में संघ के सभी प्रखंड कमेटियों द्वारा अपने अपने प्रखंड के बीआरसी में प्रदर्शन के साथ ही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसके कारण शिक्षक निजी मोबाइल से बायोमेट्रिक हाजिरी तथा अन्य विभागीय कार्य करने हेतु बाध्य हैं।अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी आह्वान पर सभी प्रखंडों में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन में बहरागोड़ा से रवींद्रनाथ बेरा, तापस करण, मंजर आलम, इमोन दासगुप्ता, विक्टर, हरिओम मुंडा, स्नेहाशीष भोल, सुजीत प्रधान, गुड़ाबांधा से अजीत कुमार महतो, नव कुमार गिरी, सुधांशु शेखर बेरा, धनंजय मुंडा, चाकुलिया से मनिंद्र नाथ टूडू, सुनील कुमार सिंह, माधव चंद्र मुर्मू, शुभेंदु महतो, भवतेश महतो, कमल महतो, कृष्णापद महतो, संजीव कुमार घोष, सुनील कुमार बेरा, घाटशिला से रंजीत कुमार घोष, गोपीनाथ हांसदा, माझी मंगल हंसदा, साजिद अहमद, सुनील गोराई, उत्पल चक्रवर्ती, रवींद्रनाथ बारिक, अरुण कुमार मानकी, नवदीप कर्ण, मुसाबनी से राजकुमार रोशन, बासेत मार्डी, सुलेमान, विवेकानंद दास, सुबोध पोलाई, सुजीत करण, डुमरिया से बसंत कुमार लाल, अरुण कुमार चांद, मनोरंजन चटर्जी, धालभूमगढ़ से बुढ़ान चंद्र मुर्मू, परीक्षित महतो, संजीव कुमार बारी, रविंद्र नाथ सिंह, दीपांकर मंडल एवं शहीद संघ के सैकड़ों सदस्य शामिल थे।

## कुलपति को विहंगम योग नें भेंट किया 'स्वर्वेद'

**जमशेदपुर।** विहंगम योग कोल्हान प्रमंडल की तरफ से युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा, जिला युवा प्रमुख कुमार अविनाश एवम उपदेष्टा कुसुम मिश्रा ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 डॉ0 अंजिला गुप्ता जी से मुलाकात की जिसमें वर्तमान संदर्भ में सामाजिक जीवन पर अध्यात्म, मेडिटेशन(ध्यान) एवम योग से होने वाले सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा हुई। विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा ने कुलपति जी को विश्व की अद्वितीय आध्यात्मिक सद्ग्रंथ ₹स्वर्वेद₹ देते हुए बताया कि 'स्वर्वेद' अध्यात्म की ऊंचाई है एवम साधना की गहराई है। चारों वेदों का सार, सबका मूल ₹स्वर्वेद₹ में हैं, सभी आध्यात्मिक ज्ञान की कुंजी है 'स्वर्वेद'। ब्रम्हविद्या कि किरणें जन-जन तक पहुँचे, इसलिए तो सद्गुरु का 'स्वर्वेद' है।



## स्पीड न्यूज

### बंगला पुस्तकालय में रविंद्र जयंती मना



**मेदिनीनगर।** शहर थाना के सामने स्थित बंगला पुस्तकालय में मंगलवार की देर शाम रविंद्र जयंती मनाया गया। इस अवसर पर बंगाली समिति, बंगीय दुर्गा बाड़ी, सेसा, नृत्यांगन तथा मासूम आर्ट ग्रुप के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कविगुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। मौके पर बंगीय दुर्गा बाड़ी संचालन समिति के सचिव दिवेंदु गुप्ता ने कहा की विश्वकवि कहे जाने वाले रविंद्र नाथ टैगोर भारत के अभिमान है, हमे उनपर नाज है। कवि नजरूल इस्लाम जयंती के मौके पर एकसाथ रविंद्र नजरूल जयंती मनाया जायेगा। इस अवसर पर बंगाली समिति के सह सचिव व रंगकर्मी गौतम घोष ने रंगमंच में रविंद्र नाथ टैगोर के योगदान पर प्रकाश डाला। सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने भारतीय साहित्य में रविंद्रनाथ टैगोर के अमिट छाप पर चर्चा किया। नृत्यांगन संस्था की नृत्य निर्देशिका तमन्ना मल्लिक ने रविंद्र नाथ टैगोर के नृत्य नाटिका के स्वरूप व उनके नृत्य के प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मासूम आर्ट ग्रुप के ओर से अमर कुमार भांजा व आकर्ष प्रताप ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सौभिक दत्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, शिवनाथ चटर्जी, शैबाल बोराल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी ने किया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** जिले के एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई धीरेंद्र सिंह की उपस्थिति में संघन वाहन चेकिंग अभियान जोर कट मोड़ के पास चलाया गया। मौके पर पुलिस ने टू व्हीलर और फोर व्हीलर को सभी तरह वाहन संबंधित कागजातों की जांच की। इस मौके पर एस आई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि वाहन चालकों से अनुरोध है कि ड्राइवरी लाइसेंस गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और तेज गति से गाड़ी नहीं चलाएं। गार्जियंस 18 साल से कम उम्र वाले बच्चों को बाइक चलाने को नहीं दे। इस मौके पर सदर थाना पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### आईएफडी ऑनलाइन शॉपिंग प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी में पहलवान चौक के समीप बुधवार को आइएफडी ऑनलाइन शॉपिंग प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान का शुभारंभ वार्ड सदस्या सुनीता देवी, भाजयुमो उंटारी रोड अध्यक्ष सह पूर्व उपप्रमुख पारसनाथ चौधरी, वीआईपी के उंटारी रोड अध्यक्ष सुकेंद्र चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता व केक काटकर किया। प्रतिष्ठान के सीनियर मैनेजर विकाश कुमार ने बताया कि कोई भी व्यक्ति घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग कर सकता है। उन्होनें बताया कि ग्राहक को किसी भी समान को ऑर्डर करने पर उसे तीन घंटे के अंदर उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रतिष्ठान के उपप्रबंधक विकाश कुमार चौधरी, सीएसपी संचालक संतोष गुप्ता, राजकुमार चौधरी, शशिकांत कुमार, नीतीश कुमार, अक्षय कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

### सेवा निवृत्त शिक्षक की हुई मौत



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत कोशी क्षेत्र अंतर्गत रूपनारायण गांव निवासी एवं सेवा निवृत्त शिक्षक मृतक राजेन्द्र प्रसाद सिंह 69 वर्ष के ह्रदय गति रुकने से मौत हो गयी। सिंह काफी दिनों से आसाध्य दिल की बीमारी से ग्रस्त थे जिनका ईलाज भेलौर अस्पताल से चल रहा था। सोमवार को वहां से घर आने के क्रम में रास्ते में उनका ह्रदय गति रुक गया जिससे उनकी मौत हो गयी। वे बहुत ही मृदुभाषी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। सिंह अपने पीछे पत्नी अनिता देवी, पुत्र प्रकाश कुमार सिंह, ज्योति कुमारी समेत पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, मुखिया विजय राम, अनुज सिंह समेत उनके शिक्षक साथी व ग्रामीणों ने दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया।

### सीओ ने किया दो हाइवा जब्त



**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर एन एच 98 स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर अंचल पदाधिकारी वासुदेव राय के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बगैर वैद्य कागजात के स्टोन चिप्स लदा हाइवा बीआर 2 सी 8798 तथा स्टोन डस्ट लदा हाइवा बीआर 26 एफ 8804 को जब्त किया गया। उक्त दोनों वाहन बिहार की ओर जा रहे थे। इस संबंध में अंचल पदाधिकारी ने बताया कि बगैर परिवहन चालान के स्टोन चिप्स का परिवहन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच अभियान में थाना के जितेंद्र कुमार तथा पुलिस बल शामिल थे।

### नंदकिशोर और रौशन कुशवाहा महासभा के नगर निगम प्रभारी नियुक्त





**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा पलामू ने नगर निगम चुनाव के लिए नन्दकिशोर मेहता और रौशन कुमार टाइगर को प्रभारी नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष अजित मेहता ने जिम्मेवारी देते हुए कहा कि एक माह के अंदर निगम के 35 वार्ड में कमिटी का निर्माण करे ताकि मजबूती के साथ निगम चुनाव में भागेदारी सुनिश्चित हो सके। कमिटी निर्माण के बाद निगम के लुट का भंडाफोड़ कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### युवा उत्सव का आयोजन 14 मई को

**मेदिनीनगर।** नेहरु युवा केंद्र पलामू के जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने युवा उत्सव के आयोजन से संबंधित जानकारी साझा करते हुए कहा कि आगामी 14 मई को जनता शिवरात्री महाविद्यालय परिसर में युवा उत्सव का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम शामिल होंगे। युवा उत्सव अंतर्गत 5 प्रतियोगिताओं 'भाषण, पेंटिंग, कविता लेखन, फोटोग्राफी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। युवा उत्सव अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

### श्रमिक संघ ने किया महाप्रबंधक का स्वागत



**मेदिनीनगर।** विद्युत संचरण जोन चार के महाप्रबंधक के रूप में उमेश प्रसाद सिंह ने योगदान दिया है। महाप्रबंधक के योगदान के बाद झारखंड उर्जा विकास श्रमिक संघ के महामंत्री अमित शुक्ला के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक उमेश प्रसाद सिंह को बुके देकर सम्मानित किया। महाप्रबंधक सिंह ने श्रमिक संघ को आश्वस्त कराया कि उनकी कोई भी समस्या लंबित नहीं रहेगी। इस मौके पर मनीष कुमार शर्मा, मधुकर शुक्ला, प्रिंस सिंह, वीरेंद्र, सब्बु मौजूद थे।

### आरबीआई ने कराया क्विज प्रतियोगिता



**हुसैनाबाद पलामू।** भारतीय रिजर्व बैंक रांची के निर्देश पर राज्य भर शिक्षा की गुणवत्ता स्तर टेस्ट एवं स्कूली बच्चों के उत्साहबर्धन के लिए बुधवार को रिजर्व बैंक टीम द्वारा हुसैनाबाद के बालिका उच्च +2 विद्यालय में प्रखण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर आरबीआई के सहायक प्रबन्धक सोहम कुमार सोम, ग्रामीण बैंक के अभय कुमार, जिला अग्रणी बैंक के अनुकरण तिर्की व एसबीआई हुसैनाबाद के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार उपस्थित थे।

# समाज के अंतिम प्रतिभा को मंच देना ही हमारा ध्येय : डॉ शशिभूषण मेहता

**ऑक्सफोर्ड स्कूल में इंटर स्कूल क्विज कंपटीशन का आयोजन**

*ऑक्सफोर्ड स्कूल हर क्षेत्र में होगा मील का पत्थर साबित : डॉ एके सिंह*







खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कक्षा सात और आठ के लिए इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ एस बी पी मेहता, एकेडमिक डायरेक्टर सिम्मी मेहता, विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह और विशिष्ट अतिथियों के संयुक्त से दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने हेतु क्विज शिक्षक तितास बैनर्जी और सौरभ बेनिवाल मौजूद थे। इसी कड़ी में अंतर विद्यालयीन प्रार्चायों, पत्रकारों, शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का सत्कार हुआ।

विद्यालयीन छात्रों द्वारा स्वागत नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। इस अंतर विद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कार्यक्रम में 12 विद्यालयों के 21 टीमों ने भागीदारी कर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल को आलोकित किया। जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर, हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल डालटनगंज, एमके डी ए वी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज, नेतरहाट आवासीय विद्यालय नेतरहाट, वी पी एम ज्ञान निकेतन स्कूल डाल्टनगंज, एम डी एन जी जी पी एस जमुने, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची, ओरिएंट पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज, आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा, स्वामी विवेकानन्द एलाइट छत्तरपुर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल गढ़वा, बी एस के डी पब्लिक स्कूल गढ़वा, आदि विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों की टीम ने भाग लिये। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने उपस्थित प्रतिभागी व शिक्षक समूह को संबोधित कर कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि छात्रों की प्रतिभा को तराशने व उन्हें प्रगति पथ पर अग्रसित करने में हमारे विद्यालय की सहभागिता गर्व का विषय है। बेहतर शैक्षिक लक्ष्य की प्राप्ति का संकल्प लेकर हमारा विद्यालय गतिशील है। शिक्षा पर सबका समान अधिकार है इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से कोई भी छात्र वंचित न हो। समाज के अंतिम प्रतिभा को मंच देना ही हमारा ध्येय है। प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड के निदेशक के मार्गदर्शन व सकारात्मक सोंच के प्रभाव से ही प्रगतिशील है। जिसके कारण विद्यालय शिक्षा समेत हर क्षेत्र में तराशी हुई मील का पत्थर साबित होगा। सबको शिक्षा, सबको ज्ञान, मिटे हर जगह अंधकार का अभिमान।

### 85 अंक के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की टीम रही विजेता

प्रतिभागियों के लिए लिखित परीक्षा (सामान्य ज्ञान) का आयोजन किया गया। आयोजित लिखित परीक्षा में बारह टीमों का चयन किया गया। उन टीमों को छह-छह के दो समूह में विभाजित किया गया। प्रथम सेमीफाइनल के छः टीमों में से चयनित तीन टीम में एम डी एन जी जी पी एस जमुने, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची एवं एमके डीएवी स्कूल डाल्टनगंज। इसी प्रकार द्वितीय सेमीफाइनल के छः टीमों में से चयनित तीन टीम बीएस के डी पब्लिक स्कूल गढ़वा, एमके डीएवी डालटनगंज एवं स्वामी विवेकानन्द एलाइट छत्तरपुर। फाइनल में जिन टीमों ने स्थान बनाए उनमें एम डी एन जी जी पी एस जमुने, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची, एमके डीएवी स्कूल डालटनगंज, बीएस केडी पब्लिक स्कूल गढ़वा, एमके डीएवी डालटनगंज, स्वामी विवेकानन्द एलाइट छत्तरपुर। फाइनल में 65 अंक प्राप्त कर एमकेडीएवी डालटनगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही, 70 अंक प्राप्त कर बीएस के डी पब्लिक स्कूल गढ़वा की टीम द्वितीय स्थान (उपविजेता) पर रही तथा 85 अंक के साथ ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची की टीम प्रथम स्थान पर (विजेता) रही। मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

# नेताजी में दम है तो बालू का मुद्दा उठायें : प्रथम महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता



**नेताजी को रास नहीं आ रहा पांच रुपया किराया**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को एक प्रेस प्रतिनिधि द्वारा सवाल पूछे जाने पर कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देना मेरी प्राथमिकता है। अगर चैनपुर, सिगरा, शहर से कोई छात्रा या महिला 50 रुपया आना-जाना जो देती थी उसके जगह मात्र 5 रुपया में डीएवी, सेक्रेड हार्ट, एलिट या महिला बीएड कॉलेज जो निगम क्षेत्र से मात्र दो-तीन किलोमीटर दूरी पर है जाना चाहती तो उन सभी छात्राओं एवं महिलाओं को सुविधा देना निगम का फर्ज है। इसी उद्देश्य से निगम का महिला पिंक सिटी बस का परिचालन किया गया है। महिलाओं या छात्राओं को निगम के बॉर्डर या रास्ते पर नहीं उतारा जा सकता। ऐसे भी निगम बस कॉन्ट्रैक्ट से पूरा पैसा अग्रिम ले रहा और 10 से 20 रुपया तक भाड़ा लेने की अनुमति दी है। जबकि मेरे कहने पर कांट्रेक्टर मात्र 5 रुपया किराया लेकर बस का परिचालन छात्राओं एवं कामकाजी महिलाओं के हित में कर रहा जिसके नुकसान की भरपाई मैं निजी रुप से करूंगी। जो लोग इस तरह का मुद्दा उठाते हैं वह कभी महिलाओं का हित नहीं चाहते। बस इस तरह का बेतुका मुद्दा उठाकर चर्चा में बने रहना उनका मकसद है। जहां तक परमिट की बात है सभी बस की परमिट है और सभी कागजात निगम ने दुरुस्त कर कांट्रेक्टर को दिया है। मुझे आश्चर्य है कि 1 साल से बालू नहीं मिल रहा है गरीबों के पीएम आवास कैंसिल हो रहे और अगले माह से ऐसे भी 6 महीना बालू का उठाव रुक जाएगा अगर नेताजी में दम है तो सरकार के खिलाफ बालू पर मोर्चा क्यों नहीं खोलते। उनके साथ मैं खड़ी रहूंगी। प्रथम महापौर ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं के सुविधा में कोई कटौती नहीं होगी उन्हें जहां धरना प्रदर्शन करना है करें।

# कार्यकाल समाप्त, पर पूर्व मेयर का निगम में दखल जारी: दीपक

## नगर आयुक्त बस के ठहराव स्थल और रुट की जानकारी सार्वजनिक करें

**पिंक सिटी बस का संचालन पूर्व मेयर के इशारे पर**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के राज्य समन्वयक दीपक तिवारी ने पिंक सिटी बस के परिचालन में पूर्व मेयर अरुणा शंकर पर मनमाना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

झामुमो नेता तिवारी ने कहा कि श्रीमती शंकर कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी निगम के कार्यों में दखल दे रही हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निगम के निर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद निगम के कार्यों का क्रियान्वयन नगर आयुक्त द्वारा किया जाना है लेकिन ऐसा लगता है कि शंकर सत्ता जाने को पचा नहीं पा रही हैं। तिवारी ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम की जनता से टैक्स के रूप में वसूले गए पैसों से निगम द्वारा चार पिंक सिटी बस खरीदे गए, जिनका दायरा मेदिनीनगर निगम क्षेत्र तक ही है। निगम क्षेत्र की महिलाओं को सुविधा प्रदान करना बस परिचालन का मुख्य उदेश्य था लेकिन नियम विरुद्ध निगम क्षेत्र से बाहर जाकर ज्योति प्रकाश बीएड कॉलेज तक बस को जाने की अनुमति किसके द्वारा दी गयी, यह समझ से परे है। तिवारी ने सवाल उठाते हुए कहा कि अब जब निगम की सभी शक्तियां निगम आयुक्त के अधीन है तो निगम के बस का संचालन पूर्व मेयर के इशारे पर क्यों हो रहा है। निगम क्षेत्र में कई महिला विद्यालय और कॉलेज हैं। निगम प्रशासन पिंक सिटी बस के संचालन की जिम्मेवारी खुद ले। निगम प्रशासन बस के ठहराव स्थल और अंतिम पड़ाव को निर्धारित कर समय सारिणी को सार्वजनिक करे। ऐसा नहीं करने पर दीपक तिवारी ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसायिक बस का बिना निबंधन संचालन कराना गैरकानूनी है और प्रशासन को इस पर भी संज्ञान लेना चाहिए। तिवारी ने बिना कार्य पूरा हुए कोयल रिवर व्यू और गांधी मैदान का उदघाटन करने का भी आरोप पूर्व मेयर पर लगाया। उन्होंने पूर्व मेयर पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने का आरोप लगाते हुए सरकार से उनके कार्यकाल की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। एक सवाल के जवाब में तिवारी ने कहा कि पीएम आवास के लिए जिन्हें भी बालू की दिक्कत हो रही है वे उनसे सीधे सम्पर्क करें। लाभुकों को बालु उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है और सरकार के प्रतिनिधि भी इसके लिए तत्पर हैं। पीएम आवास के लाभुकों को बालू की किल्लत नहीं होने दी जायेगी।

# पिता का अवैध संबंध के कारण पुत्र की हत्या



**हत्या का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार**

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के खूंटी सोत नदी स्थित श्मशान घाट के समीप पत्थर के गुफा से पुलिस ने आठ मई को एक शव को बरामद की थी। जिसकी पहचान रेहला निवासी जिब्राइल अंसारी के पुत्र साजिद अंसारी के रूप में किया गया।इस संबंध में रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मृतक के पिता द्वारा सात मई को आवेदन दिया गया था कि मेरे पुत्र का अपहरण चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर निवासी स्वर्गीय विनोद चौधरी के पुत्र विकास कुमार चौधरी के द्वारा कर लिया गया है। इस पर पुलिस द्वारा अनुसंधान किया गया जो कि आठ मई को 15 वर्षीय साजिद अंसारी का शव पत्थर के गुफा से बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में अनुसंधान के क्रम में शक के आधार पर रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम रक्साहा निवासी कइल चौधरी के पुत्र उपेंद्र चौधरी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। जिसने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मेरा साला विकास चौधरी की पत्नी के साथ मृतक के पिता जिब्राइल अंसारी का अवैध संबंध है। जो पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ था। इसके विरोध में मृतक को अपहरण कर हत्या कर दिया गया और शव को पत्थर के गुफा में छुपा दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पिता के अवैध संबंध के कारण ही हत्या की गई है। दोनों मामले में अनुसंधान किया जाएगा। घटना के उद्भेदन में थाना प्रभारी नेमधारी रजक के अलावा एसआई अलख नाथ चौबे व एएसआई शिवा जी सरदार की अहम भूमिका रही।

# हुसैनाबाद विस क्षेत्र के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा

**विधायक ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को लिखा पत्र**



**हुसैनाबाद पलामू।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने झारखंड राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर हुसैनाबाद हरिहरगंज हैदरनगर के चार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा देने की अनुसंशा की है। विधायक ने जिन विद्यालयों को उत्कृष्ट के लिए अनुसंशा की है, उसमे बक्शी उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज, राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर व राजकीयकृत प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय हुसैनाबाद शामिल है। सिंह ने कहा कि इसके बाद भी अन्य विद्यालयों को उत्कृष्ठ विद्यालय का दर्जा देने की दिशा में कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से सभी प्रखंडों के प्रमुख उच्च विद्यालयों को भी उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर उनका खास ध्यान है। एक एक कर विद्यालयों की समस्या का निदान किया जा रहा है।

### जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिये 28 करोड़ 97 लाख रुपये की अनुमानित लागत से कुल 157 योजनाओं का अनुमोदन किया गया। इसके अलावे नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 34 प्रस्तावों पर भी समिति द्वारा अनुमोदन दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण करने पर बल दिया। साथ ही कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की गड़बड़ी ना हो सभी पदाधिकारी इसका विशेष ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। बैठक में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भूगर्भ जलस्तर गिरना चिंतनीय : अशोक पांडेय



**विश्रामपुर (पलामू)।** पर्यावरण सह शिक्षाविद अशोक पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर व नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में लगातार भूगर्भ जल स्तर गिरना चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसके प्रति जिला प्रशासन के द्वारा संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। जिससे आने वाले दिनों में पेयजल को लेकर स्थिति भयावह हो सकती है। पांडेय ने भूगर्भ जलस्तर को बरकरार रखने का कई उपाय भी बताया। जलस्तर को बढ़ाने हेतु बरसात के पानी को रोकना होगा। पांडेय ने कहा कि विश्रामपुर-नावाबाजार प्रखंड के सीमा पर अवस्थित कौरव जो एकमात्र जिंदा नदी है। इसे बांधकर इस क्षेत्र के जलस्तर को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कौरव जलाशय योजना के निर्माण हेतु मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री से भी मिलेंगे।

# उंटारी रोड के किशोरियों व युवतियों ने मुख्यमंत्री को भेजा पोस्टकार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड में संचालित तेजस्विनी परियोजना के 50 किशोरियों व युवतियों के द्वारा बुधवार को सीएम हेमंत सोरेन को पोस्टकार्ड भेजकर तेजस्विनी परियोजना का दीर्घकालीन अवधि विस्तार की मांग की है। पोस्ट कार्ड के माध्यम से किशोरियों एवं युवतियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि तेजस्विनी परियोजना से हम सभी विगत वर्ष 2019 से जुड़े हुए हैं। तेजस्विनी परियोजना से हम आय अर्जन गतिविधि जैसे मशरूम उत्पादन करना, दुकान खोलना, सिलाई करना जैसे विभिन्न स्वरोजगार कर रहे हैं तथा व्यवसायिक कौशल प्रशिक्षण हेतु हमारा काउंसलिंग हो गया है ।जिसकी प्रशिक्षण के लिए प्रतीक्षा में है एवं व्यवसाय कौशल का प्रशिक्षण लेकर स्वयं का रोजगार करने के लिए प्रतीक्षा में हैं। हमें युवा उत्प्रेरक से पता चला है कि परियोजना 25 अगस्त को समाप्त हो रही है अगर परियोजना समाप्त हो जाएगी तो हमें आगे बढ़ने का अवसर खत्म हो जाएगा।

# सरकारी और पीएम आवास के लिए बालू उठाव अब 100 रुपये चालान में : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** सरकारी कार्य एवं पीएम आवास जल्द बने इसे लेकर बुधवार को नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ एवं सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने मुखिया व पंचायत सेवकों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने पिपराखूर्द पंचायत के कुंदरहिया नाला एव राजहरा पंचायत से बालू उठाव करने की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने की बात कही। उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत के मुखिया से 100 रुपए का चालान कटा कर बालू का उठाव किया जाना है। बैठक में कई मुखिया ने बताया कि दोनों ही पंचायतों में बालू नहीं है। इस तरह का स्वीकृति मिलना गलत है। अंचलाधिकारी ने कहा कि बालू ढोने वाले ट्रैक्टर का कागजात तथा ड्राइवर का लाइसेंस होना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर पर ना तो नंबर होता है ना ही ड्राइवर के पास लाइसेंस। ऐसे गाड़ीयों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुखिया मंदीप मेहता, गुड्डी देवी, संगीता देवी, अरविंद शुक्ला, विगन महतो, गीता देवी, गुड्डू पासवान समेत अन्य पंचायत सेवक शामिल थे।

### अभिभावक संघ ने उपायुक्त से की छात्र के पिटाई मामले की जांच की मांग

**सेक्रेट हर्ट स्कूल के शिक्षक ने की छात्र की पिटाई**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडेय ने जिले के उपायुक्त को ज्ञापन देकर चियांकी स्थित सेक्रेट हर्ट स्कूल के एक शिक्षक के द्वारा छात्र की पिटाई मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पांडेय ने कहा है कि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर टीम गठित कर जांच कराये। उन्होंने कहा कि ऐसे भी सेक्रेट हर्ट स्कूल में कोई न कोई अप्रिय घटना बच्चों के साथ अनुभवविहिन शिक्षकों द्वारा किया जाता रहा है। जिस कारण अभिभावक व बच्चे दोनों परेशान हो जाते हैं। खासकर छोटे बच्चों का मनोबल टूट जाता है और वे मानसिक रोगी के शिकार हो जाते हैं। बच्चे शिक्षक के भय से अपने अभिभावक की परेशानी बताते नहीं हैं और तनावग्रस्त होकर कई बार आत्महत्या के लिए भी विवश हो जाते हैं। पांडेय ने डीसी को डीएवी स्कूल की घटना को बताते हुउ कहर कि 27 मार्च को सेक्रेट हर्ट स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार द्वारा एक बच्चे की बेरहमी से पिटाई की गई है। छात्र का इलाज मेदिनीनगर के अलावे अन्य प्रदेशों में भी चल रहा है। बच्चा पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हुआ है। पांडेय ने कहा कि डीसी बच्चे की पिटाई की मामले को उच्चस्तरीय जांच कराकर शिक्षक पर कार्रवाई करें ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति दूसरे बच्चों के साथ न हो।

# घुटुवा की मानो की नहीं बचाई जा सकी जान

## सामाजिक कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य मंत्री से की थी महिला की ईलाज की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत घुटुवा के मानो देवी की जान नहीं बचायी जा सकी बुधवार को उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि सेरंगदाग गांव के युवा सामाजिक कार्यकर्ता बबलू कुमार ने एक सप्ताह पूर्व सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पास आर्थिक रूप से कमजोर मानो देवी के इलाज के लिए ट्वीट कर इलाज में सहयोग करने की गुहार लगाया था। स्वास्थ्य मंत्री ने 9 मई को उपायुक्त पलामू को सरकारी प्रावधान के अनुसार इलाज कराने के लिए रिट्वीट किया था। जिस दिन उपायुक्त पलामू को टिविटर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई।उसी रात मानो देवी ने दम तोड़ दिया।विजय भुईयां ने बताया कि मेरी पत्नी मानो देवी बीते कुछ दिनों से डायबिटीज रोग से पीड़ित थी। डायबिटीज होने का कारण उसके पैर का मांस कटकर गिर रहा था। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण पत्नी का इलाज अच्छे डॉक्टर से नहीं करा सका। मानो देवी के दो पुत्र तथा एक पुत्री है। मजदूरी करके पेट पालते हैं। सेरनदाग गांव के समाजिक कार्यकर्ता बबलू कुमार ने बताया कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के ट्विटर पर ट्वीट करके घुटूआ गांव की मानो देवी के इलाज में मदद करने के लिए गुहार लगाया था।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मामले को संज्ञान में देर से लिया। उन्होंने पलामू डीसी को रिट्वीट कर सरकारी प्रावधान के तहत इलाज की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश भी दिया। मंत्री जी ने संज्ञान लिया तब तक देर हो चुकी थी और इधर मानो देवी चल बसी।

# जिला उद्यान कार्यालय में किसानों की बैठक, पलामू चेंबर ऑफ फार्मर का गठन, कृष्णा अध्यक्ष, रामसुंदर बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक में मौजूद किसान।

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** मेदिनीनगर स्थित जिला उद्यान कार्यालय परिसर में बुधवार को किसानों की बैठक हुई । इसकी अध्यक्षता जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने की।

बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। बैठक में किसानों के समस्याओं के समाधान को लेकर पलामू चैंबर ऑफ फार्मर का गठन किया गया। सर्वसम्मति से हुसैनाबाद के कृष्णा बैठा को अध्यक्ष, हैदरनगर के रामसुंदर मेहता को सचिव, पांकी के रंजन कुमार दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कमिटी में पांच महिलाओं को भी शामिल किया गया है। जिला उद्यान पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने चैंबर ऑफ फार्मर के गठन पर विस्तार पुर्वक जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को संगठित कर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। सरकार का मानना है कि जब तक किसान आर्थिक रूप मजबूत नहीं तब तक राज्य व देश की उन्नति संभव नहीं है इसलिए सरकार इस संगठन के माध्यम से किसानों को सीधे इसका लाभ देगी। इसके लिए पूरे झारखंड में कमिटी बनाई गई है। जिला स्तर पर इसका संचालन जिला उद्यान पदाधिकारी एवं राज्य स्तर पर निदेशक उद्यान और सरकार सीधे संचालित करेगी। इसमें किसानों को जुड़ने के लिए सदस्यता शुल्क के रूप में 50 रूपए और हिस्सा पूंजी 250 रूपए जमा करना है। किसान प्रखंड स्तर पर कार्यरत उद्यान मित्र से संपर्क कर सदस्य बन सकते हैं। बैठक में मशरू अली, सूरज कुमार, शमी अहमद, कांति देवी, मनोज सिंह, रविंद्र साहू, आनंद शुक्ला, सुधांशु रंजन सिंह, राशिद आलम, मिथिलेश सिंह, समरेंद्र मेहता, अनंत सिंह, कामेश्वर पासवान, अशोक सिंह, विश्वनाथ मेहता सहित कई किसान मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## डीपीएस चास में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला

**बोकारो।** डीपीएस चास में नई शिक्षा नीति पर आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा पर शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षिका सुश्री सना ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नए बदलाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करना है। इस शिक्षा नीति के तहत पढ़ाई को (5+3+3+4) 15 वर्षों में बांटा गया है एवं इसमें विद्यार्थियों को कौशल विकास का कोर्स कराया जाएगा। चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि यह शिक्षा नीति देश के सुनहरे भविष्य की बुनियाद रखेगी।

## बोकारो जिला तैराकी संघ की नई समिति गठित

**बोकारो।** बोकारो जिला तैराकी संघ की गठित नई समिति में डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार अध्यक्ष, ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी के लीड ऑफिसर डॉ जयदीप सरकार मानद सचिव तथा डीपीएस बोकारो के प्रशासक राजन कुमार सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. गंगवार ने कहा कि तैराकी के क्षेत्र में बोकारो की उभरती प्रतिभाओं को नया अवसर देने तथा उनका भविष्य संवारने की दिशा में हर संभव कदम उठाएगा। सचिव डॉ सरकार ने कहा कि बोकारो में तैराकी संबंधी स्पधाओं को प्रोत्साहित करने को लेकर संघ की ओर से लगातार प्रयास किए जाते रहेंगे।

## इस्पातकर्मियों को मिला बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड

**बोकारो।** बीएसएल में आयोजित बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड समारोह में सोलह कर्मचारियों को फरवरी व मार्च में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में ईडी बीके तिवारी, सुरेश रंगानी, राजन प्रसाद तथा विभागाध्यक्ष समेत अन्य वरीय अधिशासी उपस्थित थे। सभी उच्च पदाधिकारियों ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नए चुनौतियों को स्वीकारने पर जोर दिया। समारोह में कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक रीतिका शुक्ला एवं धन्यवाद ज्ञापन सुष्मिता सोरेन ने किया।

## जनता दरबार में सम्मिलित हुए विधायक टुण्डी

**पूर्वी टुंडी।** टुंडी विधानसभा अंतर्गत कमारडीह से शंकरडीह पथ निर्माण कार्य मे अधिकृत भूमि का मुआवजा को लेकर जनता दरबार का आयोजन पूर्वी टुण्डी के बरतोल मे ररखा गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सह विधायक सचेतक सत्तारूढ दल मथुरा प्रसाद महतो अंचलाधिकारी पूर्वी टुंडी राकेश भूषण सिंह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राम चंद्र मुर्मू,पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील मुर्मू, पूर्वी टुंडी के कर्मचारीगण,बसंत महतो,चंद्र मोहन मरांडी,वकील हेंब्रम,फूलचंद हेंब्रम, यदुनाथ जी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बलियापुर में चड़क पूजा की धूम

**बलियापुर।** बलियापुर पश्चिमी पंचायत स्थित कुम्हार टोला शिव मंदिर में चड़क पूजा धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने भगवान शिव पर आस्था रखते हुए अपने शरीर के विभिन्न अंगों में लोहे का कील चुभोकर पचास से ज्यादा भोक्ताओं नें 30 फीट ऊंचाई में बारी बारी घूमते रहें। शिव मंदिर परिसर में दिन भर मेला का दृश्य बना रहा। शिव भक्तों के परिवारों ने उपवास कर भगवान शिव की पूजा अर्चना की। कुछ शिव भक्तों ने अपनी पीठ में लोहे की कील की डोरी के सहारे स्कॉर्पियो एवं टाटा मैजिक खिंचते हुए थाना परिसर, बलियापुर बाजार भ्रमण करते हुए पुनः शिव मंदिर परिसर पहुंचे, जो आकर्षण का केंद्र बना इस दौरान शिवभक्त नाचते गाते दया करो दयामयी हे हर हर महादेव आदि नारा लगाते हुए चल रहे थे। शिव भक्तों द्वारा मन्नत मांगने की भी परंपरा है। 4 दिवसीय इस त्यौहार में भक्तों द्वारा निर्जला व्रत दो दिवसीय रखा जाता है।

# पुटकी थाना प्रभारी ने असामाजिक तत्वों को खदेड़ा बड़ी घटना टली

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुटकी।** बुधवार पुटकी के थाना प्रभारी रास बिहारी लाल के द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से गोपालीचक क्षेत्र में विधि व्यवस्था भंग होने से बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज बी सी सी एल की टीम के द्वारा नए पेंच को लेकर चोथी बार पेड़ काटने आये बीसीसीएल के अधिकारी के साथ असामाजिक तत्व के लोगों ने लाठी डाँटा के साथ बैरीकट बना ग्रामीण को रोक पेड़ काटा जा रहा था। जिसकी सूचना पुटकी थाना को मिलते ही थाना के प्रभारी ने असामाजिक तत्व के लोगों को खदेड़ दो गुटों में होने वाली लड़ाई को रोक दी। बताते चले कि बीसीसीएल प्रबंधक अभिराज के नेतृत्व में लगभग 250 गुंडो के साथ पेड़ों की कटाई के लिये 17 नम्बर जंगलो में आये हुए थे । सभी गुंडे ग्रामीण को जंगल में आने नही दे रहे थे जो रहा था उसके साथ मार पिट कर भागा दिया जा रहा था। इनके साथ ना ही सीआईएसएफ की टीम ना ही थाना को सूचना दी गयी थी। जब पुटकी थाना को सूचना दी गयी तो दोनों गुटों में लड़ाई हो रही है तो वे अपने साथ दो अन्य पुलिस कर्मी के साथ जंगलो में हो रहे कटाई को लेकर आयें हुए गुंडो को 3 पुलिसकर्मी ने हिम्मत दिखाते हुए खदेड़ा। गुंडे हथियार व डंडे से लैस थे। अगर समय रहते पुलिसकर्मी ना आते तो माहोल बिगड़ जाता और दोनो गुटों में मार पिट हो जाता। पुटकी थाना के प्रभारी ने बी सी सी एल के अधिकारी को फटकार लगाते हुए बोला गया की बिना थाना को सूचना दिये बिना किसी प्रकार के सुरक्षा का इंतजाम किये गुंडे के बल से पेड़ कटाई को बंद कर दें।

साथ में उन्होंने कहा की लगभग 200 लोग मुँह बांध कर बाइक से आकर माहौल को बिगाड़ने के लिये आयें थे। जब तक किसी ऊँचे अधिकारी, मजिस्ट्रेट, सीआईएसएफ व थाना की पर्याप्त बाल ना आए तक तक पेड़ों की कटाई नही करने दी जाएगी। गुंडो को लेकर कर पेड़ काटने को लेकर दंगा होने की सम्भावना है।

## बड़ी घटना टली झाड़ियों में लगी आग डीजल पंप तक पहुंची

### प्रशासन की सजगता से आग पर पाया गया काबू



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** चासनाला सैल के डीजल पंप के समीप झाड़ियों में लगी आग की सूचना पाकर पाथरडीह प्रभारी अभय कुमार ने तत्काल सेल का पानी टैंकर और सिंदरी से अग्निशामक विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। लगभग एक घंटा के अंदर आग पर काबू पा लिया गया । बताते चलें कि चासनाला सेल के डीजल पंप के बगल में झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है जिसे प्रबंधन के द्वारा साफ सफाई नहीं करने के कारण आए दिन ऐसी घटनाएं घट रही है। यह आग लगभग पंप के 3 फीट की दूरी तक पहुंच चुकी थी। लेकिन पाथरडीह पुलिस और सेल की पानी टैंकर तत्काल आग बुझाने का काम किया। तब तक अग्निशमक की गाड़ी पहुंचकर आग पर पूरी तरह से आग काबू पा लिया। लेकिन इस घटना की सूचना सेल प्रबंधन को मिलने के बाद भी उच्च पदाधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे ।

## हक हुकूक के लिए झामुमो किसी भी हद तक जा सकती है : अजमूल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** कैलूडीह में संचालित जीटीएस आउटसोर्सिंग में रोजगार की मांग को लेकर झामुमो के बैनर तले स्थानीय बेरोजगारों ने एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने कहा कि कंपनी को स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देना होगा। झामुमो पार्टी का उपाज ही संघर्ष से हुआ है आताताई शक्तियों के बदौलत अगर कंपनी चलने का प्रयास करेगी तो कंपनी को एक छटाक उत्पादन नहीं करने दिया जाएगा। स्थानीय बेरोजगारों के हक हुकूक के लिए झामुमो किसी भी हद तक जा सकती है। मौके पर महिला मोर्चा के निवर्तमान अध्यक्ष प्रेमा पाण्डेय परवेज इकबाल सकिल राजू अंसारी अनवर जमाल आदि मौजूद थे।

## डीएवी स्कूल प्राचार्य ने उपायुक्त से की स्कूल की सुरक्षा की माँग



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी के जूनियर विंग में कतिपय शरारती तत्वों द्वारा बुधवार को बाउंड्री फेंसिंग में लगे हरे पर्दे को जलाने की शिकायत स्कूल प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बलियापुर पुलिस को पत्र द्वारा शिकायत की है। इसको लेकर धनबाद उपायुक्त सहित जिला के वरीय अधिकारियों से स्कूल के 1600 बच्चों व शिक्षकों की सुरक्षा की माँग की गई है। स्कूल प्राचार्य ने बलियापुर पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया है कि सुबह 9 बजे अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा ग्रीन फेंसिंग पर्दे को जानबूझकर आग लगाकर जलाया जा रहा था। जिसे विद्यालय कर्मियों ने बुझाया है। उन्होंने आशा जताई है कि विगत 6 मई को खेल मैदान के गैरकानूनी उपयोग की सूचना देने पर यह किया जा रहा है। इससे स्कूल के बच्चों को हानि पहुँच सकती है। उन्होंने इस शिकायत पत्र में ग्रीन नेट की चोरी, मेधावी छात्रों के फ्लैक्स फाड़ने, बच्चों के क्लासरूम के खिड़कियों पर पत्थरबाजी व शराब की बोतलों से स्कूल गेट को हानि पहुँचाने जैसी पूर्व की शिकायतों को भी इस पत्र में जोड़ दिया है।

# जनता मजदूर संघ बच्चा गुट का धरना आमरण अनशन में बदला

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** सेल के जीतपुर कोलयरी के असंगठित मजदूरों ने अपने सात सूत्री मांगो को लेकर जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के बैनर तले बीते 8 मई से धरना पर बैठे हुए थे । मगर सेल प्रबंधन के मनमानी रवैया तथा किसी भी प्रकार के सकारात्मक पहल ना होने के कारण सभी मजदूर नाराज होकर आज से आमरण भूख हड़ताल पर बैठ गए । वही मजदूरों का नेतृत्व कर रहे जनता मजदूर संघ बच्चा गुट के शाखा सचिव विकास सिंह ने बताया कि मुख्य मांगो में सबसे पहले बंद कोलयरी को पुनः चालू किया जाय, जीतपुर एकाडमी स्कूल में ठेका मजदूर के बच्चों को आधा फीस लिया जाए, सेल के खाली क्वाटर ठेका मजदूरों को रहने के लिए दिया जाए, रिटायर असंगठित मजदूर का पेंशन व पीएफ ऑनलाइन समेत अन्य मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है वही इस आंदोलन को आज से संयुक्त मोर्चा का भी समर्थन मिल चुका है। धरना पर बैठे मजदूरों ने कहा विगत 1 वर्षो से कोलियरी बंद है प्रबंधन से कई बार वार्ता हुई सिर्फ आश्वासन ही मिलता आ रहा है की अब चालू हो जाएगा। मगर हर बार प्रबंधन द्वारा दिया गया आश्वासन झूठा ही रहा इसलिए इस बार जब तक हमारी सभी मांगों को प्रबंधन नहीं मानती है तब तक हमारा भूख हड़ताल जारी रहेगा अगर हमारी मांगों पर जल्द ही पहल नही किया गया तो और भी उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे और पूरी तरीके से कोलियरी का चक्का जाम कर दिया जाएगा।

## सेवाती झरने का क्षेत्रीय विवाद उलझन की राह पर



**बोकारो/कसमार।** पुरुलिया वन प्रमंडल के झालदा वनक्षेत्र के अधिकारियों ने झारखंड-बंगाल सीमा के विवादित स्थल सेवाती झरना का मापी किया जिसमें विवादित सेवाती झरना का क्षेत्र बंगाल सीमा में आया। हालांकि मापी में सिर्फ करीब एक कड़ी का अंतर आया। मापी के दौरान बोकारो वन प्रमंडल के पेटरवार वनक्षेत्र के अधिकारी भी मौजूद थे। मापी झारखंड एवं बंगाल दोनों सीमा क्षेत्र से हुआ। यहां झारखंड सीमा के सटे गांव झुमरा, पाड़ी, पिरगुल मुरहुलसूदी के दर्जन भर लोग मौजूद थे।

## डॉ दिव्या गुप्ता ने किया बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण

**धनबाद।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता आज धनबाद के बरमसिया स्थित बाल संप्रेषण गृह (बाल सुधार गृह) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने यहां कई अनियमितता पायी। उन्होंने बाल संप्रेषण गृह की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। यहां के दफ्तर में देश के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर न पाकर काफी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा हर सरकारी दफ्तर में राज्य के सीएम के साथ - साथ देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीर अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

## बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस का अपग्रेडेशन पश्चात लाइट-अप



**बोकारो।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस नंबर 4 में नई सुविधाओं के इंस्टॉलेशन और अपग्रेडेशन के बाद निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश की उपस्थिति में लाइट-अप किया गया। मौके पर ईडी (प्रोजेक्ट) सीआर महापात्रा, ईडी (एफ एंड ए) सुरेश रंगानी, ईडी (एमएम) ए श्रीवास्तव, सीजीएम (ब्लास्ट फर्नेस) एमपी सिंह तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला तम्बाकू नियंत्रण टीम ने चन्द्रपुरा के 83 दुकानों पर की जांच पड़ताल

## जांच के दौरान दोषी 14 प्रतिष्ठानों पर हुई कार्रवाई, वसुले गए 2470 रुपये का अर्थदण्ड

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बुधवार को सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 सीओटीपीए 2003 की धारा 4 व 6 के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम व चन्द्रपुरा थाना की गश्ती दल द्वारा चन्द्रपुरा मार्केट में लगभग 83 दुकानों की जांच की गई जिसमे कोटपा कानून उल्लंघन करने के स्थिति में 14 प्रतिष्ठानों /व्यक्तियों का चालान काटकर कुल 2470 रुपये अर्थदंड के रुप में वसुला गया। जिला परामर्शी मो असलम द्वारा बताया गया कि चन्द्रपुरा स्टेशन के आसपास होटल के मालिकों को निर्देशित किया गया है कि गैर धुम्रपान का बोर्ड सभी होटलो मे लगा रहना चाहिए अगर बोर्ड टुट जाता है तो उसे दुबारा बनाकर लगवाये। कहा कि भविष्य में बोर्ड नही पाये जाने पर कोटपा की धारा 4 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। कोटपा अधिनियम की धारा 4 क्या कहता है - सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करना दंडनीय अपराध है। सार्वजनिक स्थानों के प्रभारी /मालीक हर प्रवेश द्वार एंव हर मंजिल मे 60 /30 सेमी का सफेद पृष्ठभूमि का बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेगे। बोर्ड जिसमे 15 सेमी व्यास 3 सेमी चौड़ी लाल परिमिति होगी तथा उसके केंद्र में काले धुंए के साथ सिगरेट अथवा बिड़ी का चित्र होगा। कहे कि उपरोक्त नियमो का उल्लंघन करते पाये गये दुकानदारो से 2 सौ रुपये का जुमार्ना वसुला जायेगा। उन्होंने बताया कि आज सभी दुकानदारो को आवश्यक निर्देश दिया गया है कि प्रतिबंधित पान मसाला बेचना




बिल्कुल भी बंद कर दे और जो भी दुकानदार तम्बाकू उत्पाद के साथ खाने वाली चीजे बेच रहे है वह भी सतर्क हो जाये क्योंकि पकड़े जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उन पर कार्रवाई की जा सकती है। मौके पर जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि झारखंड में पुर्नरुप से तम्बाकू के 11 ब्रांडो के पान मसाला पर अगले एक वर्ष तक के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिला के सभी दुकानदारो को सूचित किया जाता है कि प्रतिबंधित पान मसाला जिनमे मुख्य रुप से पान पराग, पान मसाला, शिखर पान मसाला, रजनीगंधा पान मसाला, दिलरुबा पान मसाला, राजनिवास पान मसाला, मुसाफिर पान मसाला, मधु पान मसाला, विमल पान मसाला, बहार पान मसाला, सेहरत पान मसाला, पराग प्रिमियम पान मसाला आदि शामिल हैं। कहा कि इसका भंडारण व बिक्री बिल्कुल न करे अन्यथा पकड़े जाने पर खाद्य सुरक्षा 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावे चन्द्रपुरा थाना के गश्ती दल मे शामिल एएसआई द्वारा सार्वजनिक रुप से बताया गया कि किसी भी प्रकार के सार्वजनिक स्थल या सरकारी भवन परिसर में अगर कोई व्यक्ति या कर्मचारी तम्बाकू आदि का सेवन करता है या थूकते हुए पाया गया तो कोटपा 2003 व आईपीसी की धारा 188,268 व 269 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस मौकेपर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि सह परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सदस्य मो असलम के अलावे चन्द्रपुरा थाना कि पुरी गश्ती दल शामिल थी।

एक नजर में

## सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने बीसीसीएल के खिलाफ खोला मोर्चा

**बाघमारा।** बीसीसीएल सड़क बना रही न ही दे रही जर्जर सड़क बनाने के लिये एनओसी,तीन पंचायत के ग्रामीण सहित बीसीसीएल कर्मी परेशान है रहे है। बीसीसीएल के खिलाफ ग्रामीणो ने मोर्चा खोल दिया है। एनओसी नही देने पर ब्लॉक दो परियोजना को अनिश्चितकालीन ठप करने की चेतावनी दी है। धनबाद जिले के लुतीपहाड़ी अंबेडकर मोड़ से बोकरो जिला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क काफी जर्जर हो चुकी है।तीन पंचायत नदखुरकी,माटिगढ़, लुतीपहाड़ी पंचायत के लोग इससे प्रभावित हो रहे है।मुख्य सड़क से सेकड़ो बड़े छोटे वाहनो के साथ स्कूली बच्चे बीसीसीएल कर्मी हर दिन गुजरते है।वही बीसीसीएल की तीन कोलयरी के रोड सेल टारस्पॉटिंग इसी सड़क से होती है।पिछले एक साल से तीनों पंचायत के लोग सड़क बनाने की मांग बीसीसीएल से कर रही है।बीसीसीएल के द्वारा सड़क निर्माण नही किये जाने पर राज्य सरकार के माध्यम से सड़क निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणो ने बाघमारा विधायक ढुलू महतो से बात की।लेकिन बीसीसीएल मुख्य सड़क को बनाने को लेकर अब एनओसी नही दे रही है।बीसीसीएल द्वारा एनओसी नही दिये जाने के विरोध में ग्रामीणो ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणो ने कहा कि जर्जर सड़क को बीसीसीएल बना नही रही है न बनाने को लेकर एनओसी दे रही है। बीसीसीएल के इस रवैये से ग्रामीणो के साथ उनके कर्मी तक परेशान है। आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इस क्षेत्र में अब लोग शादी तक नही करना चाहते।प्रदूषण से भी सभी बेहाल रहते है। अगर बीसीसीएल एनओसी नही देती है तो 11 मई से बीसीसीएल ब्लॉक दो के परियोजना को अनिश्चितकालीन समय के लिये ठप कर देंगे।जब तक बीसीसीएल एनओसी नही देती परियोजना को बन्द रखेंगे।

## रिजेक्ट कोयला रोड सेल मामले को लेकर उपायुक्त से मिले भाजपा नेता लक्ष्मण नायक

**बेरमो।** सीसीएल कथारा वाशरी रिजेक्ट कोयला रोड सेल में ग्रामीण विस्थापितों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भाजपा नेता व पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक के नेतृत्व में बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। लगभग 500 लोगों के इस हस्ताक्षरित लिखित पत्र पर सकारात्मक पहल का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बेरमो सीओ सह प्रभारी एसडीएम मनोज कुमार को गंभीरता से देखने का निर्देश दिया। इस पर बुधवार को ग्रामीण विस्थापित एवं रोड सेल से जुड़े संबंधित लोगों के साथ बैठक की जाएगी। यहां लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि उक्त रोड सेल में ग्रामीण, विस्थापित, हस्त लदनी, कोयला मजदूर, महिलाओं एवं स्थानीय बेरोजगार युवाओं के साथ उसकी भागीदारी को लेकर भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। अगर समय रहते सकारात्मक पहल नहीं की गई तो लोकतांत्रिक तरीके से ग्रामीण विस्थापित के लिए लड़ाई लड़ी जाएगी इसमें हर संभव मदद करेंगे।

## डीसी कुलदीप चौधरी से मिलकर आभार व्यक्त करतीं छात्रा सौम्या सलोनी

**बेरमो।** हिंसाग्रस्त मणिपुर से सकुशल घर लौटे झारखंड के छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है. वापस आए इन छात्र-छात्राओं ने राज्य के सीएम मुख्यमंत्री समेत जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया है. मणिपुर से वापस लौटने वाले छात्र-छात्राओं में बोकारो की सौम्या सलोनी भी शामिल है. वह वहां केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल में अध्ययनरत थीं. घर लौटने की खुशी इस छात्रा के चेहरे पर झलक रहा था. बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी से मिलकर उन्होंने घर वापसी कराने पर आभार जताया. वह 9 मई को अपने घर पहुंची और 10 मई को डीसी से मुलाकात की. सौम्या के अनुसार डीसी एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ संवेदनशील इंसान हैं. मणिपुर में फंसे झारखंड के छात्र-छात्रा कई दिनों से घर वापसी के लिए प्रयासरत थे, लेकिन सरकारी स्तर पर ठोस पहल नहीं की जा रही थी. कोई उपाय नहीं सूझने पर बोकारो डीसी से संपर्क कर मणिपुर के हालात की जानकारी दी और घर वापसी की गुहार लगाई. डीसी ने तत्काल पहल की, जिससे 24 घंटे के अंदर छात्र-छात्राओं की वापसी संभव हो सकी. इस संबंध में डीसी ने कहा कि सौम्या सलोनी ने फोन और सोशल मीडिया के माध्यम संपर्क किया. मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को पत्र भिजवाया.

## जिफी हेल्थ ने फुसरो पटेलनगर मे लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बेरमो।** फुसरो के पटेलनगर मे जिफी हेल्थ के सौजन्य से प्रोपराइटर रोहित राज के नेतृत्व में 200 सौजन्य लोगो का निशुल्क बॉडी चेकअप हुआ। जिफी 200 टैबलेट एंटीबायोटिक से संबंधित है जिसका इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है.. यह रेस्पिरेट्री ट्रैक्ट के इन्फेक्शंस में असरदार है (जैसे. न्यूमोनिया), यूरिनरी ट्रैक्ट, कान, नेजल साइनस, गले और कुछ यौन संचारित रोग.इस अवसर पर सैमसंग स्मार्ट प्लाजा फुसरो के प्रोपराइटर पिंटू सिंह और कोयला व्यापारी अभय कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## दहेज लोभी हत्या के दोषी करार, 15 मई को होगी सजा पर सुनवाई

**बेरमो।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या एवं हत्या के मामले में बेरमो थाना अंतर्गत घुटियाटांड करगली कॉलोनी निवासी रितेश कुमार ठाकुर, पारस ठाकुर, इंदु देवी एवं राहुल ठाकुर को दोषी पाया । मालूम हो कि बिहार के औरंगाबाद जिला के रिसियप थाना अंतर्गत सनथुआ निवासी अनिल कुमार प्रभाकर ने 25 जनवरी 2019 को बेरमो थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसकी बेटी अर्चना कुमारी उर्फ माला की शादी 19 अप्रैल 2016 को रितेश कुमार ठाकुर के साथ हुई थी । शादी के कुछ दिनों के बाद से ही सूचक अनिल कुमार प्रभाकर की बेटी अर्चना कुमारी के साथ उसके पति रितेश कुमार ठाकुर, ससुर पारस ठाकुर, सास इंदु देवी और देवर राहुल ठाकुर सहित ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे । उनको कहते थे की शादी में दहेज बहुत कम मिला है, एक स्विफ्ट कार मांग कर लाओ वरना तुम्हें नहीं रहने देंगे । समझाने बुझाने के बाद भी नहीं मानते थे सूचक के द्वारा अर्चना कुमारी को अपने घर औरंगाबाद ले जाया गया। जहां वह लगभग 1 वर्ष तक रही पता उसकी बच्ची हुई । जिसे समझाने बुझाने के बाद सितंबर दो हजार अट्ठारह में फुसरो लाया गया । किन्तु आने के बाद फिर से ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे कहने लगे कि अगर दहेज में कार नहीं मिला तो आप की बेटी अर्चना और नतिनि को जलाकर मार देंगे अगर तुम आओगे तो तुम्हें भी मार देंगे।

## प्रभात मंडल बेरमो ने मनाई विश्व विख्यात कवि रविंद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती

**बेरमो।** फुसरो नप के सुभाषनगर स्थित गांधी सामुदायिक भवन में मंगलवार को विश्व विख्यात कवि रविंद्र नाथ टैगोर की 162 वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह समेत कई मजदूर नेता समाजसेवी एवं बंगाली समाज के सदस्य ने दीप प्रज्वलित और उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर प्रथम नोबेल पुरस्कार से अलंकृत विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और चित्रकार थे। श्री सिंह ने कहा कि दो देशों के राष्ट्रगान के रचयिता रविंद्रनाथ टैगोर के विचारों ने हमें सदा मार्गदर्शन दिया है। इस मौके पर अशोक सरकार ने संस्था और रविंद्र नाथ टैगोर के बारे मे विस्तार पूर्वक रखा।

# योजनाओं में देर

केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास पर बहुत अधिक जोर दे रही है। उदाहरण के लिए इस वर्ष के बजट में पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन 37 फीसदी बढ़ाकर रिकॉर्ड 10 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। कमजोर सड़क, रेल, जलपोत और वायु परिवहन से उत्पादन प्रभावित का मूल्य प्रभावित होता है। भूमि अधिग्रहण, विधि व्यवस्था,वन एवं पर्यावरण मंजूरी, कानूनी पेंच के साथ स्थानीय और वित्तीय समस्या से योजना में देर हो रही है। समय के साथ बेहतर अधोसंरचना कुल किफायत में भी इजाफा करेगी और मध्यम अवधि में उच्च टिकाऊ वृद्धि को सक्षम बनाएगी। बहरहाल, उच्च पूंजीगत व्यय उस स्थिति में सीमित हो सकता है जब सरकार परियोजनाओं का क्रियान्वयन समय पर न कर पाए। फिलहाल मामला ऐसा ही प्रतीत हो रहा है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की अधोसंरचना एवं परियोजना निगरानी शाखा द्वारा मार्च 2023 में जारी किए गए जो आंकड़े इस समाचार पत्र ने प्रकाशित किए थे वे दिखाते हैं कि केंद्र सरकार के स्तर पर विलंब से चल रही परियोजनाओं का स्तर 56.7 फीसदी के साथ 2004 के बाद उच्चतम स्तर पर था। गत वर्ष यह 42.1 फीसदी था। यह शाखा 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक मूल्य की सभी परियोजनाओं पर नजर रखती है। 2010 के पहले वह 100 करोड़ रुपये और उससे अधिक मूल्य की परियोजनाओं पर नजर रखती थी। इससे लागत में भी इजाफा हो जाता है। अनुमान है कि सूचीबद्ध परियोजनाओं की लागत मूल से 22 फीसदी अधिक होगी। इसका अर्थ है 4.6 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय या फिर इस वर्ष के पूंजीगत व्यय बजट का करीब आधा। यह एक खतरनाक संकेत है जिसे केन्द्र और राज्य को मिलकर हल करेंगे।

# सही दिशा

सरकार ने देश को खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए 11,000 करोड़ रुपये मूल्य का तिलहन मिशन शुरू करने की बात कही है। यह ऐसा कदम है जो बहुत पहले उठा लिया जाना चाहिए था। देश में सन 1990 के दशक से ही खाद्य तेल की कमी रही है जबकि यह व्यापक खपत वाला उत्पाद है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए यदाकदा प्रयास किए गए लेकिन उनमें कोई खास कामयाबी नहीं मिल सकी। ऐसा इसलिए हुआ कि मूल्य निर्धारण को लेकर सही नीतियां नहीं बनाई गईं। नीतियां अक्सर ऐसी बनीं जिन्होंने उपभोक्ताओं के हितों को ज्यादा तरजीह दी जबकि उत्पादकों के हितों की अनदेखी की गई। परिणामस्वरूप आपूर्ति की कमी में इजाफा जारी रहा और भारत खाद्य तेलों का आयात करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया। आज देश अपनी जरूरत का 70 फीसदी तेल आयात करता है। आयात के क्षेत्र की बात करें तो मूल्य के हिसाब से यह पेट्रोलियम उत्पादों के बाद दूसरा सबसे बड़ा आयात है। इस स्थिति को लंबे समय तक जारी नहीं रहने दिया जा सकता। इस आयात ने अब सभी पर असर डालना शुरू कर दिया है क्योंकि हाल के दिनों में मांग बढ? और आपूर्ति स्थिर रहने के कारण दुनिया भर में खाद्य तेल की कीमतों में इजाफा हुआ है।माना जा रहा है कि प्रस्तावित मिशन तिलहन उत्पादन में इजाफा लाएगा क्योंकि उत्पादकों को जरूरी कच्चा माल, तकनीक और जानकारी मुहैया कराई जाएगी। योजना के मुताबिक इसी खरीफ सत्र में किसानों को मूंगफली और सोयाबीन समेत विभिन्न तिलहनी फसलों की अधिक उत्पादन वाले और बीमारी तथा कीटाणुओं से बचाव की क्षमता रखने वाले बीजों के मिनी किट किसानों को उपलब्ध कराने की योजना है।

# न्यायपालिका की नाकामी के क्या हैं कारण?

**सार्वजनिक** बुद्धिजीवी और मीडिया टिप्पणीकार 'विधि के शासन' पर अत्यधिक विश्वास रखते हैं, यह और बात है कि नियम शक्तिशाली लोगों द्वारा बनाये जाते हैं और एक ऐसी व्यवस्था में लागू किये जाते हैं जहां संसाधन संपन्न लोग उनकी व्याख्या अपने फायदे के लिए कर सकते हैं। इस आलेख में हम इस विषय में बात करना चाहेंगे कि विधि का शासन सभ्य समाज के लिए एक आवश्यक शर्त है लेकिन यह न्याय दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं है। सबसे पहले हम न्यायपालिका पर ध्यान केंद्रित करेंगे, खासतौर पर उच्च न्यायपालिका पर, इस कड़ी के अगले आलेखों में हम पुलिस सुधार और नागरिक समाज पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आखिरी आलेख में मैं यह दलील दूंगा कि स्थानीय समुदायों के अधिकारों और कर्तव्यों की सफलता की संभावना तब अधिक होती है जब विधि के शासन और सांप्रदायिक शांति को कायम रखा जाए, बजाय कि केवल संविधानवाद पर जोर देने के।

सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक अदालत और अंतिम अपील अदालत के रूप में अपना काम करने में नाकाम रहा। वह न तो कानून का प्रवर्तन संतोषप्रद ढंग से कर सका है और न ही निर्णय में एकरूपता सुनिश्चित कर सका ताकि न्याय होता दिख सके। राह चलते किसी भी व्यक्ति से पूछिए कि क्या उसे अदालत से न्याय मिलेगा? ज्यादातर लोग अनिश्चित दिखेंगे। ऐसा न केवल अंतहीन देरी की वजह से है बल्कि निर्णयों में भारी अंतर के कारण भी है। गत माह न्यायमूर्ति यू यू ललित (जो अगस्त में देश के प्रधान न्यायाधीश बनेंगे) की अध्यक्षता वाले तीन न्यायधीशों के एक पीठ ने चार वर्षीय बच्चे का बलात्कार और हत्या करने वाले की सजा घटा दी। दलील यह दी गई कि हर पापी का भविष्य होता है। सोशल मीडिया पर इसकी जमकर आलोचना हुई। उसी दिन ठाणे की एक अदालत ने सात वर्षीय बच्चे का बलात्कार और हत्या करने वाले को मौत की सजा सुनाई। ऐसे ही एक मामले में बंबई उच्च न्यायालय ने मौत की सजा बरकरार रखी। निर्भया मामले में सभी दोषियों को मौत की सजा दी गई। यदि समान मामलों में निर्णय अलग-अलग हो सकते हैं तो न्याय की आशा कैसे की जाए?

गत वर्ष लेखक डेनियल कानमैन, ओलिवियर सिबोनी और कास आर सस्टीन ने एक पुस्तक प्रकाशित की जिसका शीर्षक था: अ फ्लॉ इन ह्यूमन जजमेंट। उन्होंने दिखाया कि कैसे अमेरिका में एक जैसे मामलों में अलग-अलग निर्णय सुनाये जा सकते हैं। सन 1984 में वहां सेंटेंसिंग कमीशन गठित किया गया ताकि एक जैसे मामलों में समान सजा सुनायी जा सके। परंतु समय बीतने के साथ अमेरिकी उच्च न्यायपालिका ने इन दिशानिर्देशों को शिथिल कर दिया ताकि न्यायाधीश अपने सोच से निर्णय ले सकें।

हमारे उच्चतम न्यायालय ने भी अदालतों को किसी केंद्रीय दिशानिर्देश से मुक्त करने के लिए यही किया। सन 1999 और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने दंड प्रक्रिया संहिता में अहम बदलाव किए और दीवानी मामलों के स्थगन, समन जारी करने तथा लिखित वक्तव्यों की सीमा तय की। परंतु सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहते हुए इन्हें लगभग निष्क्रिय कर दिया कि ये केवल दिशानिर्देश हैं, कोई वैधानिक सीमा नहीं। प्रश्न यह है कि न्याय अगर समय पर न मिले तो उसे न्याय कैसे कहा जाए?

दूसरी बात यह है कि सर्वोच्च न्यायालय प्रायः सुर्खियां बटोरने वाली जनहित याचिकाओं को तवज्जो देता है, बजाय कि आम लोगों की जरूरत से जुड़े मामलों के। सुप्रीम कोर्ट ऑब्जर्वर के एक विश्लेषण के अनुसार सन 1985 से 2019 के बीच सालाना औसतन 26,000 जनहित याचिकाएं लगायी गईं। सर्वोच्च न्यायालय उनमें से अपनी मर्जी से मामलों की सुनवायी करता है। हाल के वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने राजमार्गों पर बार हों या नहीं, दिल्ली आने वाली एसयूवी पर ज्यादा कर हो या नहीं और कोविड के दौरान ऑक्सीजन और टीकों की आपूर्ति तक हर तरह के मामले सुने। दुनिया के किसी अन्य देश में आपको ऐसा देखने को नहीं मिलेगा कि सरकार के साथ-साथ न्यायालय भी ऐसे नीतिगत मसलों में उलझा हो। दूसरी ओर वास्तविक संवैधानिक मसले- नागरिकता संशोधन अधिनियम की वैधानिकता, हिंदुओं के अपने उपासना स्थलों पर पूजा करने के अधिकार, अनुच्छेद 370 को रद्द करना और सबरीमला फैसले की समीक्षा जैसे मामले वर्षों से लंबित हैं। अयोध्या विवाद का निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 2010 के निर्णय के नौ वर्ष बाद आया। यह भी कहा जा सकता है कि अगर 2019 के आम चुनाव के नतीजे इतने निर्णायक न होते तो अदालत शायद अभी और समय लेती। संवैधानिक अदालतें भी मामलों का चयन इस आधार पर करती हैं कि वह कितनी सुर्खियां बटोर सकता है। खासकर अंग्रेजी और अंतरराष्ट्रीय मीडिया में। हालांकि इसका कारोबार और अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है या कई बार यह निष्प्रभावी भी साबित होता है। यही कारण है कि हमें 2जी स्पेक्ट्रम और कोयला ब्लॉक आवंटन मामलों में ऐसे निर्णय सुनाये गए जहां उन लोगों को भी नुकसान हुआ जो धोखाधड़ी का हिस्सा नहीं थे। अदालतें कहती हैं कि सरकारें संविधान के कुछ बुनियादी गुणों में संशोधन नहीं कर सकतीं लेकिन वे उन गुणों के बारे में कुछ नहीं बतातीं। संपत्ति का अधिकार तो बुनियादी गुण नहीं है लेकिन न्यायाधीशों द्वारा न्यायिक नियुक्तियों पर निर्णय करना बुनियादी गुण है। निजता मूल अधिकार है जबकि लाखों भारतीय अपने अधिकार बड़ी तकनीकी कंपनियों को सौंप रहे हैं। जेल नहीं बल्कि जमानत मानक होना चाहिए लेकिन निचली अदालतें किसी भी शक्तिशाली नेता की निंदा करने वाले की गिरफ्तारी पर मुहर लगा देती हैं। विधि आयोग ने सुझाव दिया है कि सर्वोच्च न्यायालय को दो हिस्सों में बांटा जाना चाहिए। दिल्ली में एक हिस्सा संवैधानिक अदालत हो जबकि दूसरा हिस्सा गैर संवैधानिक मामलों की अंतिम अपील अदालत हो। परंतु अब तक सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ही सुधार में कोई रुचि नहीं दिखायी है। यदि वह स्वयं में सुधार के लिए तैयार नहीं हो सकता तो भला आम लोगों के लिए विधि का शासन कैसे सुनिश्चित करेगा? (ये लेखक केअपने विचार हैं।)





- आर जगन्नाथ

> दूसरी बात यह है कि सर्वोच्च न्यायालय प्राय: सुर्खियां बटोरने वाली जनहित याचिकाओं को तवज्जो देता है, बजाय कि आम लोगों की जरूरत से जुड़े मामलों के। सुप्रीम कोर्ट ऑब्जर्वर के एक विश्लेषण के अनुसार सन 1985 से 2019 के बीच सालाना औसतन 26,000 जनहित याचिकाएं लगायी गईं। सर्वोच्च न्यायालय उनमें से अपनी मर्जी से मामलों की सुनवायी करता है।

## खास बात

### जेल में जुर्म

**यह** विडंबना ही है कि देश की सबसे सुरक्षित माने वाली तिहाड़ जेल में अपराधी सुनियोजित ढंग से हत्याएं करने में सफल हो जाएं। जब राष्ट्रीय राजधानी में स्थित जेल में कड़ी सुरक्षा के बीच ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जा सके तो सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश के दूर-दराज के इलाकों में जेलों में सुरक्षा का क्या आलम होगा। तिहाड़ जेल के अति सुरक्षित वार्ड में बंद कुख्यात अपराधी की दूसरे अपराधी गिरोह ने हत्या कर दी। हालांकि, मृतक भी गंभीर अपराधों में वांछित था, लेकिन फिर भी जेलकर्मियों की सुरक्षा में उसकी हत्या जेलतंत्र की विफलता का ही परिचायक है। निस्संदेह, घटनाक्रम जेल व्यवस्था के छिद्रों की बानगी ही दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि बीस दिन पूर्व भी तिहाड़ जेल में एक अन्य गैंगस्टर की निर्मम हत्या कर दी गई थी। निस्संदेह, कुख्यात अपराधियों की जान को जेल के भीतर बड़ा खतरा होता है तो इस खतरे का आकलन जेल प्रशासन पहले क्यों नहीं कर पाता? बड़े अपराधियों के वार्ड में कड़ी चौकसी और सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद जेल सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को आखिर इसकी भनक क्यों नहीं लगी? ऐसा भी नहीं है कि जिस ढंग से हत्या को अंजाम दिया गया, वो तुरत-फुरत संभव हो गई हो? आखिर जेल अधिकारियों का खुफिया तंत्र क्या कर रहा था जब जेल के भीतर हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा था और हत्या को अंजाम दिया जा रहा था? सवाल ये भी है कि कड़ी सुरक्षा वाली जेलों के भीतर मोबाइल, घातक सामान व नशीले पदार्थ कैसे बरामद होते रहे हैं? कहा जा सकता है कि बिना कर्मचारियों की मिलीभगत या सुरक्षा चूक के ऐसा संभव नहीं। निस्संदेह, कैदियों को सुधारने के लिये बनी जेलों के भीतर भी जुर्म हो जाये तो समाज में नागरिकों की सुरक्षा को राम भरोसे ही कहा जा सकता है। ऐसा लगता है कि कुख्यात अपराधियों के आगे जेल प्रशासन बेदम है। यही वजह है कि जेल के भीतर भी अपराधी जंगलराज चला रहे हैं। कम से कम मंगलवार को जिस ढंग से दुर्दांत अपराधी टिल्लू ताजपुरिया की हत्या हुई वह जेल के भीतर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाती है। यह जेलतंत्र के लिये भी शर्म की बात है।

# एकाग्रता

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**

**अगर** आप मैग्निफाइंग ग्लास लेकर सूर्य के विरुद्ध लगा देते हैं तो ध्यान केंद्रित सूर्य की किरणें किसी वस्तु पर दी गई उसे जला देती हैं। अगर आप मैग्निफाइंग ग्लास हटा देते हैं तो सूर्य की किरणें वस्तु को जला नहीं सकती। मन मनोवैज्ञानिक नहीं है। एक विचार या एक विचार, जिसे आप मन कहते हैं, वह ऊर्जा है। जैसे इस माइक्रोफोन केबल के अंदर ऊर्जा है वैसे ही हमारे शरीर में करंट बहता है। वोल्टेज और आवृत्ति के साथ मन ऊर्जा के रूप में है। इस मन को अल्फा, बीटा, थेटा और डेल्टा की लहरों के रूप में भी मापा जाता है जो अपनी आवृत्ति और वोल्टेज होती है। मन का वोल्टेज ध्यान केंद्रित हो तो बेहतर काम करता है। इसलिए, एकाग्रता एक बहुत वैज्ञानिक सिद्धांत है।

पानी की विभिन्न धाराएं, जब एक साथ इकट्ठा होती हैं, तो एक बल बनाएं और एक जनरेटर ले जाएं। जब भी आप विचार प्रक्रिया को इकट्ठा करते हैं, वह शक्तिशाली हो जाती है और इस पर संदेह नहीं करना चाहिए। यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है और मुझे इसे साबित करने की जरूरत नहीं है। पश्चिमी देशों में लोगों का दिमाग अलग होता है, खासकर जब वे पैतीस या चालीस साल के हो। उनके दिमाग तनावों से भरे हुए हैं। उनका व्यक्तित्व एक विभाजन होता है और उनके दिमाग में बहुत संघर्ष होता है। यदि वे एक विशेष बिंदु पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते हैं, तो वे नहीं कर सकते। यदि वे ध्यान केंद्रित करने की बहुत कोशिश करते हैं, तो एक प्रकार का विभाजन होता है। मन का एक भाग ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रहा है और मन का दूसरा भाग इसका विरोध कर रहा है।

(सत्यानंद योग मिशन)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नारे की प्रासंगिकता

वर्ष 1965 में अमेरिका द्वारा लाल गेहूं देने से इंकार करने के बाद एक नारा तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिया गया था जय जवान, जय किसान। इसी ज्वाला ने किसानों का मनोबल इतना बढ़ाया कि आज हम पूरे विश्व में गेहूं के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश बन चुके हैं। किसानों और जवानों के सशक्तिकरण की भी बात कर रहे हैं।

– रविशंकर सिंह, रांची

### पवार का पावर

**शरद पवार** राजनीति के मंजे हुए खिलाड़ी हैं। कांग्रेस के साथ मतभेद होने के बाद अपनी एनसीपी बना ली। शरद पवार के भतीजे तथा समर्थकों द्वारा भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उसे झटका देने को शरद पवार ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। अब पवार फिर से अध्यक्ष है। यह राजनीतिक ड्रामेबाजी क्षेत्रिय दलों का पॉवर पॉलटिक्स है।

–अनिल, हजारीबाग

**बेंगलुरु** का यह जनसैलाब, प्रचंड समर्थन यह बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति लोगों का विश्वास कितना प्रबल है।

कर्नाटक में इस बार रिकॉर्ड संख्या में कमल खिलेगा, डबल इंजन की सरकार पर जनता पूरी मजबूती से अपनी मुहर लगाएगी।

**– बाबूलाल मंराडी, विधायक**

## आपके ट्वीट

**सच** बोलना देशभक्ति है, देशद्रोह नहीं।
सच कहना देश प्रेम है, देशद्रोह नहीं।
सच सुनना राजधर्म है, सच कुचलना राजहठ है।
डरो मत!

**– राहुल गांधी, पूर्व सांसद**





**राज्य** में शुरू हो रहे इन उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना में तत्कालीन शिक्षा मंत्री स्व जगरनाथ महतो जी का निरंतर प्रयास रहा। राज्य की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो, कोई गरीब संसाधनों के अभाव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से दूर न रहे, प्राथमिकता है। **– हेमंत सोरेन**

# 2030 से 2052 के बीच यह 1.5 डिग्री बढ़ जाएगा तापमान

**ज्ञानेन्द्र रावत**

**जलवायु** परिवर्तन की समस्या के समाधान की दिशा में नवम्बर 2021 में ग्लासगो में आहूत संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में किये जाने वाले क्षेत्रीय प्रयास सफलता में महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। आईपीसीसी की हालिया रिपोर्ट भी इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि मानव गतिविधियां, पूर्व औद्योगिक स्तर से वर्तमान में 1.0 डिग्री ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का प्रमुख कारण रही हैं। यदि यह इसी दर से बढ़ती रही तो 2030 से 2052 के बीच यह 1.5 डिग्री हो जायेगी।

इसके चलते भूमि और महासागरों के औसत तापमान में बढ़ोतरी होगी। कई क्षेत्रों में भारी वर्षा होगी, भयंकर सूखे के हालात पैदा होंगे, समुद्री जलस्तर बढ़ेगा, इससे तटीय समुद्री द्वीप व निचले तटीय देश सर्वाधिक प्रभावित होंगे और डेल्टाई क्षेत्र डूबने के कगार पर पहुंच जायेंगे। जैव विविधता की हानि होगी, जमीन की उर्वरा शक्ति प्रभावित होगी, प्रजातियों की विलुप्ति की दर में और समुद्री जल में अम्लता की दर में तेजी से बढ़ोतरी होगी। आर्कटिक की बर्फ पिघलने की दर तेजी से बढ़ेगी और मत्स्य पालन में भारी नुकसान होने की आशंका बलवती होगी। कोरल व मूंगा की चट्टानें के नष्ट होने की दर में बढ़ोतरी होगी। साल 2100 तक 1.5 डिग्री तक ग्लोबल वार्मिंग रोकने के लिए 100 से 1000 गीगाटन के बीच कार्बन 6डाईआक्साइड को घटाना होगा।

असल में यह रिपोर्ट कृषि अपशिष्ट, कोयला खनन, मीथेन पर एक नये विज्ञान को समझने की बेहद जरूरत का खुलासा करती है। इसे अभी तक लगभग एक-चौथाई वैश्विक तापमान के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद नीति निमार्ताओं ने बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि वैश्विक तापमान वृद्धि से लम्बे समय से बचने का एक तरीका नवीकरणीय ऊर्जा की ओर जाना है।

यह कटु सत्य है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के आधे से अधिक उत्सर्जन के लिए जिम्मेवार है। इसे यदि वैश्विक आबादी के स्तर पर देखें तो यह वैश्विक आबादी के एक महत्वपूर्ण अनुपात के साथ दुनिया के सबसे अधिक तेजी से विकासशील क्षेत्रों में से एक है। गौरतलब यह है कि इसी क्षेत्र में ऐसे बहुतेरे छोटे-छोटे द्वीप हैं, जिनका अस्तित्व आज समुद्री जल स्तर में बढ़ोतरी के चलते खतरे में है। जलवायु सप्ताह के अंत में जापान के पर्यावरण मंत्रालय के उपमहानिदेशक सुश्री केइको सेगावा ने कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र को दुनिया के डिकार्बनाइजेशन के लिए एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए। आज जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव समूची दुनिया के लिए भीषण समस्या है। दरअसल जलवायु परिवर्तन आज एक ऐसी अनसुलझी पहेली है, जिससे हमारा देश ही नहीं, समूची दुनिया जूझ रही है। जलवायु परिवर्तन और इससे पारिस्थितिकी में आये बदलाव के चलते जो अप्रत्याशित घटनाएं सामने आ रही हैं, उसे देखते हुए इस बात की प्रबल संभावना है कि इस सदी के अंत तक धरती का काफी हद तक स्वरूप ही बदल जायेगा। इस विनाश के लिए जल, जंगल और जमीन का अति दोहन जिम्मेवार है। बढ़ते तापमान ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। वैश्विक तापमान में यदि इसी तरह बढ़ोतरी जारी रही तो इस बात की चेतावनी तो दुनिया के शोध अध्ययन बहुत पहले ही दे चुके हैं कि आने वाले समय में विश्व में 2005 में दक्षिण अमेरिका में तबाही मचाने वाले आये कैटरीना नामक तूफान से भी भयानक तूफान आयेंगे। सूखा और बाढ़ जैसी घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। तापमान में बढ़ोतरी की रफ्तार इसी गति से जारी रही तो धरती का एक-चौथाई हिस्सा रेगिस्तान में तबदील हो जायेगा। दुनिया में भयंकर सूखा पड़ेगा। इससे दुनिया के 150 करोड़ लोग सीधे प्रभावित होंगे। इसका सीधा असर खाद्यान्न, प्राकृतिक संसाधन, और पेयजल पर पड़ेगा। अधिसंख्य आबादी वाले इलाके खाद्यान्न की समस्या के चलते खाली हो जायेंगे और बहुसंख्य आबादी ठंडे प्रदेशों की ओर कूच करने को बाध्य होगी।

# जाति के बंधन से विकास को गति देना कठिन होगा

## सामयिक

**रविरंजन**

**देश** के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बिहार राज्य के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ता चला जा रहा है। जिस राज्य से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से आजादी के अपने अभियान को शुरू किया था। जिस राज्य की धरती से 70 के दशक में भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ एक अभियान शुरू हुआ था, वही बिहार अब विकास के पायदान में सबसे पीछे रहने के लिए अभिशप्त है। बिहार की जनता ने अपने नेताओं को सर-माथे पर बैठाने से कभी गुरेज नहीं किया। बिहारी जनता ने जिस नेता को भी प्यार दिया, भरपूर दिया। जब कांग्रेस के साथ रही तो पटना से लेकर दिल्ली तक के तख्त पर बैठाने में अपना योगदान दिया। जब सामाजिक न्याय के नारे पर भरोसा कर लालू यादव को सत्ता थमाई तो पटना से लेकर दिल्ली तक लालू यादव का अलग ही जलवा हुआ करता था। लालू राज के बाद बारी आई नीतीश कुमार की और नीतीश कुमार ने भी एक दौर में न केवल समता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड बल्कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दल को भी अपनी मर्जी से चलाया।

लेकिन ऐसे बिहार का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि यहां के नेता विकास की कम और जाति की बात ज्यादा करते हैं। आरोप लगाया करते थे।

1990 के बाद बिहार में एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन हुआ जिसे लाने वालों ने इसे सामाजिक न्याय का नाम दे दिया। यह दावा किया गया कि बिहार में सदियों से जो सामाजिक स्तर पर भेदभाव किया गया, उसे बदलने का अब सही वक्त आ गया है। 1990 में लालू यादव पहली बार जनता दल के नेता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद शुरू हो गया मंडल और कमंडल का दौर। इन दोनों ने देश के साथ-साथ बिहार की राजनीति को भी बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

बिहार जातीय हिंसा और तनाव के एक ऐसे गहरे कुंए में फंस गया जिसने बिहार को बर्बाद कर दिया। प्रतिभाओं का पलायन होने लगा और फिर इस लालू राज को जंगल राज बताते हुए लालू के सबसे करीबी रह चुके नीतीश कुमार ने 1994 के बाद से ही भाजपा के सहयोग से लालू विरोध का बिगुल बजा दिया। हालांकि उन्हें कामयाब होने में 11 साल लग गए। 2005 में उन्होंने लालू और उनकी पत्नी के राज का अंत कर बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

उनके 5 साल के पहले कार्यकाल में विकास की बयार बहुत तेजी से आगे बढ़ी लेकिन बाद में यह रफ्तार थम गई और ऐसा साफ-साफ नजर आने लगा कि अब नीतीश कुमार का भी सारा ध्यान वोट बैंक को मजबूत कर चुनाव दर चुनाव जीतना भर रह गया। पिछले 16 वर्षों से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं लेकिन कभी उन्हें दलित-महादलित का कार्ड खेलना पड़ता है तो कभी पिछड़ी जातियों का राग अलापना पड़ता है।

बिहार का दुर्भाग्य देखिए कि पिछले 31 सालों से सामाजिक न्याय का नारा बुलंद करने वाले लोगों का ही शासन है, जिनका लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट था कि उन्हें विकास की दौड़ में पिछड़ चुकी जातियों को आगे लाना था।

हर तरह से दलित, पिछड़े लोगों का विकास करना था लेकिन विडंबना देखिए कि 31 साल तक बिहार पर राज करने के बाद भी उन्हें देश के प्रधानमंत्री के सामने जाकर गुहार लगानी पड़ती है कि जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करवा दीजिए ताकि उस आधार पर हम आरक्षण बढ़ाने की मांग कर भविष्य में कर सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### इफिको की भूमि पर कब्जे का विरोध



**रामगढ़।** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड एसआरयू इफिको के जमीन पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से चहारदिवारी को मंगलवार 2:00 बजे तोड़े जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में इफिको के यूनियन पदाधिकारी आनंद प्रताप सिंह ने बताया की बिहार फाउंड्री कास्टिंग्स लिमिटेड द्वारा 9 मई की रात 2:00 बजे स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड एसआरयू इफिको के जमीन पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से उसकी चाहरदिवारी को तोड़ा गया। बताया की इसकी जानकारी पर सुरक्षा प्रभारी सुनील कुमार सहित इफिको के यूनियन पदाधिकारी आनंद प्रताप सिंह, दिवाकर गिरी, संतोष सिंह, मंजू किशोर बेदिया, सुभाष राम, महेश प्रजापति पहुंचे और चाहरदिवारी तोड़े जाने का विरोध किया। बताया की मामले की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है। बताया की वहां अवैध यदि अवैध कब्जा का प्रयास होता है तो इसका विरोध करते हुए हम प्रशासन का सहयोग लेंगे।

### तेज हवा ने उड़ा सीट का घर

**विष्णुगढ़।** मडमो पंचायत के टोला डुमरिया टांड मे बिना बारिश के तेज भेरहो हवा ने गणेश टुडू पिता स्व. पूसा मांझी का सीटा का घर उड़ा गए सुचना मिलते ही पोहचे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय मिर्धा और पसस बहराम हांसदा बेघर हुए परिवार को अंचल अधिकारी को लिखित आवेदन देने का सुझाव दिए और समिति ने विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### बेरोजगार युवाओं ने लगायी दौड़



**कुजू।** हेमंत सोरेन की चुनावी घोषणा पत्र में स्थानीयता एक प्रमुख मुद्दा था। सरकार ने अपने तीन वर्ष के शासनकाल में किसी को नौकरी नहीं दिया। अगर किसी को दिया भी तो रघुवर दास की नीति के आधार पर दिया। उक्त बातें खतियानी झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने कही। श्री महतो नियोजन नीति लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को करमा बलिया पहुंचे थे। उनके द्वारा यह अभियान झारखंड के सभी विधानसभा में चलाया जा रहा है। वे अभियान के 89 वें दिन युवक-युवतियों तथा बेरोजगार साथियों के साथ 21 किलोमीटर की मैराथन दौड़ लगाई। दौड़ बलिया चौक से प्रारंभ होकर महतो मार्केट, दिगवार, नया मोड़, डटमा मोड़, कुजू चौक होते हुए हेसागढ़ा पहुंचकर समाप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह झारखंडी झारखंडियों के लिए अलग हुआ था। ना कि बाहरियों के लिए। उनके अंदर बाहरी प्रेम कहां से आ गया। रोज नए- नए नीति लाये जा रहे है। कभी मैट्रिक इंटर वाली तो कभी 60-40 की नीति। आलम यह है कि शिक्षित बेरोजगार युवक- युवतीयां आज अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे है।

### श्री अग्रसेन स्कूल में लगा समर कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप फन फूड मस्ती के दूसरे दिन बुधवार को बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई। मेडिटेशन, योग, पेपर क्राफ्ट, लीफ क्राफ्ट, पेंटिंग, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, स्टोरी टेलिंग, पपेट शो क्विज आदि एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों में उत्साह का संचार किया गया। जुम्बा और डांस में बच्चों ने भरपूर मस्ती की। बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझदारी विकसित करने के लिए समर कैंप के दौरान क्यारी सजावट और पौधरोपण की एक्टिविटी कराई गई। साथ ही खेल-खेल में बच्चों को कहानी और कविता भी याद कराई गई। मौके पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि समर कैंप बच्चों के मन से पढ़ाई के डर को दूर करता है। उन्हें नई गतिविधियां सीखने को मिलती है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में दूसरों की मदद करने का भाव जागृत होता है। समर कैंप बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक, संवेदनात्मक विकास के जरूरी होता है। साथ ही बच्चों में अच्छे गुणों और सही संस्कार का बीज बोने का यही सही वक्त होता है। प्रतिदिन बच्चे जलपान के रूप में बड़ा पाव, जलेबी, शरबत, झाल-मूढ़ी, आइसक्रिम, खीरा, तरबूज का लुत्फ उठा रहे हैं। समर कैंप को सफल बनाने में करुणा राजगढ़िया, सोनम खातून, प्रीति कुमारी, नाजिया तौहिद, दिव्या कुमारी, मम्पी पल, रागिनी सिंह, लालसा प्रजापति, उषा कुमारी, सीमा लकड़ा, रीता राय जुटे हुए है।

### विकास कार्यो को ले सीसीएल प्रबंधन व जन प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक

**कुजू।** सीसीएल सामाजिक निगमित दायित्व अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के वार्षिक विकास प्लान को लेकर सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ सीसीएल प्रबंधन की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी व संचालन एसओपी एमएफ हक ने किया। बैठक के दौरान सीसीएल सीएसआर योजना अंतर्गत पड़ने वाले 24 पंचायतों के विकास कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। साथ ही गत वर्ष पूर्व मुखिया द्वारा दिए गए विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए 2023 - 24 की योजनाओं का चयन किया गया। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधिओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, बिजली की समस्या को जल्द समाधान को लेकर सीसीएल प्रबंधन के समक्ष अपनी-अपनी बात रखी। साथ ही पानी की समस्या को लेकर डीप बोरिंग कराने की मांग की। जहां प्रबंधन ने प्रतिनिधियों को योजना से बुनियादी सुविधाओं को जल्द बहाल कराने का आश्वासन दिया। वहीं शिक्षा, स्वास्थ और ग्रामीण स्तर पर रोजगार मुहैया के मुद्दे पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मौके पर प्रबंधन की ओर से क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक बीसी सुधांशु, विजय प्रकाश, एएन मिंज, तबरेज आलम, प्रताप रंजन, संतोष कुमार, भूषण यादव, जनप्रतिनिधियों की ओर से सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, जिप सदस्य सर्वेश सिंह, दयामन्ति देवी, तपेश्वर महतो, सुनीता देवी, मुखिया संजय प्रसाद, जय कुमार ओझा, ललिता देवी, राकेश कुमार, खगेश्वर महतो, महफूजा खातून, गुड़िया देवी व अनीता देवी उपस्थित थे।

# बजरंग दल ने 55 स्थानों पर किया शक्ति जागरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**बरही।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल झारखंड प्रांत के निर्देश में प्रखंड अंतर्गत 55 स्थानों पर 2000 लोगों ने हनुमान शक्ति जागरण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर हनुमान चालीसा और महाआरती किया। गौरतलब हो कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान भारत की कांग्रेस पार्टी ने बजरंग दल जैसे समाजसेवी संगठन पर प्रतिबंध लगाने संबंधी घोषणा पत्र जारी किया था। इस कार्यक्रम में बरही प्रखंड कमिटी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोपहर बाद से ही लोगों को इस कार्य के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार वाहन के माध्यम से जागरण करना प्रारंभ कर दिया। परिणाम स्वरूप बरही प्रखंड अंतर्गत 55 स्थानों पर लगभग 2000 सनातनी बंधुओं ने राम भक्त हनुमान के लिए शक्ति का जागरण किया और प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त कलयुग के जीवंत देव हनुमानजी की आराधना कर सनातनी एकता का परिचय दिया। इस पर अपना मंतव्य देते हुए प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चन्द्रवंशी ने कहा कि जो राम का नहीं, हनुमान का नहीं। वह किसी काम का नहीं। ऐसे विधर्मियों का नाश होना निश्चित है क्योंकि रावण की लंका केवल हनुमान जी के पूछ में आग लगाकर उन्हें दंड देने की बात कहने के कारण जली थी। आज विधर्मियों ने उसी बजरंगबली के देश में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के बात की है तो निश्चित रूप से बजरंगबली अपना रौद्र रूप धारण कर इन विधर्मियों की विरासत को जलाकर राख करेंगे और प्रभु श्री राम की मर्यादा को बनाए रखने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, जिला गोरक्षा प्रमूख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रदीप चंद्रवंशी, मिलन प्रमुख मुन्ना सोनी, धर्म जागरण प्रमुख चन्दन केशरी, कृष्णा केशरी, राजेंद्र केशरी, राजकिशोर गुप्ता, राजदेव यादव, चन्दन कुमार सिंह, विनोद केशरी, मनोज केशरी, रमेश केशरी, धर्मेंद्र पंडित, प्रभु राणा, संतोष प्रजापति, संजय यादव,विजय राणा सहित अन्य भक्त शामिल थे।

### विष्णुगढ़ में भी हुआ हनुमान चालीसा पाठ

**विष्णुगढ़।** हनुमान चालीसा पाठ विष्णुगढ़ श्री राम मंदिर बाजार टान्ड रमुआ हनुमान मंदिर से की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बजरंग दल जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा पुस्तक वितरण करके किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखन्ड संयोजक प्रकाश राणा एवं संचालन प्रखंड मंत्री सिकन्दर कुमार ने किया। वरुण कुमार ने कहा कि बजरंग दल देश एवं हिंदुत्व का बल है कांग्रेश के इस बयान पर उसे माफी मांगनी चाहिए। वही मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे विहिप के प्रखन्ड मंत्री मंत्री सिकन्दर कुमार ने बताया बजरंग दल हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार है एवं पूरे प्रखन्ड भर में हनुमत जागरण हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही हिंदुत्व विरोधियों को धूल चटाने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# रामगढ़ में ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की मौत

## वीर कुंवर सिंह चौक पर हादसा, पति और बच्चा घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक पर बुधवार को एक सरिया लदे ट्रक ने स्कूटी पर सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में महिला सबीना खातून की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में सबीना के पति शहादत हुसैन और उसका डेढ़ साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने वीर कुंवर सिंह चौक को जाम कर दिया और जमकर बवाल काटा। आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर ट्रक के शीशे तोड़ डाले और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। घटना के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश कर रहे हैं। भुरकुंडा थाना क्षेत्र के महुआ टोला निवासी शहादत हुसैन अपनी पत्नी सबीना खातून और डेढ़ साल के बच्चे के साथ रामगढ़ के अस्पताल में अपने परिजनों से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान रामगढ़-रांची रोड मार्ग पर वीर कुंवर सिंह चौक के पास सरिया लदे ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी।

### महुआटोला में हाईवा ने घर की दीवार तोड़ा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के महुआटोला में मंगलवार रात कोयला लदा हाईवा असंतुलित होकर घर की चाहरदिवारी में टक्कर मार दिया। जिसके कारण घर में सो रहे चार लोगो को हल्की-फुल्की चोटे आईं। वहीं घर के पास खड़ा ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया। बुधवार को हाईवा हटाने पहुंचे पुलिस का ग्रामीण ने जमकर विरोध किया। मंगलवार रात 12 बजे भदानीनगर से बरकाकाना की ओर कोयला लेकर जा रहा हाईवा नंबर जेएच 02 एएफ 2133 महुआटोला के पास असंतुलित होकर रॉंग साईड के मकान के चाहरदिवारी को तोड़ दिया ओर घर में घुस गया। घर में सो रहे देवंती देवी, अमन करमाली, विराट और रौनक के उपर गिर गया। जिसमें देवंती देवी के पैर और कंधा में चोटे आई। वहीं अन्य लोगों को हल्की चोट लगी है।

# बिजली को ले अधीक्षण अभियंता से मिला सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संतोष सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड सेवा समिति के सदस्यों के साथ लघु उद्योग भारती के सदस्य एवं रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी समिति के भी कुछ सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में बताया की गर्मी के इस भीषण प्रकोप में शहर सहित जिलाभर में अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया की अनियमित विद्युत आपूर्ति से बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं, जिला में संचालित विभिन्न उद्योग एवं व्यवसायों पर भी अनियमित विद्युत आपूर्ति का प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को बताया की घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण इसका फायदा चोर और उच्चके उठा रहे हैं और शहर में चोरी एवं डकैती की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता से शहर सहित जिलाभर में विद्युत आपूर्ति को शीघ्र नियमित करने की मांग की है। ताकि गर्मी के इस भीषण प्रकोप से लोगों को राहत मिल सके। समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति को नियमित नही किया गया तो झारखंड सेवा समिति सहित रामगढ़ वासी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन को विवश होंगे।

प्रतिनिधि मंडल में अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, रामगढ़ चेंबर के पूर्व अध्यक्ष सह कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र प्रसाद, चेंबर के कार्यकारिणी सदस्य सह लघु उद्योग भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय मेवाड़,रंजन फौजी, नीरज सिंह, आर प्रसाद, संजय कुमार दांगी, विनोद कुमार, नवनीत कुमार आदि शामिल थे।

### पर्यटन निदेशक ने पतरातु लेक का निरीक्षण किया



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गुरुवार को रामगढ़ जिले में संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को पर्यटन निदेशक झारखंड सरकार अंजलि यादव, उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातु लेक रिजॉर्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यक्रम के मद्देनजर की जा रही तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए । उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों व लोगों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, भीड़ भाड़ नियंत्रित करने, ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सुरक्षा व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# रोहित हत्याकांड मामले में आया एक नया मोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सड़क दुर्घटना में घायल होने पर रोहित की बिगड़ी थी तबियत
- मौत के बाद ग्रामीण व परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर थाना में किया था प्रदर्शन

बरही। विगत दो दिनों पूर्व रोहित पंडित के मृत्यु को हत्या का मुद्दा बनाकर काफी शोर शराबा किया गया।परन्तु पुनि ललित कुमार के नेतृत्व में बरही पुलिस ने जांच कर पाया कि रोहित पंडित की हत्या नही बल्कि सड़क दुर्घटना का कारण प्रमुख था।जिससे रोहित हत्याकांड मामले की जांच में पूरा मामला ही पलट कर रख दिया है। बरही थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि रोहित पंडित हत्याकांड का जांच पड़ताल के क्रम में नए तथ्य सामने आए है, जिससे प्रथम द्दष्टया प्रतीत होता है कि मामला हत्या का नही है। इस सम्बंध में आगे की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने इस मामले में विस्तार से बताते हुए कहा कि 3 मई की सुबह रोहित पंडित मारपीट की घटना की शिकायत लेकर बरही थाना आया था। थाना में उसने खुद अपने हस्ताक्षर से प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन कम्प्यूटर टाइप किया हुआ था। इसके बाद थाना से उसे इंज्युरी जांच के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। बरही अस्पताल में सुबह 11.15 बजे प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। अस्पताल में उसे सरकारी एम्बुलेंस दिया गया पर वह उसमे जाने के बजाय मोटरसाइकिल पर बैठ कर हजारीबग जा रहा था। मोटरसाइकिल पर उसके साथ उसकी माँ भी बैठी थी व उसका मामा चला रहा था। एनएच 33 पर करसो पंचायत भवन के समीप उसके मोटरसाइकिल के सामने अचानक एक गाय आ गई व भयंकर दुर्घटना हो गई। इसमें गाय तो मौके पर ही मर गई व रोहित पंडित बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गया था। उसका मामा भी घायल हुआ। ठीक उसी समय हजारीबग जाने के क्रम में करीब डेढ़ बजे बरही डीएसपी नाजीर अख़्तर वहाँ पहुंचे तो उन्होंने घायलों की स्थिति को देख तुरन्त बरही अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी को फोन कर सूचना दी, एम्बुलेंस मंगवाया व घायलों को बरही हॉस्पिटल भेजवाया। अस्पताल में डॉक्टरो की टीम घायल व बेहोश रोहित पंडित को दोबारा देख कर दंग रह गए। अस्पताल में उसका प्राथमिक उपचार कर सरकारी एंबुलेंस में उसे बरही से हजारीबाग मेडिकल अस्पताल भेजवाया गया। हजारीबग से उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई थी व रिम्स में 4 मई की रात इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच में मिले इन नए तथ्यों को अनुसंधान डायरी में दर्ज कर लिया गया है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी की माने तो बरही डीएसपी के फोन पर सरकारी एम्बुलेंस भेज कर घायलों को करसो दुर्घटना स्थल से अस्पताल लाया गया तो अस्पताल के लोग देख कर दंग रह गए। रोहित को 3 मई को दिन सवा ग्यारह बजे मारपीट के मामले में प्राथमिक उपचार कर रेफर किया गया था, दो बजे वह सड़क दुर्घटना में घायल के रूप अस्पताल लाया गया। रोहित बेहोश था व गैसपिंग हो रहा था।

## एक नजर में

### पदमा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू



**पदमा।** कर्मटाड़ में स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिव कुमार कुमार राणा के नेतृत्व में 10 – 16 मई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रशिक्षुओं सहित कुल 76 व्यक्तियों ने शिरकत किया। उद्घाटन में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था । स्वागत गान, एनएसएस लक्ष्य तथा प्राचार्य चेतलाल प्रसाद के संबोधन के बाद डॉ राणा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा कार्यक्रम की आगामी 6 दिनों तक होने वाली गतिविधियों की जानकारी दिया, तदोपरांत प्रशिक्षुओं ने परिसर को साफ सुथरा किया । एनएसएस स्वयंसेवकों ने उद्घाटन के उपरांत गोद लिए हुए गांव पार नदी चंपाडीह में जाकर स्वच्छता संबंधी जागरूकता के लिए घर-घर जाकर संदेश प्रेषित किया प्रशिक्षुओं में अनिल, विजय, रूपा, जया, आभा, ऐश्वर्या, स्वाति, मोनिका, सुजीत, पिंकल, रूबी, सीताराम, मृदुला, प्रियंका, एनीस, मीरा सुमन आदि सहित सभी प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी किया तथा मंच संचालन नीरज ने किया ।

### चरही में अवैध कोयले से लदे दो ट्रक जब्त

**चरही।** वनविभाग ने मंगलवार रात अवैध कोयले से लदे ट्रक को जब्त किया।दोनों ट्रकों को चरही वन परिसर कार्यालय में लाया गया।जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।साथ ही दोनों ट्रक मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।जानकारी के अनुसार मांडू रेंजर विनोद नंद राय और कुजू रेंजर केदार राम को गुप्त सूचना मिली थी।दोनों पदाधिकारियों ने टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया।इस अभियान के तहत चरही रेलवे साइडिंग के समीप दो ट्रक जब्त किए गए।दोनों ट्रक जोराकाठ जंगल से अवैध कोयला लादकर चरही की ओर आ रहे थे। घात लगाए वन विभाग के पदाधिकारियों ने दोनों ट्रकों को धरदबोचा।मांडू रेंजर श्री राय ने बताया कि जब्त किये गए दोनों ट्रक जोराकाठ जंगल से कोयले को अवैध उत्खनन कर जंगल में भंडारण किया गया था।जहां से कोयला तस्करों ने दोनों ट्रकों पर अवैध कोयला लादकर चरही एनएच 33 होते हुए यूपी के कोल मंडी में भेजा जाना था।इस क्रम में बिहार के भोजपुर निवासी पप्पू कुमार,प्रमोद कुमार दोनों के पिता रामकिशन सिंह और हजारीबाग के कोर्रा निवासी नागेश्वर कुमार पिता नंदलाल महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों ट्रक मालिकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### रामचरित मानस महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

**चरही ।** प्रेमनगर कॉलोनी में बुधवार को श्री श्री 108 श्री रामचरित मानस महायज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा के दौरान जय श्री राम, जय बजरंग बली, जय हनुमान आदि का भक्तगण जयकारा लगाते रहे थे। कलश यात्रा मंदिर परिशर से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए बोकारो नदी पहुंची। यहां पर आचार्य राकेश कुमार पांडेय (मांडू), वाराणशी से आए यज्ञाचार्य रोहित कुमार पांडेय, रणवीर पांडेय, अनिश पांडेय, शशी पांडेय, पप्पू पांडेय, अजय पांडेय, शुभम पांडेय, कृष्णा पांडेय, प्रवीण पांडेय, नकुल पांडे, दिवाकर पांडेय, उमेश पांडेय, आशिष शास्त्री, हरिओम तिवारी, त्रिवेणी मिश्रा, सोनु सुदर्शन शुक्ल महाराज ने यजमान संजय चौबे, प्रेमचंद रवानी, गोविंद चौहान, धनंजय सिंह, तेजेंद्र महतो, कामदेव ठाकुर और साहेब महतो सपत्नीक के साथ जल का आह्वान कराकर कलश में जलभर कर सौंपा। उसके बाद कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। यज्ञमंडप में पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश किया गया। कमेटी के सचिव मंगल सिंह ने बताया कि 10 से 18 मई तक प्रतिदिन रात्री में अंजनी गोस्वामी (प्रयागराज) अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं के बीच ज्ञान रूपी वर्षा करेंगी। 9 मई की रात भक्ति जागरण होगा।

### पुल निर्माण में लगे टॉवर और लोहे की चोरी

**चरही।** मंगलवार रात चरही थाना क्षेत्र के सिंघाड़ा टोला स्थित बोकारो नदी पर डीएमएफडी फंड से बन रहे पुल के निर्माण में लगे टॉवर समेत कई लोहे के समानों को चोरों ने हाथ साफ किया। इस संबंध में पुल निर्माण कर रहे संवेदक नागेश्वर ओहदार ने चरही और मांडू थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है।संवेदक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने कि मांग की है।इस पूल के बनाने से सीधे मांडू एनएच-33 को जोड़ेगी।इससे तापिन, पिंडरा, परेज, फुसरी, समेत कई गांव सीधे मांडू प्रखंड कार्यालय से जुड़ जाएगी।

### शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाली कलश यात्रा



**बरही।** दुलमाहा पंचायत अंतर्गत करमा गांव में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांव की कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष सह संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर मलकोको पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साव, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, पंसस नीलम देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र गिरी, कमलशंकर पंडित, रोहित यादव मौजूद थे। अतिथियों ने क्षेत्र के लोगों के लिए उन्नति एवं सुख शांति समृद्धि की मंगल कामना किया। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व मुखिया विजय यादव ने कहा कि सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है, ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु व महेश के साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। उन्होंने खबकी धार्मिक अनुष्ठान करने से वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का उत्सर्जन होता है जिससे धन धान्य एवं सुख समृद्धि का निरन्तर विकास होता है।धार्मिक आस्था की अनुसार ईश्वर के साथ सीधा संपर्क स्थापित होता है।जिसके कारण भगवान की अनुकंपा श्रद्धालुओं पर बनी रहती है।। मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष तुलसी ठाकुर, सचिव परमेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, जितेंद्र सिंह, रामदेव यादव, चुरामन पांडेय, मलकोको पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, बंसी ठाकुर, सिकंदर ठाकुर, मनोज मोदी, बाबू लाल यादव, मनोज यादव, दिलीप यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चोर पिकअप वाहन में लेकर भागे थे मशीन

दारू। दारू थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटना के बीच चोरी की एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमे चोरों द्वारा एक ढलाई मशीन की चोरी कर ले जाया जा रहा है। यह चोरी की घटना सात मई को हुई थी जिसमे एनएच 522 के किनारे प्रखंड मुख्यालय भवन के ठीक सामने रखे ढलाई मशीन की।चोरी हो गई थी। यह मशीन छोटका इरगा निवासी रघु साव की थी जिसकी कीमत तीन लाख रुपैये थी। पुलिस द्वारा की जा रही जांच में सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है जिससे चोरों का सुराग मिल सके। इस मामले में दारू थाना पुलिस का कहना है कि तहकीकात की जा रही है जल्दी ही इस चोरी की घटना का उद्भेदन हो जाएगा।

### दो बाइक में जबरदस्त टक्कर, दो गंभीर

**इचाक।** थाना क्षेत्र के इचाक बरकट्ठा रोड पर मोकतमा गांव के छ्बेलवा में दो मोटरसाइकिल में आमने सामने से जबरदस्त टक्कर हो गई। जिससे बाइक में सवार दो व्यक्ति गम्भीर रुप से घायल हो गए। घटना बुधवार को सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बरकट्ठा से एक मोटरसाइकिल (जेएच 02बीएच 3513) हजारीबाग की ओर जा रही थी और दुसरी ओर हजारीबाग की ओर से एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक (जेएच 02बीजे 8423) बरकट्ठा की ओर जा रही थी। मोकतमा के छ्बेलवा के पास दोनो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई। दुघर्टना में दोनो बाइक क्षतिग्रस्त हो गए वहीं बाइक सवार थाना क्षेत्र के बभनी टोला बांका निवासी जितेन्द्र कुमार (30) पिता देवकी महतो और वजीर महतो (55) पिता स्व. पोखन महतो गम्भीर रुप से घायल हो गए।

## स्पीड न्यूज

### वेल्फेयर सोसायटी ने दी सोनू को बधाई



**कैरो।** प्रखंड की स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सादाब अंसारी उर्फ सोनू रजा का चयन राउउपि जिंगी, कुडू में आईसीटी इंस्ट्रक्टर के पद पर हुआ है। सोनू कैरो प्रखंड के मोख्तार आलम के सबसे छोटे बेटे हैं। इनके बड़े भाई मुबारक हुसैन प्रावि हुरहुरी, चान्हो के प्रधानाध्यापक तथा उनसे छोटे भाई अलीरजा अंसारी राउउवि जिंगी में प्रधानाध्यापक हैं। सोनू की सफलता पर सोसायटी अध्यक्ष महताब आलम, महासचिव खुर्शीद अंसारी, उपाध्यक्ष अख्तर अंसारी, कोषाध्यक्ष मो नईम ने बधाई दी है।

### नाबालिग ने लगायी फांसी, मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के नवडीहा सरना टोली निवासी नाबालिग ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक के पिता रामचंद्र मुंडा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात रामचंद्र और उसकी पत्नी शादी समारोह में गये थे। घर पर बच्चा अपने भाई बहन के साथ था। सभी रात में खाना खाकर अपने कमरे में सो गये। बच्चा भी अपने कमरे में सो गया। सुबह जब शादी से वापस घर लौटे तो काफी देर होने के बावजूद बच्चे का रूम बंद ही था। जिसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो धर्मदास फांसी के फंदे में झूल रहा था।

### पारसीमा गांव से साल के 65 बोटे जब्त



**गुमला।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर रायडीह थाना क्षेत्र के पारसीमा गांव से करीब 65 पीस साल का बोटा बरामद किया है। जिसकी कीमत लाखों में है। गुप्त सूचना पर वन विभाग मंगलवार की रात ही टीम बनाकर छापामारी कर बोटों को जब्त कर उसे रायडीह वन परिसर लाकर सुरक्षित रख ली। इसमें प्रभारी वनपाल सम्मी अफताब, वनरक्षी हेमराज उरांव, मुनेश्वर राम एवं चैनपुर एवं विशुनपुर टीम शामिल थे।

### 13 की लोक अदालत को लेकर बैठक



**गुमला।** गुमला व्यवहार न्यायाल परिसर में 13 मई के राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बुधवार को प्रधाान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय चंद्रयावी ने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं से बैठक की। जिसमें अधिक मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में लाने की बात कही गयी। जिसमें मोटर वाहन दुर्घटना वाद, कुटुंब न्यायालय में लंबित वैवाहिक वाद का अधि से अधिक निपटारा करने पर जोर दिया गया। पीडीजे ने कहा कि लोक अदालत में सुलभ तरीके से लोगों को न्याय मिलता है। जिसमें समय और पैसे दोनों की बचत है। बैठक में डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष व काफी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

### बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का विरोध




**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय के दुर्गा मंदिर सहित कई जगहों में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में हनुमान चलीसा पाठ किया गया। जिसमें प्रखंड के चैनपुर दुर्गा मंदिर सहित पीपल चौक, प्रेमनगर, भठोली, बरवेनगर, केडेग मंदिर में बजरंग दल के लोगो एवं ग्रामीणों के द्वारा हनुमान चलीसा पाठ का आयोजन किया गया। बजरंग दल के संयोजक ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं, जो काफी निंदनीय है। आज समस्त भारत में बजरंग दल ही ऐसा दाल है जो विकट परिस्थिति में बिना जाति धर्म को देखते हुए मरीजों को अपना रक्त दान करता है। लेकिन कुछ घटिया मानसिकता के लोग बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं।

### जनजाति लोक कला संगम-संगोष्ठी 14 से

**गुमला।** वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड एवं अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जयपुर द्वारा 14 व 15 मई 2023 को फसिया पंचायत के करौंदी स्थित रथ बगीचा गुमला में जनजाति लोक कला संगम एवं संगोष्ठी की गयी है। कार्यक्रम में सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव कलाकारों के उत्साहवर्धन के लिए विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी वनवासी कल्याण केंद्र गुमला जिला संगठन मंत्री खेदू नायक ने देकर अधिक लोग से शामिल होने की अपील की।

### मिशन शक्ति ने की उन्मुखीकरण कार्यशाला



**गुमला।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग गुमला द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अन्तर्गत 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संरक्षण एवं मिशन शक्ति योजना अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला जनसंपर्क विभाग के सभागार में बुधवार को की गयी। अध्यक्षता उपायुक्त सुशांत गौरव ने की। कार्यशाला में झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था रांची की टीम ने सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया। उपायुक्त ने चर्चित विषयों को जमीनी स्तर पर सफल रूप देने का निर्देश दिया। कार्यशाला में डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन, एसडीओ बसिया संजय कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी बीडीओ, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था रांची से राजीव रंजन पांडे, मनोज कुमार, अर्चना ज्वाला, रेशमा कुमारी व अन्य पदाधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

### किसानों को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को एक देसिय प्रशिक्षण दिया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लाभुकों को प्रशिक्षक अमन सैनी के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। वहीं प्रशिक्षण के क्रम में टपक सिंहचाई योजना के माध्यम से खेती करने के लिये विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही टपक सिंचाई द्वारा की जा रही खेती लगे खेत का भ्रमण कराया गया।

# गुमला : रागी उत्पादों के सहारे महिलाएं हो रहीं स्वावलंबी

- गुमला उपायुक्त ने किया दूसरे चरण के जोहार रागी के अन्य खाद्य सामग्री को लांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



राग़ी से बनने प्रोडक्ट को लांच करते उपायुक्त व महिलाएं।

**गुमला।** आदिवासी बहुल गुमला जिले में कुपोषण और एनीमिया से अधिकांश आबादी प्रभावित हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए मिलेट वर्ष में मोटे अनाज के रूप में रागी के उपयोग के लिए जिला प्रशासन ने कई कदम उठाए हैं। पिछले वर्ष रागी के आटे और लड्डू निर्माण के बाद उसकी मांग और होने वाले फायदे को देखते हुए उत्साहित जेएसएलपीएस की महिला मंडल की महिलाओं ने अब दूसरे चरण में जोहार परियोजना के तहत रागी के बिस्किट, निमकी, भजिया और ठेकुआ बनाया है जो स्वादिष्ट एवं पौष्टिकता से भरपूर है।

मिलेट के उत्पाद के दूसरे चरण में उक्त उत्पादों को बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव के हाथों लॉन्च किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिसर्च को यह उत्पाद भेज कर जांच कराने के बाद ही उक्त उत्पादों को लॉन्च किया है। ताकि इस उत्पाद के साथ यह बताया जा सके कि निर्माण के बाद इसका कब तक या कितने दिनों तक उपयोग किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि रागी के प्रोडक्ट में आयरन और कैल्शियम की मात्रा काफी होती है। जिससे आम झारखंड वासियों के शरीर में पाए जाने वाले पोषक तत्व को पूरा करने में सहायता मिलती है। लड्डू बनाने वाली महिला मंडल की सदस्य नीलम देवी बताती है कि रागी के बिस्किट और ठेकुआ निर्माण में रागी को शुद्ध घी में पकाया जाता है।

### क्या कहते हैं डीपीएम शैलेंद्र

जेएसएलपीएस डीपीएम शैलेंद्र जयकार ने बताया कि रागी के लड्डू की लोकप्रियता को देखते हुए उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जेएसएलपीएस की महिला मंडल द्वारा जोहार रागी कुकीज, ठेकुआ, भजिया, एवं निमकी का भी उत्पादन किया जा रहा है जो महिलाओं द्वारा अपने हाथों से हाइजेनिक रूप से बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा प्रति महीने लगभग 500 किलों प्रति उत्पाद के निर्माण करने की क्षमता है। रागी से निर्मित किसी भी उत्पाद में किसी भी प्रकार के रासायनिक चीजों का मिश्रण नहीं है। इस दौरान एसडीओ बसिया, प्रशिक्षु आईएएस, सिविल सर्जन के अलावा जेएसएलपीएस के कर्मी एवं महिला मंडली की दीदियां मौजूद रहीं।

## स्प्रे मशीन देकर सम्मानित किये गये राई व सरसों की खेती करने वाले 40 किसान



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर से जुड़ कर राई एवं सरसों की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं वैसे 5 प्रखंड के 40 किसानों को बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा स्प्रे मशीन देकर सम्मानित किया गया। ये सभी किसान सरसों की खेती को बढ़ावा देने में महती भूमिका निभा रहे हैं। सरसों की खेती को बढ़ावा के लिए कृषि विज्ञान केंद्र में अटारी जोन के माध्यम से एवं भाकृअनुप सरसों अनुसंधान निदेशालय सेवार भरतपुर राजस्थान के माध्यम से चलाया जा रहा है। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र में आज से सात दिवसीय स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण बाग की कटाई - छंटाई शुरू किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 20 प्रशिक्षणार्थी डुमरी प्रखंड के 3 गांव से भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को बाग की कटाई - छटाई के साथ-साथ कलम बांधने को भी सिखाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ संजय कुमार ने की। साथ ही उपस्थित सभी कृषकों को संबोधित किया एवं सरसों तथा बागों की प्रबंधन पर विशेष जोर दिया।

### शहर के फुटपाथ विक्रेताओं के साथ नगर प्रशासक ने की बैठक

# 71 सब्जी विक्रेताओं को लॉटरी से वेंडिंग जोन में मिला स्थान

- टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने नगर परिषद की पहल का किया स्वागत
- 15 से जशपुर रोड के सब्जी विक्रेता बैठेंगे वेंडिंग जोन में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल सब्जी विक्रेता और नप के पदाधिकारी।

**गुमला।** नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने शहर के फुटपाथ विक्रेताओं के साथ बुधवार को बैठक की। विशेषकर टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों एवं जसपुर रोड के सभी सब्जी विक्रेता बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में जिन पथ विक्रेताओं ने अपनी सहभागिता निभाई। उनमें से तीन चौथाई से अधिक महिलाएं थी। टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों से सम्यक विचार विमर्श करने के उपरांत दुर्गा बाड़ी मंदिर के निकट स्थित वेंडिंग जोन के लिए हुई लॉटरी आवंटन को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया। बैठक में सभी विक्रेताओं की आम राय बनने के उपरांत लॉटरी का आयोजन किया गया। लॉटरी के माध्यम से 71 वेंडिंग स्टॉल का आवंटन किया गया। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान लोगों ने खुद अपने लिए पर्चियां निकालीं। आवंटन की पारदर्शी प्रक्रिया को देख डाउनलोडिंग कमेटी के सदस्यों ने नगर परिषद टीम की सराहना की।

**खास बातें :** टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के प्रस्ताव पर आम सहमति बनाते हुए सभी सब्जी विक्रेताओं ने निर्णय लिया कि वे 15 मई से वेंडिंग जोन में अपने आवंटित स्टॉल्स में ही अपनी दुकानें लगायेंगे। प्रशासक संजय कुमार ने सभी से कहा कि शहर के विक्रेता नगर निकाय के नियमों के अनुरूप व्यवसाय करें। उनकी हर समस्या सुलझायी जायेगी। फुटपाथ पर बैठे लोगों को भी सम्मानजनक जीविका सुनिश्चित कराना नगर निकाय का काम है। किंतु इसके लिए उन लोगों को भी नगर निकाय के नियमों का पालन करना होगा।

# अधिकतर प्रिलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया जाये : पीडीजे

- राष्ट्रीय लोक अदालत और मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के आयोजन को लेकर पीडीजे ने की अधिकारियो के साथ बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत और मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त सह डालसा उपाध्यक्ष डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी समीरा एस, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक खलको डालसा सचिव राजेश कुमार व निबंधक राज कल्याण उपस्थित थे। वहीं 13 मई 2023 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत और 27 मई 2023 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सशक्तिकरण कैंप के सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया।

**खास बातें :** बैठक में पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्रिलिटिगेशन मामलों का निष्पादन किया जाये। जबकि न्यायालय स्तर पर सिविल प्रकृत्ति के सभी मामले, बिजली, सुलहनीय अपराधिक मामले, पारिवारिक मामले, भरण-पोषण, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले पानी, वन अधिनियम के मामले, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामलों के साथ-साथ अन्य मामलों से संबंधित वादों का निष्पादन किया जायेगा। ऐसे 573 मामलों को चिह्नित किया गया है जिसका निष्पादन न्यायालय स्तर पर होगा। मेगा विधिक सशक्तिकरण कंप के तहत ज्यादा लाभुकों को सरकारी योजनाओं से लाभ कैसे मिले इस बात का भी मंथन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त -सह-डालसा उपाध्यक्ष ने कहा कि 27 मई को सभी प्रखंडों में 11 बजे से 03 बजे तक मेगा विधिक सशक्तिकरण किया जायेगा ताकि ज्यादा संख्या में लोग इसका लाभ ले सकें। बिजली से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं को देखते हुए स्थायी लोक अदालत से इसका हल निकालने पर बल दिया गया।

## जमशेदपुर में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में गुमला की टीम ने रांची को हराकर जीता खिताब



**गुमला।** जमशेदपुर में आयोजित सब जूनियर बालक स्टेट चैंपियनशिप हॉकी प्रतियोगिता 2023 में गुमला की टीम ने रांची एकलव्य टीम को 7-1 से पराजित कर शील्ड में कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में गुमला टीम की ओर से सबियन किडो ने अकेले 6 गोल दागकर मैन ऑफ दी मैच एवं मैन ऑफ दी टूर्नामेंट का खिताब प्राप्त किया। मैच में आखिर गोल गुमला टीम की ओर से तीनतुस हेमरोम ने किया। वहीं गुमला जिला के सात खिलाड़ियों रकेश, तीनतुस, सबियन, पतरस, जीवन, सुजित व नवीन का चयन कैंप के लिए किया गया। प्रतियोगिता से वापस लौटे खिलाड़ियों का गुमला में भव्य स्वागत किया गया।

# आर्यवीर दल के ध्वज के झंडोत्तोलन के साथ लगाया गया सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर

- गुरुकुल शांति आश्रम लोहरदगा प्रांगण में आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में युवा चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों को चरित्रवान, बलवान एवं संस्कारवान बनाने के पवित्र उद्देश्य को लेकर झारखंड एवं समीप के सुयोग्य शिक्षकों की देखरेख में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर 15 मई तक आयोजित है। इस संबंध में गुरुकुल के आचार्य शरचचंद्र आर्य ने बताया कि शिविर में 15 से 25 वर्ष तक के युवा भाग ले रहे हैं। शिविर में शारीरिक, आत्मिक, बौद्धिक विकास हेतु योगासन, प्राणायाम, दंड बैठक, लाठी तलवार चलाना, जूडो कराटे तथा अन्य शारीरिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं विभिन्न विषयों में पारंगत

**खास बातें :** शिविर के लिए आचार्य शरचचंद्र आर्य के अलावे महामंत्री गणेश कुमार शास्त्री, बौद्धिक अध्यक्ष सोमनाथ शास्त्री, प्रधान व्यायाम शिक्षक आशीष कुमार आर्य, सह बौद्धिक अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र कुमार मेहेर, संगठन मंत्री भूषण प्रसाद, शिविर प्रबंधक महादेव आर्य, व्यायाम शिक्षक अर्जुन देव आर्य, कोषाध्यक्ष संजय चंद्र यादव, मीडिया प्रभारी अभय भारती, उपसंचालक परमेश्वर शास्त्री, व्यायाम शिक्षक किशन शास्त्री समेत मनीष शास्त्री, अविनाश चंद्र शास्त्री, वेद प्रकाश शास्त्री, कपिल देव पंडित, राजवीर चौधरी, विजय आर्य, पंकज यादव, दीपक शास्त्री, शिवराज विजय, मनोज शास्त्री, सुरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, सुरेश शास्त्री, बिंदेश्वर शास्त्री, महेश आर्य, खुशी भारती, रिंकू कुजूर, रीना कुमारी समेत आसपास के सामाजिक व्यक्तित्व सहयोग कर रहे हैं। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा आर्यवीर दल का ध्वज का ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि हिंडालको के सीएसआर प्रमुख ने कहा आर्यवीर दल का प्रशिक्षण से आप सभी प्रशिक्षु चरित्रवान और संस्कारवान बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण मौजूदा समय में समाज के लिए बेहद कारगर एवं प्रभावी कार्यक्रम है। कार्यक्रम में उन परिचय उद्बोधन आचार्य शरचचंद्र आर्य ने की। संचालन गणेश शास्त्री व धन्यवाद ज्ञापन पहलवान महादेव आर्य ने की।

## युवक को अज्ञात अपराधी ने मारी गोली गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल में भर्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के बरिसा कुंबाटोली निवासी रीमिस पन्ना के 23 वर्षीय पुत्र फिलिप पन्ना को अज्ञात व्यक्ति ने बुधवार की सुबह लगभग 5 बजे घर के समीप दाहिने जांघ पर गोली मार दी। घटना के बाद अज्ञात व्यक्ति घटनास्थल से फरार हो गया। जबकि घायल फिलिप घटनास्थल पर ही मूर्छित हो गया। घटना के संबंध में घायल ने बताया कि वह घर के सामने ही शौचालय है और सुबह ही शौच के लिए निकला था और सोच कर जैसे ही घर की ओर बढ़ा पीछे से किसी ने गोली मार दी। वही गोली दाहिने जांघ पर लगी है। जबकि मुड़कर देखा तो एक एक काले रंग का व्यक्ति कोट पहने दिखाई दिया। जिसके बाद में मूर्छित होकर गिर गया। घटना की जानकारी पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और घायल को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है।

## चार जुआरियों को पुलिस ने भेजा जेल

**गुमला।** जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर कुम्हरिया सुअरगुड़ा गांव में देर रात पुलिस ने छापामारी करते हुए चार जुआरियों को गिरफ्तार किया। जिनके पास दो हजार 40 रुपये बरामद किया गया है। जबकि कई जुआरी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए वहां से फरार हो गये। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कई दिनों से कुम्हरिया सुअर गुडा गांव में जुआ का खेल चल रहा है। जिसकी सूचना पर देर रात्रि टीम गठित करते हुए छापेमारी की गई। जहां चार जुआरी जुआ खेल रहे थे।

## डीडीसी व बीडीओ ने किया करौंदा नायक टोली का भ्रमण,समस्याओं से हुए अवगत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीडीसी हेमंत सती व बीडीओ सुकेशनी केरकेट्टा बुधवार को करौंदी नायक टोली पहुंचकर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव के आग्रह पर अधिकारी करौंदी नायक टोली पहुंचे थे। कुछ दिन पूर्व कांग्रेस के सदस्य करौंदी नायक टोली गांव में बैठक कर लोगों की समस्या सुनी थी। गांव में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जिसमें पीसीसी, नाली, लाइट, पेयजल, साफ सफाई की व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास जैसे समस्याओं से डीडीसी को ग्रामीणों ने अवगत कराया।

## पीएम आवास पूरा कराने को लेकर बीडीओ ने की बैठक,जनसेवक-स्वयंसेवक को दिये दिशा-निर्देश



**भंडरा।** प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना को सौ प्रतिशत सफल बनाने के लिए बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने बुधवार को सभा भवन में प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि,जनसेवक व स्वय सेवकों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधि व कर्मियों को अहम दिशा निर्देश दिए। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी लाभुक को पहली किश्त के आवास की राशि आरटीजीएस के माध्यम से दिया जा चुका है। बीडीओ ने सभी जनसेवक व स्वय सेवक को लक्ष्य के मुताबिक आवास पूरा करने को कहा है, कार्य में किसी प्रकार की कोताही या शिथिलता बरतने पर विभागीय कार्रवाई करने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुकों द्वारा आवास का राशि लेकर आवास का निर्माण में आनाकानी कर रहें हैं, ऐसे लोगों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जायेगा। इसके पश्चात अगर कार्य शुरू नहीं किया, तो उन्हें विधिवत पैसा वसूलते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आवास सुपरवाइजर को प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर जनप्रतिनिधियों की मदद से समय सीमा के अंदर आवास पूर्ण करायें।

# भंडरा : विहिप-बजरंग दल ने सामूहिक हनुमान चालीसा के बाद की महाआरती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल मसमानो ग्राम समिति ने मसमानो देवी मंडप परिसर सामुहिक हनुमान चालीसा सह हनुमान महाआरती के माध्यम से कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस पार्टी के अपनी क्षुद्र राजनीति के लिए बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा का विरोध किया है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद्, मार्ग दर्शक मंडल के प्रांत संयोजक, स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि भले ही कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अपनी क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ में अपने घोषणापत्र में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने घोषणा किया हो लेकिन आज बजरंग दल की एक साकारात्मक राष्ट्रभक्ति पर देश की संपूर्ण हिन्दू समाज को नाज है। बजरंग दल 1992 से लेकर अनेकों बार अपनी शौर्य, पराक्रम और संयम का परिचय दे चुका है। बजरंग दल 1992 में प्रतिबंध भी झेल चुका है। ऐसे प्रतिबंधों को झेलना आता है। चूंकि बजरंग दल के साथ कुछ अपवादों को छोड़कर 90% हिंदू समाज खड़ा है।

### आज हिंदू समाज के हर नवजवान को बजरंगी कहलाने पर गर्व

आज की तारीख में हिंदू समाज का प्रत्येक नवजवान अपने आप को बजरंगी होने में गर्व महसूस करता है। बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाना दुर्भाग्य पूर्ण है। देश का स्वाभिमानी हिन्दू समाज बजरंग दल पर किसी भी तरह प्रतिबंध को बर्दाश्त नहीं कर सकता। बजरंग दल देश की आवश्यकता है। आज की हनुमान चालीसा पाठ एवं हनुमान महाआरती में विश्व हिन्दू परिषद ग्राम समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, संरक्षक लाल त्रिभुवन नाथ साहदेव, शंकर सिंह, प्रदीप भगत, देवराज भगत, जिला समाजिक समरसता प्रमुख लाल त्रिविक्रम नाथ साहदेव, नंदलाल भगत, विजय कुमार साहू, कलेश्वर साहू-संरक्षक, सुरेश भगत, रविन्द्र साहू, जयराम वर्मा,शनिचरवा उरांव, लाल दिलीप नाथ साहदेव, लाल रुपेश कुमार, मंगलेश्वर तांती, शंकर वर्मा, चतुर राम, दयानंद राम,देवेन्ती देवी सहित अनेकों लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस क्रम में विश्व हिंदू परिषद के अगुवाई में भंडरा, कुम्हरिया, अंबेरा, कच्चमची, भीठा, चट्टी, भौरों सहित अन्य गांव में भी सामूहिक हनुमान चालीसा सह हनुमान महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया।




# मानव सेवा के लिए समर्पित है ईश्वर के दूत पुरोहितों का जीवन : आर्च बिशप

- चैनपुर के संत जॉन चर्च में डीकन एजेकिएल टोप्पो का हुआ पुरोहिताभिषेक
- भारी संख्या में पुरोहित, धर्म बहनें व धर्म विश्वासी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर पारिस के संत जॉन कैथोलिक चर्च में बुधवार को डीकन एजेकिएल टोप्पो का पावन पुरोहित अभिषेक समारोह संपन्न हुआ। पुरोहिताभिषेक की धार्मिक विधि को मुख्य अनुष्ठाता रांची के महाधर्माध्यक्ष आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो, सह अनुष्ठाता बिशप फेलिक्स मस्कराहनेस, गुमला धर्म प्रांत के प्रशासक फादर लीनुस पिंगल एक्का, पल्ली पुरोहित फादर रजत एक्का ने संपन्न कराया।



पुरोहिताभिषेक में शामिल आर्चबिशप व अन्य पुरोहित।

**खास बातें :** कार्यक्रम में अलग-अलग स्थानों से पहुंचे 40 से अधिक पुरोहित, धर्म बहनें एवं धर्म विश्वासी उपस्थित रहे। अभिषेक की इस बेला में मुख्य अनुष्ठाता आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि नव अभिषिक्त फादर एजेकिएल टोप्पो समाज की सेवा करते हुए दया प्रेम एवं शांति का संदेश लोगों तक पहुंचाएं। पुरोहित का जीवन मानव सेवा के लिए होता है। पुरोहित ईश्वर के दूत होते हैं जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। पुरोहितों का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण होता है। पुरोहित मानव व ईश्वर के बीच कड़ी का काम करते हैं। लोगों के जीवन में अध्यात्मिक प्रवृति को जागृत करना भी पुरोहितों का काम है। डीकन एजेकिल टोप्पो को आजीवन कुंवारे पन, आज्ञाकारिता सहित कई शपथ दिलाते हुए पुरोहिताई जीवन में प्रवेश कराया गया। जिसके बाद सामूहिक रूप से एकेजिकल को पुरोहितों ने आर्शीवाद दिया। इससे पूर्व उपयाजक एजेकिएल सहित समस्त पुरोहितों को स्वागत करते हुए बेदी तक लाया गया। स्वागत में युवतियों द्वारा आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

स्पीड न्यूज

## टंडवा मंडल के सभी 80 बूथों पर बूथ कमेटी कार्य पूर्ण

**टंडवा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के सभी बूथों पर बूथ कमेटी निर्माण कार्य पूर्ण कर सूची को जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता जी के पास मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी द्वारा सुपुर्द किया गया*इस महाअभियान कार्य को पूर्ण करने में सभी शक्ति केंद्र के संयोजक तथा शक्ति केंद्र के विस्तारक एवं प्रभारी का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

## स्वर्णकार समाज की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत के चंचाल मंडप के समीप स्वर्णकार समाज की एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता रामेश्वर स्वर्णकार व संचालन शिक्षक दयानंद पोधार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से राधे प्रसाद स्वर्णकार चंदवारा, शिव शंकर स्वर्णकार, कमल स्वर्णकार, राम नारायण पोद्दार, अशोक स्वर्णकार, जय प्रकाश वर्मा, प्रदीप स्वर्णकार उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन बुधवार को समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का औचक निरीक्षण कर, विधि व्यवस्था से सम्बंधित आवश्यक जांच की, साथ ही वेयरहाउस में रखे ईवीएम मशीन, सीसीटीवी कैमरे अन्य उपकरणों के रख रखाव की जानकारी लेते हुए, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय को आवश्यक निर्देश देते हुए, प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजने का निर्देश दिया।

## आदर्श प्लस टू स्कूल में बाल संसद का गठन

**जयनगर (कोडरमा)।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ में बुधवार को सत्र 2023-24 के लिए बाल संसद का गठन किया गया। प्राचार्य पुनीत यादव ने बाल संसद के सदस्यों का शपथ ग्रहण करवाया। विद्यालय के विधि व्यवस्था को चुस्त एवं दुरुस्त रखने के लिए चुने गए बाल संसद बड़े उत्साहित नजर आए।

## अवैध रूप से चल रहे आरा मील को किया ध्वस्त, लकड़ी बरामद

**सतगांवा (कोडरमा)।** वन विभाग की टीम ने मीरगंज के पचौड़ी में अवैध रूप से संचालित आरामील को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में अवैध लकड़ी बरामद किया है। आरामील का संचालक अशोक यादव है। छापेमारी के दौरान लगभग 50 से 60 हजार रुपये का 25 पीस बोटा लकड़ी, 19 पीस चीरा हुआ पटरा और आरा मशीन की पार्ट्स को जब्त कर लिया।

## महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास के साथ मना

**कोडरमा।** उत्तरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ कोडरमा की डोमचांच कालीमंडा इकाई के तत्वावधान में महाराणा प्रताप की जयंती एक भव्य समारोह आयोजित कर हर्षोल्लास के साथ डोमचांच कालीमंडा स्थित श्री परमहंस बाबा धर्मशाला परिसर में मनाया गया।

## हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

**जयनगर (कोडरमा)।** बब्लू मोदी की हत्या को लेकर नाराजगी जताते हुए बुधवार को जयनगर से पेठियाबागी तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस मौके पर बब्लू मोदी के हत्यारों को गिरफ्तार करो, पीड़ित परिवार को न्याय दो की तकती को लेकर चल रहे थे। वही पुलिस प्रशासन के नाकामियों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

## ओसिस मिनरल वाटर के डिस्ट्रीब्यूटरशीप केंद्र का उद्घाटन

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र स्थित जोरी बाजार में बुधवार को ओसिस मिनरल वाटर के चतरा जिला डिस्ट्रीब्यूटर अर्पित इंटरप्राइजेज का समाजसेवी अशोक गहलौत ने विधिवत रूप से फीता कटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर अर्पित इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिनंदन कुमार ने बताया कि जिला स्तर पर बोतल बंद ओसिस मिनरल वाटर व बॉटलिंग प्लांट लगाया गया है।

### स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर उपायुक्त ने की अपील, कहा

# ठोस और तरल कचरा का बेहतर प्रबंधन कर, कोडरमा को बनाये साफ और स्वच्छ

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को पूरी तरह सफल बनाने को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिले के सभी वर्गों से अपील करते हुए कोडरमा को साफ और स्वच्छ बनाने में सहयोग करने की बात कही है। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जनजागरूकता को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के माध्यम से गांव, टोलों को साफ स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में सबकी सहभागिता जरूरी है। कहा कि अभियान के दौरान ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, गोबर्धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एवं मलीय कचरा प्रबंधन के साथ साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना है। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अलावे सरकारी कार्यालयों में भी इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, जिले के सभी कार्यालयों के प्रधान अपने अपने कार्यालयों को साफ और स्वच्छ रखें। कार्यालयों में पड़े बेकार के चीजों को चिन्हित कर, उसे नीलाम करें। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल समेत सभी सीएचसी और पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में भी ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के अलावे मलीय और माहवारी कचरा प्रबंधन पर उचित ध्यान दें। सरकारी स्कूलों आंगनबाड़ी केंद्रों आदि की साफ सफाई पर सम्बंधित प्रखण्ड के बीडीओ की जिम्मेवारी होगी। 15 मई को जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा विभिन्न कार्यालयों, सरकारी स्कूलों, सदर अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्रों में घूम घूम कर स्वच्छता के कार्यों की जांच करेगी।

## उपायुक्त ने मानवाधिकार आयोग और लोकायुक्त के मामलों की समीक्षा की




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय, मानवाधिकार एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में अंचल टंडवा व जिला शिक्षा अधीक्षक समेत सभी संबंधित को निदेश दिया कि वे इन मामलों का ससमय निष्पादन कराएं और प्रति शपथ पत्र दायर करके त्वरित रूप से कार्रवाई की जाय। उपायुक्त ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीसीपीएनडीटी की बैठक में अल्ट्रासाउंड पंजीकरण से संबंधित त्रुटि सुधारने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी की बैठक की गई ।बैठक में उपायुक्त के समक्ष कुल चार अल्ट्रासाउण्ड के पंजीकरण से संबंधित अभिलेखों सहित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने प्राप्त सभी अल्ट्रासाउण्ड दस्तावेजों का क्रमवार अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम चारो आवेदकों के दस्तावेज में कमी पाई गई। इसे लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि अगले बैठक में पाए गए त्रुटियों को दुरुस्त करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करें। साथ ही निर्देशित किया कि चिकित्सकों का झारखंड से पंजीकरण हो, जमीन संबंधित दस्तावेज की जांच अंचल अधिकारी एवं नगर परिषद से कराने का निर्देश दिया। उक्त बैठक में सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, अस्पताल उपाधीक्षक डाक्टर मनीष लाल, धरवेंद पाठक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवाराघ (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के ककाे में पति नेघ अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान देवेंद्र पंडित कीघ पत्नी संगीता देवी (37) के रूप में की गई है। मामले में मृतका के पिता अतवारी पंडित ग्राम कांको निवासी ने तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी पति देवेंद्र पंडित को गिरफ्तार कर लिया है। आवेदन में उन्होंने कहा कि उनकी बेटी संगीता देवी की शादी 23 वर्ष घ्पूर्व देवेंद्र पंडित ग्राम कांको ओपी तिलैया डैम कोडरमा निवासी के साथ हुई थी। बेटी दामाद में अक्सर लड़ाई झगड़ा होते रहता था। 9 मई सुबह लगभग 6 बजे गांव मोहल्ला वालों ने सूचना दिया कि आपके दामाद ने आपकी बेटी की गला दबाकर हत्याघ कर दी है। इसके बाद जब वे ससुरालघ पहुंचे तो बेटी को मृत अवस्था में छतघ पर पड़ी थी। इस संबंध में जब दामाद से पूछताछ की तो वह कुछ नहीं बताया। मृतका की पुत्री सिमरन कुमारी, अर्चना कुमारी, ललिता कुमारी ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद हम सभी परिवार एक ही कमरे में सोए थे। रात लगभग 10 बजे पिताजी मां को छत पर सोने के लिए लेकर चले गए।

## नेत्रहीन सोमेश को आम्रपाली महाप्रबंधक ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सिसई गाँव निवासी नेत्रहीन सोमेश कुमार पांडेय को आम्रपाली महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने शॉल, बुके और श्रीफल देकर सम्मानित किया। महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने कहा कि सोमेश की सफलता हर युवाओं के लिए प्रेरणादाई है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने इनकी माता की देहान्त कोरोना काल में हो जाने की खबर देते हुए मदद का आग्रह किया। जिसके बाद सीसीएल प्रबंधन के द्वारा कोविड में सीसीएल के तरफ से जिन बच्चों के माता व पिता की मृत्यु हो गई थी उनके आगे की पढ़ाई के लिए सीसीएल सीएसआर कोविड छात्रवृति योजना में सोमेश को जोड़कर लाभ दिलाया गया। छात्रवृति के रुप में मिले आर्थिक सहायता सोमेश की पढ़ाई में काफी उपयोगी साबित हुआ। इस मदद को सोमेश नहीं भूलते बल्कि उस विषम परिस्थिति में सांसद , विधायक, सीसीएल सभी का जो विशेष साथ मिला, उसके लिए सोमेश ने आभार प्रकट किया। बताते चलें कि सोमेश को बचपन से ही आखों की रौशनी नहीं होने के बावयुद अपनी हौसला, लगन और मेहनत से एसएससी की परीक्षा पास कर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में जॉब प्राप्त किया है।

## ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव का कराया अंतिम संस्कार

**डोमचांच (कोडरमा)।** बगडो के तुरिया टोला मेंघ पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग के शक में पति द्वारा युवक सिकंदर तुरी की गई हत्या मामले में शुक्रवार की देर शाम मृतक का शव गांव पहुंचा। मौके पर लोगों ने आरोपी के घर में ही शव को जलाने व एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े रहे। जिसके कारण रात भर हंगामा होता रहा।

## 30 लिपिकीय संवर्ग कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन और प्रतिनियुक्त की गई

**चतरा।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा की अध्यक्षता में 3 मई को जिला स्थापना समिति की बैठक हुई थी। बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में समाहरणालय एवं सम्बद्ध कार्यालय के 30 लिपिकीय संवर्ग के कर्मियों का स्थानांतरण, पदस्थापन, प्रतिनियुक्त की गई। 1 पॉलुस हेम्ब्रम, प्रधान लिपिक अंचल टंडवा को अंचल प्रतापपुर, 2 प्रदीप कुमार, प्रधान लिपिक अंचल प्रतापपुर को अंचल टंडवा 3 जय प्रकाश शर्मा, प्रधान लिपिक अंचल मयुरहंड को अतिक्ति प्रखंड मयुरहंड जिला परिवहन, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 4 गौतम कुमार, प्रधान लिपिक अंचल सिमरिया को अवर निबंधन, चतरा में यथावत, अतिरिक्त जिला कल्याण, चतरा जिला पंचायत राज, चतरा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 5 राम जतन राय, प्रधान लिपिक भूमि सुधार, चतरा को जिला भू-अर्जन, चतरा में यथावत, जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 6 अमृत पाण्डेय, प्रधान लिपिक अनुमण्डल चतरा को जिला राजस्व शाखा, चतरा, जिला कोषागार से प्रतिनियुक्ति समाप्त।।7 प्रकाश मिंज, प्रधान लिपिक प्रखण्ड टण्डवा को जिला स्थापना शाखा, चतरा,अतिरिक्त जिला आपूर्ति शाखा, चतरा एवं जिला लेखा शाखा, चतरा। 8 सीता राम दास, प्रधान लिपिक भूमि सुधार चतरा को प्रखण्ड टण्डवा, अंचल कुन्दा से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 9 रेणु रीना, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल ईटखोरी को जिला आपूर्ति शाखा, चतरा जिला कल्याण से प्रतिनियुक्ति समाप्त। 10 प्रदीप कुमार सिंह, उच्च वर्गीय लिपिक अंचल चतरा को जिला आपूर्ति शाखा, चतरा में यथावत।

## किंडर गार्टन स्कूल में टिकाकरण शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित किंडर गार्टन स्कूल में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टिकाकरण शिविर का आयोजन कर स्कूली बच्चों को खसरा और रूबेला से बचाव को लेकर एमआर मिजिल्स का टीका दिया। शिविर में मौजूद अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डीएस ड मनोज कुमार ने कहा कि खसरा और रूबेला नामक रोग से जिले को मुक्त रखने के लिए शतप्रतिशत बच्चों का टिकाकरण बहुत जरूरी है, इसको लेकर सभी सरकारी और निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत अन्य जगहों पर शिविर का आयोजन कर, बच्चों का टिकाकरण किया जा रहा है। ड शरद कुमार ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस अभियान में सभी लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे है, जिले के सरकारी और निजी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एमआर मिजिल्स टिकाकरण को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, जिस रफ्तार से टिकाकरण का कार्य किया जा रहा है, उससे प्रतीत होता है कि जल्द ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। स्कूल के प्राचार्य मुकेश पांडेय ने कहा कि अब लोग जागरूक हो गए, अपने बच्चों को रोगों से बचाव के लिए टिकाकरण को लेकर लोग स्वयं आगे बढ़ रहे है। मौके पर किरण कुमारी के अलावे भारी संख्या में स्कूली बच्चे और अभिभावक आदि मौजूद थे।

## जिस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई साथ-साथ रहते हों, उस देश को हिंदुस्तान कहते हैं : शेख जावेद

### बेटा घर का शान है, तो बेटी घर का मान : अब्दुल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** इंसानों के काम आए उसे इंसान कहते हैं, जो जालिम से टकराए उसे बलवान कहते हैं, जिस देश में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई साथ-साथ रहते हों, उस देश को हिंदुस्तान कहते हैं।

उक्त बातें मुम्बई से तकरीर करने आये अब्दुल वाहिद अंसारी प्रखंड के मरकच्चो मध्य पंचायत स्थित दरगाह मोहल्ला में मो. शेख जावेद द्वारा आयोजित खातुन जन्नत कांफ्रेस के बैनर तले जलसा में सोमवार की रात तकरीर के दौरान कही। जलसा की अध्यक्षता ड जावेद अख्तर ने की व संचालन गुलाम रसूल रहबर व तौकीर अहमद ने संयुक्त रूप से किया। जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन व डवलपमेंट कमिटी मेंबर, सेंट्रल वर्क्स काउंसिल मेंबर हजरत ख्वाजा साहब अजमेर भारत सरकार उपस्थित थे। जलशा की शुरुआत पाक कुरान की तिलावत के साथ किया गया। जलशा में मौजूद मुख्य वक्ता अब्दुल वाहिद अंसारी ने कहा भारत सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर देते हुए कहा कि, माँ-बाप को बेटा-बेटी में फर्क नही समझना चाहिये। दोनों का समान रूप से भरण-पोषण करना चाहिये। बेटा घर का शान है तो बेटी घर का मान है। इससे बेटा बेटी दोनों का भविष्य सुनहरा होगा। वहीं मौलाना फरीदुल कादरी कोडरमा ने कहा कि दहेज प्रथा कन्या भ्रुण हत्या, बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों को मिलकर मिटाने की बात कही। मौके पर प्रणव वर्मा, जय प्रकाश वर्मा, शालिनी गुप्ता, विजय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, नितिन चन्द्र गुप्ता, रिंकू सिंह, दिवाकर तिवारी, मंटू तिवारी, जावेद मस्तान, साकिर अहमद, महताब आलम, अल्ताफ आलम, मो इम्तियाज उद्दीन खान, सलीम सेख, हमीद खान, रईस अख्तर, इरसाद खान, नौशाद आलम, अरमान खान, इनामूल शेख, आजाद शेख, सफदर हुसैन, मो खलील, अफजल मियां, मो समीर, मो साहिल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## मझिआंव में महाराणा प्रताप की जंयती, उनके आदर्शों को अंगीकार करने का संकल्प



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के ब्लॉक रोड स्थित महाराणा प्रताप चौक पर वीर सिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षत्रिय करणी सेना के जिलाध्यक्ष नीरज सिंह और प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह ने उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। नीरज सिंह ने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में महराणा प्रताप चौक पर वीर सिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति जल्द ही स्थापित की जाएगी। साथ ही उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में हुआ था। राजपूत राजघराने में जन?म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। सिंहासन के उत्तराधिकारी होने के बावजूद, महाराणा प्रताप ने तेजी से अपने साम्राज्य का विस्तार कर रहे मुगल सम्राट अकबर के सामने झुकने से इनकार कर दिया था। वहीं संजीव सिंह ने कहा कि राजपूतों के सिसोदिया कबीले के सदस्य महाराणा प्रताप एक साहसी हिंदू राजपूत राजा थे, जिनका राजस्थान में कई शाही परिवारों द्वारा सम्मान और पूजा की जाती है। उन्हें एक सच्चा देशभक्त माना जाता है, जिन्होंने देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया और हल्दीघाटी के युद्ध में मुगल सम्राट अकबर के साथ लड़े। मौके पर नवल सिंह, अरबिंद सिंह, लालू वीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, धनंजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, अशोक कमलापुरी, शर्मा जी, मोनू कमलापुरी,मोनू सिंह, जयराम सिंह,रोहित सिंह अंकित सिंह,बबलू, सोनी, छोटू सिंह सहित सैकड़ो हिन्दू समाज के ग्रामीण उपस्थित थे।

## उमवि झुरही में बच्चें 221, शिक्षक मात्र एक

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखण्ड के मुख्यमंत्री भले ही 80 विद्यालयों का उद्घाटन एक साथ कर रहे हैं किंतु पूर्व से संचालित विद्यालयों को सुचारू रूप से चलाने में सरकार अक्षम ही साबित हो रही है। हम बात कर रहे हैं भवनाथपुर प्रखंड के कैलान पंचायत के आदिम जनजाति बाहुल टोला झुरही उत्क्रमित मध्य विद्यालय की। वहां कक्षा एक से आठ तक कि पढ़ाई होती है। जिसमें कुल 221 बच्चे नामांकित बताए जाते हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए मात्र एक शिक्षक ही उपलब्ध हैं। शिक्षक रामइकबाल ने बताया कि यहां दो शिक्षक कार्यरत है परन्तु एक शिक्षक रूपदेव सिंह के खिलाफ बर्खास्तगी की प्रक्रिया चल रही है। जिस कारण वह अकेले विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। इसमें उन्हें काफी परेशानी हो रही है। पूछे जाने पर बीपीओ वीरेंद्र मेहता ने बताया कि रूपदेव सिंह का विभागीय जांच में सर्टिफिकेट फर्जी पाने के उपरांत उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई चल रही है। रूपदेव सिंह ने विभाग को अपना इस्तीफा 15 दिन पूर्व ही दे दिया है। शिक्षक प्रतिनियुक्त करने का अधिकार जिला के अधिकारियों का है।

## हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार, अपना अपराध स्वीकार किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** पुलिस ने करीब एक माह पूर्व कैलान के मंगरदह बहेरवा ढोंढा में घटित एक हत्याकांड के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बहेज दिया। भवनाथपुर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केसरी ने कहा कि बीते 9 अप्रैल को पुलिस को ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली थी कि कैलान के मंगरदह के पास बहेरवा ढोंढा में एक अज्ञात लाश है। बाद में उसकी पहचान बीरेंद्र प्रसाद 40 वर्ष पिता गोरख प्रसाद साह मोरवे मझिआंव के रूप में की गई थी। पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर के नेतृत्व कांड के उद्भेदन के एक टीम गठित कि गई थी, लगातार अनुसंधान के क्रम में जल्द ही टीम ने घटना का उदभेदन करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। सभी आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया है। घटना में उमित रजवार 22 पिता सुकन रजवार, राजू रजवार 24 पिता स्व रामलाल, प्रदीप पाल 25 पिता सीता राम पाल शामिल हैं।

## कोडरमा : फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत छतरबर में बुधवार शाम करीब 5:30 बजे एक व्यक्ति ने खजूर के पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर उत्तरप्रदेश निवासी 40 वर्षीय अब्दुल हलीम पिता मो कमालुद्दीन जो पिछले एक महीने से छतरबर स्थित ससुराल में रह रहा था। परिजनों ने बताया कि सुबह घर से कुछ काम से निकला था। शाम करीब 5:30 बजे ग्रामीणों के द्वारा पता चला कि गांव के ही खजूर के पेड़ से लटक कर फांसी लगा लिया है। वहीं फांसी की सूचना मिलते ही एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

## जनता दरबार के मौके पर होगी मामले का निष्पादन

**चतरा।** आये दिन सोशल मीडिया में जिले के विकास कार्यों में अनियमितता से संबंधित शिकायतें आती रहती हैं। उपायुक्त अबु इमरान ने इस पर संज्ञान लिया है एवं इनकी सत्यता की जांच कर त्वरित निष्पादन का फैसला लिया है। इस संबंध में उन्होंने आगामी शानिवार 13 मई को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के जनता दरबार मे जिले के सभी प्रमुखों को प्रधानमंत्री आवास,मनरेगा तथा 15वें वित्त से संबंधित योजनाओं के शिकायतों पर साक्ष्य के साथ उनको उपस्थित रहने को कहा है ताकि मौके पर ही उन मामलों को समीक्षा कर उनका त्वरित निष्पादन किया जा सके। इसके साथ की दोषी पाए गए लोगों पर विधिसम्मत कार्रवाई भी की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने विधायक व जिप अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन


विधायक को ज्ञापन देते युनियन के लोग।

**लातेहार।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम व जिप अध्यक्ष पुनम देवी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान राज्य सरकार झारखंड विरोधी नियोजन नीति 60-40 प्रतिशत के विरोध में पिछले तीन महीने से सरकार के विरूद्ध डिजिटली और फिजीकली जिसमें विधानसभा घेराव, सीएम आवास घेराव तथा झारखंड बंद के सफल आयोजन के बाद भी हेमंत सोरेन सरकार हमारी मांगो को नहीं माना। इस नीति के विरूद्ध जेएसएसयू द्वारा आगामी 10 मई से 11 जून तक फिर से सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की योजना बनाया गया है। सरकार के वर्तमान नीति से तीसरे और चौथे स्तर की नौकरियां में अन्य राज्यों के बच्चे झारखंड में नौकरी करेंगे। जबकि हम छात्रो की मांग है कि झारखंड में खतियान आधारित नियोजन नीति लागू हो। ताकि झारखंड के छात्रों का अन्य राज्यों की भांति अपने राज्य में ही नौकरी मिल सकें।

### अज्ञात बोलेरो ने बाईक सवार को मारी टक्कर, घायल



**बारियातू।** चतरा रांची मुख्य मार्ग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप स्थित तीन मुहान मे बिते रात बोलेरो व बाईक के आमने सामने की टक्कर मे एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार बिते रात लगभग सात बजे के आसपास बाईक और बोलेरो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार राजेंद्र कुमार गंझु पिता कनवर गंझु बालुभांग निवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति को बेहोशी की अवस्था में स्थानीय लोगों के मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। घायल व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

### चंदवा में भीषण गर्मी का प्रकोप, पारा पहुंचा 40 के करीब

- शहर के चौक चौराहों पर नही की गई है जल प्याऊ की व्यवस्था, राहगीरों को हो रही परेशानी

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड में इस वर्ष गर्मी सितम ढा रहा है। मई महीने के पहले सप्ताह में ही चंदवा प्रखंड का पारा 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। आग उगलती सूरज व चिलचिलाती धूप के कारण दिन के 11 बजे से ही शहर के सड़को पर चहल पहल कम हो जा रही है। स्कूली विद्यार्थियों को चिलचिलाती धूप व गर्मी के कारण स्कूल के छुट्टी के बाद घर जाने में काफी परेशानी हो रही है। बच्चों को लू लगने का खतरा भी काफी बढ़ गया है। लोग गर्मी से बचने के लिए छाता, सर पर गमछी व तौलिया का सहारा लेते देखे जा रहे हैं साथ ही लोग शरीर को तरलता प्रदान करने व डिहाइड्रेशन के बचने के लिए तरबूज, खीरा-ककड़ी व गन्ने का जूस का सेवन करते देखे जा रहे है। इधर इस वर्ष भीषण गर्मी के बीच शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर जल प्याऊ नही खुलने से आम राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पीने के पाने के लिए लोग इधर-उधर भटकते देखे जा रहे हैं। चंदवा प्रखण्ड मुख्यालय में लाखों की लागत से लगाया गया वाटर एटीएम भी हाथी का दांत साबित हो रहा है।

### बरवाडीह के बालू घाटों पर मची लूट, ट्रेक्टर मालिकों में आक्रोश

- मुखिया के निर्देश पर 100 रुपए की जगह 150 की हो रही है वसूली

**बरवाडीह।** जिला प्रशासन और खनन विभाग के निर्देश पर बरवाडीह में कई बालू घाटों का चयन कर बालू उठाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिसका शुभारंभ संबधित पंचायत के मुखियाओं के द्वारा मंगलवार को फीता काटकर किया गया है। लेकिन बालू उठाव की शुरूवात होते ही ट्रेक्टर मालिकों से निर्धारित राशि 100 रुपए की जगह 150 रुपए की जबरन वसूली की जा रही है। नहीं देने पर बालू उठाव नहीं करने दिया जा रहा है। जबकि चलान 100 रूपए का ही थमाया जा रहा है। ट्रेक्टर मालिकों द्वारा शिकायत मिलने पर खबर मंत्र ने खुरा पंचायत के बालू घाट पर पहुंच मौके पर मौजूद चलान विक्रेता से पूछताछ की। जहां उनके द्वारा बताया गया कि मुखिया जितेंद्र सिंह के निर्देश पर 150 रूपए लिए जा रहें हैं। यही हाल मंगरा, छेंचा, करकटिया, टिकवा और कचनपुर सहित अन्य बालू घाटों का भी है। जहां संबधित पंचायत के मुखिया द्वारा जिला और प्रखण्ड प्रशासन के निदेर्शों की अवहेलना करते हुए मनमानी रूप से वसूली की जा रही हैं। जबकि जिला प्रशासन ने तय राशि से अधिक की वसूली नहीं करने का सख्त निर्देश दिया है। शिकायत यह भी मिल रही है कि मुखियागणों के करीबी लोगों के द्वारा एक ही चलान पर दो से तीन ट्रीप तक बालू का उठाव किया जा रहा है, जो की जांच का विषय है।

#### क्या कहते है मुखिया और डीएमओ

इधर खुरा पंचायत के मुखिया जितेंद्र सिंह ने दूरभाष पर कहा कि ट्रेक्टर मालिकों के साथ बैठक कर राशि निर्धारित की जाएगी। जिसके बाद जो उनका निकलेगा वह वापस कर दिया जायेगा। जबकि ट्रेक्टर मालिक जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई राशि से एक रुपए भी अधिक देने को तैयार नहीं है। मंगरा मुखिया ने इस संबंध में बात करना उचित नहीं समझा। वहीं मामले में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने दूरभाष पर कहा कि निर्धारित की गई राशि 100 रुपए से अधिक की वसूली किए जाने पर कारवाई होगी।

तेजस्विनी परियोजना में सेवा अवधि विस्तार को लेकर सैकड़ों कर्मियों ने विधायक से की मुलाकात सौंपा ज्ञापन

# 10,000 से अधिक कर्मी हो जायेंगे बेरोजगार

- विधायक ने आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास होगा कि योजना यथावत जारी रहे इस संबंध में मुख्यमंत्री से बात करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता


विधायक को आवेदन सौंपते तेजस्वी परियोजना के लोग।


मीडिया को जानकारी देते विधायक

**लातेहार।** सेवा अवधि में विस्तार की मांग को लेकर मंगलवार को झारखंड सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्तर्गत तेजस्विनी परियोजना में कार्यरत सैकड़ो कर्मियों ने लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने कहा कि 14 से 24 वर्ष की किशोरी-युवतियों के सशक्तिकरण हेतु तेजस्विनी परियोजना 17 जिले में कार्य कर रही है। तेजस्विनी परियोजना विश्व बैंक के सहयोग से संचालित होने वाली झारखंड सरकार की एक अति महत्वकांक्षी परियोजना है। वर्तमान समय मे तेजस्विनी परियोजना से 2876 पंचायत, 20838 ग्राम आच्छादित है एवं लगभग 1089063 किशोरी यूवती लाभान्वित हो रही है। सभी किशोरी-यूवतियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। परियोजना के सफल कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2019 से झारखंड के 17 जिले में लगभग 10039 से भी ज्यादा कर्मी कार्य कर रहे हैं एवं उनमें 8000 से भी ज्यादा महिला कर्मी है, जो पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ तेजस्विनी परियोजना को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग का यह एक सफल परियोजना में से एक है और सफलता के कितीर्मान बनाने के पथ पर है। परन्तु बेहद दुःख के साथ कहना पड़ रह है कि आज जब हम सभी कर्मी बिना किसी आधारभूत सुविधा के पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ मेहनत कर परियोजना को स्थापित कर दिये हैं तब परियोजना के सफलता के शिखर पर प्रशासन तेजस्विनी परियोजना को समाप्त करने की मंशा कर रही है। कुछ दिनों पूर्व सरायकेला खरसांवा जिले के तेजस्विनी मेगा इवेंट में महिला एवं बाल विकास मंत्री के द्वारा 17 जिलों में तेजस्विनी को नियमित करते हुए अन्य 7 जिलों में भी तेजस्विनी परियोजना प्रारंभ करने की घोषणा की गई है। जबकि अभी यह सूचना प्राप्त हो रही है कि तेजस्विनी परियोजना का 25 अगस्त 2023 बाद अवधि विस्तार नहीं किया जायगा। आज परियोजना बन्द होने की स्थिति में झारखंड में लगभग 10039 कर्मी एवं उनमें 8000 से भी ज्यादा महिला कर्मी है, जो बेरोजगारी के कगार पर खड़ी है। बेरोजगारी की इस परिस्थिति में हम सभी कर्मी का परिवार सहित भरण-पोषण प्रभावित होगा। झारखंड में यह वर्ष नियुक्ति का वर्ष है परन्तु प्रशासन के इस कदम से झारखंड में यह वर्ष नियुक्ति का नहीं बेरोजगारी का वर्ष प्रतित हो रहा है। कर्मियों ने विधायक वैद्यनाथ राम से अनुरोध किया कि महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत तेजस्विनी परियोजना के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए परियोजना को नियमित रखने की दिशा में पहल करने की गुहार लगाई है ताकि 10039 कर्मी एवं उनके परिवार बेरोजगारी से प्रभावित न हो। इधर कर्मियों की समस्याओं को सुनने के बाद विधायक बैद्यनाथ राम ने पहल का भरोसा दिया। मौके पर पूरे जिले से सैकड़ो कर्मी मौजूद थे। वहीं कर्मियों को आश्वस्त करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि सत्तापक्ष के विधायक होने के नाते उनका प्रयास होगा कि योजना यथावत जारी रहे। इस योजना से हजारों लोग जुड़े हुए हैं, जिससे उनका परिवार चलता है। आपलोगो से पता चल रहा है कि इस योजना को जेएसएलपीएस से टैग करने की बात चल रही है, योजना को जेएसएलपीएस से टैग नहीं करने को लेकर मुख्यमंत्री से बात करेंगे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक संपन्न

- निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का दिया निर्देश
- उपायुक्त ने की भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता


समीक्षा बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

लातेहार। उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारी को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों से राजस्व संग्रहण में आ रही समस्याओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत की समीक्षा के क्रम में नगर पंचायत द्वारा कर वसूली बढ़ाने एवं राजस्व संग्रहण में सुधार करने की बात कही गई। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा। उपायुक्त ने उत्पाद विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण के प्राप्त लक्ष्य को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रह करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने वाणिज्य कर पदाधिकारी को राजस्व संग्रह में तेजी लाते हुए लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

**उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई**

बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का उचित कारणों के साथ ससमय समाधान कराएं। साथ ही वैसे आवेदन जिसमें कोई त्रुटि हो तो उनको भी उचित कारणों के साथ अस्वीकृत करें। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नीत निखिल सुरीन, जिला मत्स्य पदाधिकारी, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता समेत जिले के अधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की प्रतिमा का कराया नगर भ्रमण


प्रवचन देते संत।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बनालात स्थित शिव मंदिर परिसर में श्री श्री 1008 श्री रूद्र हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर समिति सदस्यों व कई श्रद्धालुओं ने गुरूवार देर शाम को तीसरे दिन भगवान हनुमान की प्रतिमा को लेकर नगर भ्रमण कराया। नगर भ्रमण के दौरान जय श्रीराम व जय हनुमान के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। तीसरे दिन भगवान हनुमान के नगर भ्रमण के बाद यज्ञाचार्य श्यामसुंदर उपाध्याय, सहायक रूपेश कुमार उपाध्याय, चंदन पांडेय, पवन पांडेय ने मुख्य यजमान ओमप्रकाश सिंह पत्नी मिना देवी, अशोक सिंह पत्नी नूतन देवी, राजकुमार सिंह पत्नी सावित्री देवी, लखन सिंह पत्नी रतन देवी, जयप्रकाश सिंह पत्नी सुनिता देवी, सिबदेव सिंह पत्नी ललीता देवी, सुबोध सिंह पत्नी ममता देवी,कृष्ण बल्ब सिंह पत्नी रूकमणी देवी, गोपाल नाथ सिंह पत्नी चंपा देवी, बैजनाथ सिंह पत्नी अनिता देवी के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, नगर भ्रमण के बाद भगवान हनुमान की प्रतिमा को विधिवत रूप से स्थापना कराया। संध्या आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। तीसरे दिन भी श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहें। इसमें भारती कुमारी व रूबी देवी ने 12 घंटा का परिक्रमा किया। वहीं देर रात प्रवचक परम पूज्य पंडित अरुण शास्त्री श्री सुमन जी महाराज ने प्रवचन देकर लोगों को अस्था और श्रद्धा के प्रति भाव उत्पन्न किया। नगर भ्रमण में सैकड़ों महिला-पुरूष सहित युवक व युवतियां शामिल थे।

## बिजली के हाईटेंशन टावर में लगे लोहे की चोरी करते तीन पकड़ाये

- विगत कई वर्षो से चल रहा है हाई टेंशन पावर को काटकर चोरी करने का काम

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार चोर।

**लातेहार।** लातेहार के विभिन्न प्रखंडों में बिजली की हाईटेंशन टावर को काटकर लोहे की चोरी चोर द्वारा लगभग दो-तीन वर्षों से धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिस पर अंकुश लगाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। प्रशासन के द्वारा समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, जिसमे चोर पकड़े भी जाते है, लेकिन चोरी पर विराम नही लग पा रहा है। स्थिति यह हो गयी है कि आज हाईटेंशन टावर गिने-चुने जगह ही दिखाई दे रहा है। जिस पर भी चोरों की बुरी नजर लगी हुई है। इसी कड़ी में मंगलवार को लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चन्द्रशेखर चौधरी ने 3 चोरों को लोहा चोरी करते हुए रंगे हाथ खदेड़ कर पकड़ने में कामयाबी पाई। इस मामले में थाना प्रभारी श्री चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि लातेहार के बारियातू के जागीर में चोरों के द्वारा बिजली का हाइडेशन टावर के टावर में लगे लोहे की चोरी किया जा रहा है। इस संबंध में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के द्वारा सुचना मिली थी। इसी आलोक में कार्रवाई की गई। जिसमें उक्त सफलता मिली। हालांकि पुलिस को देखते ही टावर में लगे लोहे की चोरी कर रहे चोर भागने लगे, लेकिन पुलिस ने खदेड़ते हुये 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए चोरों में पिंटू कुमार 20 वर्ष पिता सुनील यादव, श्रवण कुमार 19 वर्ष पिता शिव प्रसाद (बाजकुम लातेहार) व सोनू कुमार सिंह उम्र 19 वर्ष पिता अशोक सिंह (लडुआडीह लातेहार) शामिल है। पुलिस ने इन सभी के पास से लोहा काटने व टावर में लगे लोहा खोलने वाला रिंच एवं आरी ब्लेड बरामद किया है। इन सभी ने पुलिस के समक्ष कई लोगों के नाम का भी खुलासा किया है। इनमें बादल सिंह, आदित्य यादव, मुकेश यादव, विशाल सिंह, कैलाश सिंह का नाम शामिल है।

इनमें मुख्य सरगना बादल सिंह को बताया गया है, जो साल भर से सांठगांठ कर यह गोरखधंधा चला रहा है। इसमें कई कबाड़ी संचालक भी शामिल है। जो टावर में लगे लोहे को खरीदने में अपनी दिलचस्पी लेते हैं। पुलिस ने इन सभी के पास से लगभग 10 क्विंटल लोहे का एंगल भी बरामद किया है। इन सभी के खिलाफ लातेहार थाना में कांड संख्या 98/23 धारा 379, 411, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज करते हुए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## झारखंड राज्य जनसेवक संघ ने 11 सूत्री लंबित मांगो के समर्थन में किया अनिश्चित कालीन हड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता


हड़ताल में बैठे जनसेवक संघ।

**लातेहार।** समाहरणालय के समक्ष बुधवार को षडयंत्र के तहत ग्रेड पे कम करने के विरोध में एवं 11 सुत्री लंबित मांगो के समर्थन में अनिश्चित कालीन हड़ताल दुसरे दिन भी जारी है। यह हड़ताल झारखंड राज्य जनसेवक संघ के बैनर तले किया गया।

#### जनसेवक की मांगे

जनसेवक संवर्ग के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा नियुक्ति नियमावली एवम ग्रेड पे संबंधी अवांछनीय छेड़छाड़ और षड्यंत्र तत्कालीन स्थाई रूप से बंद किया जाए। जनसेवक को पूर्व की भांति तकनीकी पद मानते हुए ग्रेड पे 4200/- किया जाए। 2012 में नियुक्त सभी जिले में जनसेवकों को तत्काल एमएसीपी का लाभ दिया जाए। 2012 में नियुक्त जनसेवकों सहित राज्य स्तरीय वरीयता सूची अविलंब प्रकाशित की जाए। जनसेवकों की संपूर्ण सेवा 2011 जनसेवक भर्ती नियमावली के तहत कृषि विभाग में वापस लेते हुए डीडीओ परिवर्तन का पत्र अविलंब निर्गत किया जाए। जनसेवक संवर्ग का पदनाम बदलकर कृषि प्रसार पर्यवेक्षक, प्रखंड उप कृषि पदाधिकारी किया जाए। जनसेवक संवर्ग को सीमित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। राज्य के सभी जिलों में 2401 वेतन शीर्ष सृजित किया जाए। झारखंड कृषि शिक्षा पर्षद अविलंब गठन करते हुए जनसेवकों की प्रोन्नति प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं समकक्ष सभी पदों में की जाए। जनसेवकों को गैर कृषि कार्य से मुक्त किया जाए। पूर्व की भांति जनसेवकों के लिए निःशुल्क कृषि स्नातक की पढ़ाई करने की व्यवस्था की जाए। हड़ताल में रामनाथ यादव, लव कुमार पासवान, रघुनंदन राम, प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मींज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गिर्दा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीर सुमन, अंकित एकका, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रोशन कुजुर, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडे, राजेश कुमार सूर्य प्रकाश समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### केकराही व नवाटोली में जंगली हाथियों के झुंड ने तीन घरों को किया ध्वस्त, ग्रामीण भयभीत


ध्वस्त घर दिखाते परिजन।

**चंदवा।** चंदवा में जंगली हाथियों का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है। मंगलवार की देर रात्रि बाद जंगली हाथियों का झुंड प्रखण्ड के माल्हन पंचायत अंतर्गत केकराही व नवाटोली गांव में अपनी धमक दिखायी, हाथियों के झुंड के गांव पहुंचने के बाद ग्रामीण सहम गए व सुरक्षित ठिकाना तलाश कर अपनी जान बचायी, केकराही गांव पहुंचे झुंड ने किसान कुनु गंझू के प्रधानमंत्री आवास को ध्वस्त कर दिया। वहीं नवाटोली में एतवरिया देवी व जिरवा देवी के घर को ध्वस्त कर दिया। भाजपा नेता रामकिशुन गंझू ने बताया कि विगत कई दिनों से जंगली हाथी माल्हन पंचायत के गांवों में उत्पात मचा रखा है, तीन लोगों की जान लेने के साथ किसानों के फसलों व दर्जनों ग्रामीणों के घर को भी ध्वस्त कर दिया है, जिससे ग्रामीण खौफजदा है। ग्रामीणों को हमेशा डर सताता रहता है कि पता नही कब किस दिशा से हांथी आ धमके व उनकी जान पर आफत बन जाए। ग्रामीणों ने वन विभाग की उदासीन रवैये पर भी रोष प्रकट किया है व कुशल टीम बुलाकर हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर सुरक्षित वन क्षेत्र में भेजने की मांग की है। मांग करने वालो में रामकिशुन गंझू, सुनील मुंडा, सुनील ठाकुर, सीताराम गंझू, श्रवण गंझू समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

### मुखिया व पंचायत सचिव पर 15 हजार लेकर कुआं आवंटित करने का आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के झावर पंचायत के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर झाबर पंचायत के मुखिया शीलो देवी एवं उसके पति वासुदेव उरांव एवं पंचायत सचिव ब्रह्मदेव राम पर 15,000/- रुपये लेकर बिरसा सिचाई कूप आवंटन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण योगेश यादव, शिव यादव, अरुण यादव, नरेंद्र यादव, समेत कई ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि झावर पंचायत में 19 अप्रैल को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस ग्रामसभा में जिन लाभुकों का बिरसा सिंचाई कूप निर्माण के लिए ग्राम सभा का सूची में चढ़ाई गई थी। उसे आवंटन नहीं करके 15,000/- लेकर फर्जी ग्रामसभा कर आवंटन कर दिया जा रहा है। इसकी शिकायत लाभुकों द्वारा बालूमाथ बीडीओ को लिखित आवेदन देकर किया गया। लेकिन बालूमाथ बीडीओ द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के बाद ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि पूरे प्रखंड में लगभग 300 लाभुकों को नया कुआ निर्माण कराने का आदेश प्राप्त हुआ है। लेकिन इन दिनों कुआं आवंटन के नाम पर प्रखंड कर्मी 15 से 20 हजार खुलेआम वसूल रहे हैं और इस राशि को कई पदाधिकारियों को टेबल तक पहुंचाया जा रहा है। जिस कारण ग्रामीणों के आरोप के बाद भी जाँच तक करना मुनासिब नहीं समझा गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग करते हुवे कहा की पूरे प्रखंड में पैसा लेकर चयनित किए गए कुप निर्माण की जांच कराई जाए। इस संबंध में पंचायत सचिव ब्रमदेव राम ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है। जिनका ग्रामसभा में नाम दर्ज है उसी लाभुक का कूप दिया जा रहा है।

### वन विभाग की योजनाओं में जेसीबी के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग


बेतला नेशनल पार्क से निकलता जेसीबी ।

- केंद्रीय वन मंत्रालय, पीएमओ और सीएमओ को जिप सदस्य ने लिखा पत्र

**बरवाडीह।** पलामू व्याघ्र परियोजना के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा कराई जाने वाली योजनाओं में स्थानीय मजदूरों के बजाय जेसीबी के माध्यम से वन विभाग के द्वारा लंबे समय से काम कराने के मामले को लेकर प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के साथ-साथ पीएमओ कार्यालय और सीएमओ कार्यालय को पत्र लिखकर वन विभाग की योजनाओं में प्रतिबंधित क्षेत्रों में जेसीबी के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने और प्रतिबंध के बावजूद जेसीबी का इस्तेमाल कर मनमाने तरीके से काम करने वाले वन विभाग के अधिकारी और कर्मियों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की मांग की है। जीप सदस्य संतोषी शेखर ने बताया कि पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत वन क्षेत्र के साथ-साथ बेतला नेशनल पार्क के क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा तालाब चेकडेम, ट्रेंच, भवन जैसे दर्जनों योजनाओं को कराने का काम खुद से किया जाता है। परंतु इन योजनाओं में स्थानीय मजदूरों के बजाय जेसीबी, ट्रेक्टर इत्यादि कई मशीनरी का उपयोग किया जाता है। जिसके कारण वन क्षेत्र में रहने वाले वन्यप्राणियों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है, और वन जीव भटक कर जंगल से बाहर चले जाते हैं, जो फिर शिकारियों का शिकार हो जाते हैं, जो काफी दुखद है। उन्होंने यह भी कहा कि वन विभाग जहां आम लोगों को प्रतिबंधित वन क्षेत्र में अपने घरों के लिए ही कार्य के साथ-साथ चापाकल की बोरिंग करने पर भी रोक लगा देती है। वही वन विभाग अपने लिए अपना अलग कानून बनाकर वन क्षेत्र के दायरे में मशीनरी का इस्तेमाल करती है। जिप सदस्य के द्वारा वन क्षेत्र में वन विभाग के द्वारा कराई जाने वाली योजनाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल खड़ा करते हुए केंद्रीय वन मंत्रालय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय से विगत पांच वर्षों की योजनाओं का सोशल ऑडिट कराने की भी मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### खूंटी एसपी ने कहा अपराधियों पर कड़ी नजर रखें

**खूंटी।** एसपी अमन कुमार की अध्यक्षता में खूंटी एसपी कार्यालय के सभागार में बुधवार को मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। मौके पर थानावार कांडों की समीक्षा की गयी और विभिन्न कांडों के डिस्पोजल और वारंट कुर्की के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गयी। क्राइम मीटिंग में एसपी ने सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि जमानत पर जेल से बाहर आनेवाले अपराधियों पर कड़ी नजर बनाये रखें, ताकि अपराधी अपराध करने के बारे में सोचे ही नहीं। एसपी ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाने, अवैध अफीम की खेती और इससे जुड़े कारोबारियों के विरुद्ध कारगर कार्रवाई करने और संदिग्धों पर नजर बनाये रखने का भी निर्देश दिया।

### अधूरे पीएम आवासों को शीघ्र पूरा करें : बीडीओ

**खूंटी।** तोरपा प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की कार्य प्रगति की पंचायत स्तर पर समीक्षा की गयी। इस दौरान बीडीओ दयानंद कारजी ने लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कार्य पूरा नहीं होने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, मुखिया, पंचायत सचिव और स्वयंसेवकों को आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 30 जून तक प्रखंड में 245 लंबित प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण कर लेना है। इसके लिए हर गुरुवार को अपनी पंचायत भवन में बैठक आयोजित कर लाभुकों को बुलायें और उनकी समस्याओं को जानकर उनका निराकरण करें, ताकि आवासों का काम पूरा हो।

# बिहार में चार सड़क हादसों में पांच की मौत, कई घायल

## मुजफ्फरपुर में बेकाबू ट्रक ने तरबूज बेच रहे लोगों को रौंदा, नवादा में मकान में घुसी बस

### सरैया के रेवा घाट में तीन लोगों की गयी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट के पास बुधवार को सड़क किनारे तरबूज बेच रहे लोगों को एक बेकाबू ट्रक ने रौंद दिया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गयी है।

पुलिस के मुताबिक जिले के सरैया थाना क्षेत्र के रेवा घाट में मुजफ्फरपुर-छपरा मुख्य मार्ग किनारे लोगों ने तरबूज बेचने के लिए दुकान लगा रखी थी। इसी दौरान एक ट्रक बेकाबू होकर भीड़ में जा घुसा, जिससे कई लोग इसकी चपेट में आ गये। इस घटना में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।



सरैया एसडीपीओ कुमार चंदन ने इस हादसे में तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि एक अन्य व्यक्ति जो गंभीर रूप से घायल है, उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। घटनास्थल से ट्रक को जब्त कर उसके चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर, व्यवसायी की मौत

**नवादा।** नवादा नगर के शिव मंदिर के निकट बुधवार को स्कूटी से दुकान आ रहे व्यवसायी राजेश साव को ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे गंभीर स्थिति में घायल होने के बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गयी।

### कार-मोटरसाइकिल में टक्कर, युवक की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के परनाडाबर थाना क्षेत्र के मझौली कलाली मोड़ के आगे बुधवार को एक कार और मोटरसाइकिल के आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में रजौली थाना क्षेत्र के मसय मंझला गांव के 30 वर्षीय विकास कुमार की मौत हो गयी। उनके साथ में रहा एक 10 वर्षीय बच्चा सुमन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### अंबिका बिगहा में एक दर्जन यात्री घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**नवादा।** यात्रियों से खचाखच भरी बस बुधवार को अनियंत्रित होकर एक मकान में घुस गयी। इस घटना में एक दर्जन यात्री चोटिल हो गये। बस में बैठे अन्य यात्री बाल-बाल बच गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को निजी तथा नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बस पर सवार अन्य यात्रियों में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर धर्मपाल दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तफ्तीश करते हुए बचाव कार्य में जुट गये। जानकारी के अनुसार बुधवार को बस पैसेंजर लेकर बिहारशरीफ से नवादा आ रही थी, तभी रास्ते में एनएच-20 पर नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंबिका बिगहा गांव स्थित एक मकान में जा घुसी, जिससे आगे के तीन-चार सीट पर बैठे लगभग एक दर्जन पैसेंजर घायल हो गये।



## पर्यटन स्थलों के लिए 20 मई से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन होगी रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** पांच ज्योतिर्लिंग समेत अन्य पर्यटन स्थल का दर्शन कराने के लिए 20 मई को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। इसकी जानकारी एक होटल में आइआरसीटीसी के ज्वाइंट जनरल मैनेजर राजेंद्र बोर्बन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा ज्योतिर्लिंग यात्रा श्रद्धालुओं के लिए प्रारंभ होगी। उन्होंने बताया कि 20 मई से ज्योतिर्लिंग यात्रा की शुरुआत होगी। यह यात्रा 12 दिन और 11 रात की होगी। 20 मई को कोलकाता से ट्रेन रवाना होगी, जो 5 ज्योतिर्लिंग और अन्य कई पर्यटन स्थल का श्रद्धालुओं को दर्शन करायेगी। ट्रेन में 650 यात्रियों को ले जाने की व्यवस्था है, जो स्लीपर, थर्ड एसी और सेकंड एसी में अपनी सुविधानुसार यात्रा कर पायेंगे। स्लीपर क्लास के लिए 20 हजार, थर्ड एसी के लिए 30 हजार और सेकंड एसी का किराया 40 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। ट्रेन कोलकाता से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, द्वारिकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्रीसोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिरडी साईं धाम मंदिर, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, सनी सिगनापुर मंदिर का दर्शन करायेगी। 31 मई को यह यात्रा समाप्त होगी। दुमका के तीर्थयात्री नजदीकी रेलवे स्टेशन बंगाल के रामपुरहाट या भागलपुर रेलवे स्टेशन पहुंच इस ट्रेन को पकड़ सकेंगे।

## पटना में पड़ रही जबरदस्त गर्मी, 17 जिलों में दो दिन लू चलने के आसार

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना में जबरदस्त गर्मी पड़ रही है। इस बीच, मौसम विभाग ने बुधवार को राज्य के 17 जिलों में लू चलने की संभावना जतायी है। पटना में कुछ दिनों से सुबह 9:00 बजे से ही गर्म हवा चल रही है। यहां का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। बुधवार की सुबह से ही तेज धूप निकली। हालांकि, सुबह में हवा में नमी के कारण राहत थी लेकिन दिन चढ़ते ही मौसम गर्म हो गया।

मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को बक्सर, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, जमुई, बांका, भागलपुर, खगड़िया, पूर्णिया और अररिया में लू की चेतावनी दी है। राजधानी पटना सहित राज्य के 13 जिलों में 11 और 12 मई को लू की चेतावनी जारी हुई है। इसके



अलावा, पूर्णिया, शेखपुरा, खगड़िया और बांका लू की चपेट में रहे। प्रदेश का सबसे गर्म जिला शेखपुरा रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के 16 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को बहुत जरूरी काम से ही बाहर निकलने की सलाह दी है।

### अररिया में गर्म हवा के थपेड़ों ने जीना किया मुहाल

**अररिया।** अररिया सहित आसपास के इलाकों में बीते एक सप्ताह के भीतर मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के चलने और तापमान में उतार-चढ़ाव से लोगों की आम जिंदगी थम सी गयी है। तेज धूप और गर्म हवा के चलने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी और लू के कारण बाजारों में सन्नाटा पसरा है। सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तपिश लोगों को झुलसा रही है। वहीं, दोपहर से बहने वाली गर्म पछुआ हवा लोगों को बैचेन कर रहा है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के आसार हैं। संभावना जतायी जा रही है कि आगामी 15 मई तक मौसम गर्म रहेगा। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। धूप में निकलने से पहले सावधानी बरतने की जरूरत है।

## एक नजर में

### पुलिस ने बालू लदे 11 ट्रैक्टर किये जब्त

**नवादा।** नवादा जिले में बड़े पैमाने पर रोक के बावजूद प्रतिदिन लाखों रुपये के बालू का अवैध धंधा जारी है। इस कारण लाखों रुपये प्रतिदिन राजस्व का चूना सरकार को लग रहा है। बालू के अवैध खनन के विरुद्ध वारसलीगंज पुलिस ने बुधवार को जन दबाव के कारण कार्रवाई करते हुए 11 बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। पुलिस ने अवैध बालू लदे 11 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। वहीं, पुलिस को आते देख ट्रैक्टर चालक और बालू माफिया भाग निकले।

### मोतिहारी में 10 कच्चे घर जले



मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिला के मुख्यालय मोतिहारी के नगर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भीषण आग लगने से कई घर जलकर राख हो गये। घटना शहर के जिला स्कूल के सामने बलुआ ओवरब्रिज के नीचे हुई है। प्रत्यदर्शियो के अनुसार यहां महादलितों द्वारा बनाये गये झोपड़ी में अचानक आग लग गयी, जिसमें करीब आधा दर्जन झोपड़ी जल कर राख हो गये। इस दौरान महादलित परिवारों के कई मवेशी भी जल गये। बताया गया कि इस घटना में एक घर में शादी के लिए रखा हुआ लाखों का सामान भी जल कर राख हो गया। अगलगी की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। जबकि, आग लगने के कारणों का अब तक खुलासा नहीं हुआ है।

## मोतिहारी में लव जिहाद, दुबई ले जाकर कराया धर्म परिवर्तन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के मुख्यालय मोतिहारी में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक पर पहले प्यार फिर धर्म परिवरन करा कर शादी करने और अब लड़की का जेवर और पैसे लेकर भागने का आरोप लगा है। इस वाकया का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित लड़की उक्त लड़के को ढूंढते उसके गांव पहुंचकर जमकर हंगामा किया और बताया कि उसका नाम प्रीति कुमारी है।

उसने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिला के पटानी थाना स्थित रसूलगढ़ गांव की रहने वाली है। वह नोएडा सेक्टर 73 में किराया के मकान में रहकर पढ़ाई करती थी।



पढ़ाई के दौरान हीं उसे तुरकौलिया के तालिफ रेजा से प्यार हो गया। वह रिश्ता हद से आगे बढ़ गया। फिर दोनों ने वर्ष 2009 से एक साथ रहने लगे। प्रीति ने बताया वह पढ़ाई के साथ डोमिनाज में बर्गर टीम में काम करती थी और तालिफ भी डोमिनोज में ही काम करता था। वर्ष 2018 में तालिफ रेजा दुबई चला गया। वर्ष 2019 में तालिफ ने प्रीति को भी दुबई बुला लिया और फिर तालिफ ने वही उसका धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम रीति रिवाज से उससे शादी कर ली।

दोनों दुबई में पति-पत्नी की तरह रहने लगे। इस दौरान वह एक ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी। कुछ दिनों बाद इलाज के लिए नोएडा आ गयी और अक्टूबर 2022 में जब वापस दुबई गयी तो देखा कि वह जिस मकान में भाड़ा पर दोनों रहते थे, उसमें ताला लगा था। पता करने पर मालूम हुआ कि उसका पति दुबई से कुछ दिनों पूर्व हीं लौट चुका है। फिर मकान का ताला तोड़कर कमरे में गयी तो कमरा से उसके सारे जेवरात और रूम में रखे पांच लाख रुपये नकद लेकर तालिफ रेजा फरार हो चुका है।

पीड़िता प्रीति ने बताया कि दुबई से लौटकर आयी और तालिफ का घर खोजते-खोजते तुरकौलिया थाना क्षेत्र के सेमरा बेलवतिया गांव पहुंची। वहां उसे मालूम हुआ कि उसका पति तालिफ ने दूसरी शादी कर ली है। वह अपने पति के घर पर पहुंची और घर में जाने का प्रयास करने लगी, लेकिन तालिफ के घरवालों ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद प्रीति ने गांव वालों को सारी बातें बतायी और ग्रामीणों के साथ तालिफ के घर के बाहर बैठी है। इस दौरान प्रीती चीख-चीख कर कहती रही कि इसके कारण मैंने अपना धर्म छोड़ा, परिवार छोड़ा और इसने मेरे साथ धोखा दिया है, मुझे इंसाफ चाहिए।

## खनन वाले क्षेत्रों में स्कूल, शौचालय व अन्य सुविधा मुहैया करायें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय पर सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें, ताकि खनिज प्रभावित उन क्षेत्रों में वहा के परिवेश के अनुसार योजनाओं का चयन किया जाये। डीसी ने कहा कि योजनाओं का चयन पारदर्शी तरीके से ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में कुल 24 योजनाएं ली गयी थीं, जिसमें 18 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, शेष प्रगति पर हैं। खूंटी जिले के डीएमएफटी के लिए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान का अनावरण किया गया, जिसमें मुख्य रूप से वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 से लेकर आने वाले वर्षों में डीएमएफटी मद से किये जाने वाले कार्यों की चर्चा की गयी। लखपति किसान योजना के तहत किसानों के आय वृद्धि के लिए जेएसएलपीएस से समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ पीएम 15 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक भी हुई, जिसमें आइटीडीए के परियोजना निदेशक ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता आदि पर चर्चा की।

## पेज 1 का शेष

### लोकल भाषा जानें...

उन्होंने कहा कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का एक ऐसा वर्ग है, जिनमें अधिकांश को कानून की जानकारी नहीं होती है। ऐसे में उनको न्याय दिलाना कितना कठिन होगा, इसे सहज समझा जा सकता है। आप सभी ऐसे लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करें। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विधि विभाग के प्रधान सचिव नलिन कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### इस्लामाबाद समेत...

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसा के आरोप में उनके सैकड़ों समर्थकों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस ने कहा कि प्रांत में सरकारी संपत्ति, पुलिस बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। हिंसक कृत्यों, तोड़फोड़, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार पेशावर में हिंसा ने घातक रूप ले लिया है। सार्वजनिक और निजी संपत्ति, वाहनों, मेट्रो बसों और सरकारी एंबुलेंस को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। **अदालत ने कहा 17 को इरमान को पेश करें :** पूर्व पीएम इमरान खान की कानूनी मुश्किलें बुधवार को और अधिक बढ़ गयीं। जवाबदेही अदालत ने पीटीआइ के अध्यक्ष को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में आठ दिन की रिमांड पर नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (नैब) को सौंपने का फैसला किया। नैब ने खान को 14 दिन की हिरासत में लेने की मांग की थी, लेकिन अदालत ने आठ दिन की रिमांड की ही इजाजत दी। न्यायमूर्ति बशीर ने खान को 17 मई को अदालत के सामने पेश करने का आदेश दिया। इमरान पाकिस्तान के इतिहास में गिरफ्तार होने वाले सातवें पूर्व पीएम हैं। **परमाणु बम पर मंडराया खतरा :** कराची से लेकर रावलपिंडी तक पाकिस्तान जल रहा है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से देश में बवाल जारी है। इन स्थितियों के बीच ही देश के परमाणु हथियारों और इनकी सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। जिस जगह पर ये हथियार हैं, वहां भी हिंसा से हालात बेकाबू हैं। इमरान खान समर्थकों ने मंगलवार को पाकिस्तानी सेना के रावलपिंडी स्थित मुख्यालय पर भी हमला बोला दिया था। पाकिस्तानी सेना के कई कोर कमांडरों के ठिकानों को भी जला दिया गया है। इस खतरनाक हालात के बीच पाकिस्तान के परमाणु बमों की सुरक्षा को लेकर आशंका जतायी जाने लगी है। कराची, लाहौर, पेशावर, सियालकोट और तमाम शहरों में इमरान के समर्थक हिंसा कर रहे हैं। यह डर तब और बढ़ जाता है जब उन जगहों पर भी हिंसा होती है जहां पर परमाणु हथियार रखे हुए हैं। मुझे जहर की सूई देकर मार देंगे : इमरान खान ने बुधवार को अदालत में सनसनीखेज दावे किए। उन्होंने कहा कि मेरी हत्या की साजिश हो रही है। मुझे धीमे जहर के इंजेक्शन देकर धीरे-धीरे मारा जा सकता है। इस्लामाबाद हाइकोर्ट से मंगलवार को गिरफ्तार किए गये इमरान खान को बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। यहां उन्होंने जज के सामने अपने कत्ल की बात कही। वहीं सेना और पीएम शहबाज शरीफ कह चुके हैं कि इमरान खान ड्रामा कर रहे हैं।

### इडी ने पल्स हॉस्पिटल...

इडी ने सभी की बाजार मूल्य 82.77 करोड़ आंका है। एजुकेटिंग अथॉरिटी के बाद पूरी संपत्ति अब भारत सरकार की संपत्ति मानी जाएगी। अस्पताल, डायग्नोसिस सेंटर और दोनों भूखंडों की बिक्री पर पूरी तरह रोक रहेगी। **मनरेगा घोटाले से अर्जित पैसों की मनी लॉन्ड्रिंग :** इडी ने झारखंड पुलिस और एंटी करप्शन ब्यूरो में दर्ज कई एफआइआर के आधार पर एजेंसी ने मनरेगा घोटाले में पीएमएलए की जांच शुरू की थी। जांच में यह बात सामने आयी कि मनरेगा घोटाले की अपराध से अर्जित पैसे और कमीशन को पूजा सिंघल के साथ साथ उनके रिश्तेदारों के अलग अलग बैंक खातों में जमा कराया गया था। पद का दुरुपयोग कर पूजा सिंघल ने बाद में भी काफी अवैध कमाई की थी। पूजा सिंघल की यह अवैध कमाई उनके आय से काफी अधिक थी। पूजा सिंघल ने अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति का निवेश की अस्पताल निर्माण व अचल संपत्ति की खरीद में किया।

# अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव कर रहीं आजीविका से जुड़ी महिलाएं : गिरिराज

## बेगूसराय में खेती-किसानी से जुड़कर 3,23,664 महिलाओं ने 27 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर कीर्तिमान बनाये

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना/बेगूसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजीविका मिशन को राष्ट्रीय मिशन बनाकर ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का मंत्र दे दिया है। अवसरों का सृजन कर गरीबी दूर करने की दिशा में पहल बन चुकी दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय आजीविका मिशन करोड़ों ग्रामीण परिवारों की समृद्धि का श्रोत बन गया है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन ने नारी शक्ति को एक नयी पहचान और दिशा दी है। इसके साथ ही छोटे-छोटे समूहों के माध्यम से प्रशिक्षित, प्रेरित, मार्गदर्शित हुई महिलाएं स्वावलंबन की नयी राह पर आगे बढ़ रही हैं। 2011 में शुरू राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों को लक्ष्य समूह बनाकर दायरे में रखा गया था। बात बेगूसराय की करें, तो यहां खेती, किसानी एवं व्यवसाय से जुड़कर तीन लाख 23 हजार 664 महिलाओं ने 27 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह बनाकर कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आजीविका से जुड़ी महिलाएं ना सिर्फ अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव कर रही हैं, बल्कि इन्होंने सामाजिक संरचना को भी मजबूत करने में बड़ी पहल की है।

बता दें कि 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने योजना का आकलन किया, तो उसका दायरा भी बढ़ाया। नाम बदलकर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) किया। अब सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 के डाटाबेस के अनुसार कम से कम एक तरह के अभाव वाले सभी परिवारों को मिशन के लक्ष्य समूह में शामिल कर लिया गया। इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की संख्या तेजी से बढ़ी। तब से अपने नाम और लक्ष्य को चरितार्थ कर रहा यह मिशन समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। आर्थिक प्रगति के कारण महिलाएं और उनका परिवार गरीबी से बाहर आने लगा है, उनके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है। मिशन की आधारशिला समुदाय आधारित है और ग्रामीण महिलाएं इसके मूल में हैं। मिशन ने महिला सशक्तीकरण के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है। इसकी 2011 से 2014 तक की प्रगति को देखें, तो पांच लाख स्वयं सहायता समूह बने थे और सिर्फ 50-52 लाख परिवारों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया था। लेकिन, 2014 के बाद से इसमें क्रांतिकारी परिवर्तन आया। पिछले नौ वर्षों में स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने में केंद्र सरकार ने हर प्रकार से मदद की है। प्रधानमंत्री के इस योजना के प्रति विजन और लक्ष्य है कि हर ग्रामीण परिवार से कम से कम एक महिला इस अभियान से जुड़े। इसके लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह पहल कर रहे हैं। इस कारण नौ मई 2023 तक सदस्यों की संख्या 9.09 करोड़ को पार कर गयी। बैंक लिंकेज 6.57 लाख करोड़ हो गया, एनपीए 1.85 प्रतिशत है। लखपति दीदी की संख्या 1.24 करोड़ हो गयी तथा यह आंकड़ा प्रत्येक दिन तेजी से बढ़ रहा है। बेगूसराय में आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं ने 110 करोड़ रुपये की बचत की हैं। इससे इन महिलाओं की दुनिया ही बदल गयी है। इन तीन लाख से ज्यादा महिलाओं ने अपनी क्षमताओं को विकसित करने के लिए कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र में अपनी अभिरुचि के अनुसार क्षेत्र चुना। बेरोजगार का दंश झेलते हुए गृहिणी बनकर घर में बैठी महिलाएं एक तरफ जहां खुद को स्वावलंबी बना रही हैं, वहीं लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करा रही हैं। कृषि एवं गैर कृषि क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह बनाकर मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, गो पालन के साथ साथ दीदी की रसोई का संचालन कर रहीं हैं, जो काफी लाभप्रद साबित हो रहा है। अचार, सत्तू, पापड़, अगरबत्ती, नीरा, मूर्ति कला, ग्रामीण कला सहित अन्य माध्यमों से खुद आर्थिक रूप से सबल हो रही हैं।



ये रोजगार के अवसर भी पैदा कर रही है। 2022-23 में 148 ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से 60 करोड 46 लाख रुपये का लेन-देन महिलाओं ने किया है। इससे सैकड़ों महिलाओं की मासिक आमदनी दस से 15 हजार रुपये हो गया है। सदर अस्पताल, बरौनी रिफाइनरी टाउनशिप अस्पताल, आवासीय अनुसूचित जाति जनजाति विद्यालय, तेघड़ा अनुमंडलीय अस्पताल सहित पांच दीदी की रसोई का संचालन किया जा रहा है। यहां से 31 मार्च तक में एक करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है।

525 महिलाओं ने जिला में मधुमक्खी पालन कर 18 क्विंटल मधु तैयार किया, जिससे उनकी अच्छी आमदनी हुई। बलिया, साहेबपुर कमाल, बखरी, बरौनी एवं गढ़पुरा प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में ग्रामीण बाजार लगाकर करीब 45 लाख अर्जित किया गया।

# सेना ने खान के समर्थकों को कड़ा जवाब देने की दी चेतावनी

## कहा - किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जायेगा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी फौज ने अपने प्रतिष्ठानों पर हमले को लेकर बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों को कड़ा जवाब देने की चेतावनी दी और कहा कि किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। साथ में नौ मई को मुल्क के इतिहास का काला अध्याय करार दिया।भ्रष्टाचार के एक मामले में अपने नेता खान की गिरफ्तारी से गुस्साए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान के समर्थकों ने मंगलवार को सेना के जनरल मुख्यालय और कई अन्य सैन्य संपत्तियों और प्रतिष्ठानों पर धावा बोल दिया। उन्होंने सैन्य वाहनों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया और लाहौर कोर कमांडर के आवास में आग लगा दी।सेना की मीडिया शाखा अंतर सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने कहा कि हम किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने देंगे। आईएसपीआर ने कहा कि एक तरफ ये बदमाश अपने सीमित और स्वार्थी उद्देश्यों को हासिल करने के लिए देश की भावनाओं को भड़काते हैं और दूसरी तरफ लोगों को धोखा देते हैं। उसने कहा कि यह पाखंड की एक मिसाल है। सेना की मीडिया इकाई ने कहा कि सियासी चोला पहने इस समूह ने ह्यसत्ता की लालसाह्व में वह कर दिखाया है जो 75 साल में दुश्मन नहीं कर पाए। उसने कहा कि खान की गिरफ्तारी के बाद प्रदर्शनकारियों की ओर से ह्यसेना की संपत्ति और प्रतिष्ठानों को निशाना बनानेह्व की वजह से इतिहास में नौ मई को ह्यकाले अध्याय के तौर पर याद किया जाएगा।



बयान में कहा गया है कि फौज ने संयम दिखाया और सहनशीलता का परिचय दिया। ऐसा अपनी प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए नहीं किया गया बल्कि मुल्क के व्यापक हित में किया गया।

उसमें कहा गया है कि सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सैन्य और राज्य के प्रतिष्ठानों और संपत्तियों सहित सेना पर आगे किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी इसी समूह पर होगी जो पाकिस्तान को गृहयुद्ध में धकेलना चाहता है और इसे कई बार व्यक्त कर चुका है। सेना ने कहा कि उसकी परिपक्व प्रतिक्रिया ने इस साजिश को नाकाम कर दिया। बयान में कहा गया है, कि हम सभी अच्छी तरह से वाफिक हैं कि इसके पीछे पार्टी नेतृत्व के कुछ कुटिल लोगों के आदेश, निर्देश और पूर्व योजना है। फौज ने कहा कि प्रदर्शनों को कराने वालों और उनकी योजना बनाने वालों तथा इसमें शामिल राजनीतिक कार्यकताओं की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उसने कहा कि साजिश के तहत ऐसी स्थिति बनाई गई ताकि फौज तत्काल प्रतिक्रिया दे और इसका इस्तेमाल दुष्ट राजनीतिक मकसद के लिए जा सकते। फौज ने कहा कि अब ये दुष्ट तत्व नतीजों के जिम्मेदार होंगे।

## पाक में हिंसा जारी, इमरान समर्थक सैकड़ों नेता गिरफ्तार

**लाहौर/पेशावर।** पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों का देशभर में हिंसक प्रदर्शन जारी है। और सुरक्षा बलों के बीच पिछले 24 घंटों में हुई हिंसक झड़पों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और करीब 300 अन्य घायल हो गये। हिंसक प्रदर्शनों को रोकने के लिए बुधवार को सेना को तैनात किया गया। पुलिस ने कहा कि मंगलवार को भ्रष्टाचार के एक मामले में इमरान की नाटकीय गिरफ्तारी के बाद पंजाब प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थकों ने कम से कम 14 सरकारी भवनों/प्रतिष्ठानों में आग लगा दी।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अकेले पंजाब में अब तक महिलाओं सहित 1,150 पीटीआई समर्थकों को गिरफ्तार किया है। पीटीआई के महासचिव असद उमर, पंजाब के पूर्व राज्यपाल उमर सरफराज चीमा और पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को भी बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई प्रमुख इमरान की गिरफ्तारी के मद्देनजर बुधवार को लाहौर समेत पंजाब के कई अन्य शहरों में स्थिति तनावपूर्ण रही। चूंकि, पुलिस प्रांत में कानून-व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने में विफल रही, इसलिए पंजाब सरकार ने सेना की तैनाती के लिए कहा।

## स्पीड न्यूज

### छत्तीसगढ़ में एक साल की बाघिन की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ज़िले के चिड़ियाघर में बीमारी से बाघ के मादा शावक की मौत हो गई है। चिड़ियाघर के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि ज़िले के कानन पेंडारी जूलॉजिकल गार्डन में मंगलवार की दोपहर को एक मादा शावक की मौत हो गई । इस बाघिन की उम्र मात्र एक वर्ष थी और वह पिछले चार दिन से बीमार थी। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार बाघिन की मौत किडनी की बीमारी के कारण हुई है।

### केरल में महिला डॉक्टर की हत्या

**कोल्लम ।** केरल के कोट्टारक्कारा के एक तालुक अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए एक व्यक्ति ने बुधवार को 22 वर्षीय एक महिला डॉक्टर की छुरा मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। आरोपी व्यक्ति को परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने के बाद पुलिस अस्पताल ले कर आई थी।

### मणिपुर के 11 जिलों में कर्फ्यू में 6 घंटे की छूट

**इंफाल।** प्रभावित मणिपुर में स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और बीते दो दिनों में राज्य में हिंसा की कोई नयी घटना नहीं सामने आई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर और जिरिबाम सहित 11 प्रभावित जिलों में बुधवार को सुबह पांच बजे से छह घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई।

### छत्तीसगढ़ में 10 वीं व 12वीं के रिजल्ट जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी। दोनों ही कक्षाओं में लड़कियों ने बाजी मारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा (10वीं) में 75 .05 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हैं। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 79 .16 तथा बालकों का प्रतिशत 70 .26 है। 12वीं में 79 .96 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें बालिकाओं का प्रतिशत 83 .64 व बालकों का प्रतिशत 75 .36 है।

### मालेगांव विस्फोट में एक और गवाह पलटा

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की नेता व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर की कथित जान-पहचान वाला एक व्यक्ति 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व में दी गई गवाही से मुकरने वाला 37वां गवाह बन गया है। भोपाल लोकसभा सीट से सांसद ठाकुर और छह अन्य लोग मालेगांव विस्फोट मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। शुरूआत में मामले की जांच कर रही महाराष्ट्र पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को दिए गए बयान के मुताबिक गवाह ने ठाकुर के किसी कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और दोनों की आपस में जान-पहचान थी। बुधवार को हालांकि एनआईए न्यायाधीश के समक्ष गवाही देते हुए गवाह ने कहा कि वह ठाकुर को नहीं जानता है।

# कर्नाटक में 66.46 फीसदी वोटिंग

**जालंधर में 50.27, झारसुगुड़ा में 68.12, छानबे में 39.51,स्वार में 41.78 और सोहियोंग में 91.39 प्रतिशत हुआ मतदान**

एजें

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को हुआ मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा और ऐसा कोई संकेत नहीं है कि किसी भी मतदान केंद्र पर पुर्नमतदान की आवश्यकता होगी। ईसी की ओर से उपलब्ध कराए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 66.46 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आयोग ने कहा कि अंतिम आंकड़े गुरुवार तक पता चल जाएंगे। कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को मतदान हुआ, जिसके लिए 58,545 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। राज्य में 2018 के विधानसभा चुनावों में 72.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट, ओडिशा में झारसुगुड़ा विधानसभा सीट और उत्तर प्रदेश में छानबे विधानसभा सीट के लिए भी बुधवार को मतदान हुआ था, जो मौजूदा जनप्रतिनिधियों की मौत के कारण खाली हुई थी। मौजूदा विधायक की अयोग्यता के कारण उत्तर प्रदेश की स्वार विधानसभा सीट के लिए भी उपचुनाव हुआ। मेघालय के सोहियोंग विधानसभा क्षेत्र में भी उपचुनाव हुआ।

## ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त का अनुमान

कर्नाटक विधानसभा चुनाव — एग्जिट पोल-2023 — सीटें: 224/ बहुमत: 113

| | भाजपा | कांग्रेस | जेडीएस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| आजतक एक्सिस माई इंडिया | 62-80 | 122-140 | 20-25 | 0-3 |
| एबीपी न्यूज सी-वोटर | 83-95 | 100-112 | 21-29 | 02-06 |
| रिपब्लिक पी-मारक्यू | 85-100 | 94-108 | 24-32 | 02-06 |
| एशियानेट जन की बात | 94-117 | 91-106 | 14-24 | 0-2 |
| जी न्यूज मैट्रिज | 79-94 | 103-118 | 25-33 | 02-05 |
| टीवी9 भारतवर्ष पोलस्ट्रेट | 88-98 | 99-109 | 21-26 | 0-4 |
| न्यूज नेशन सीजीएम | 114 | 86 | 21 | 03 |
| टाइम्स नाऊ ईटीजी | 78-92 | 106-120 | 20-26 | 02-04 |
| इंडिया टीवी सीएनएक्स | 80-90 | 110-120 | 20-24 | 01-03 |
| 2018 के नतीजे | भाजपा 104 | कांग्रेस 80 | जेडीएस 37 | अन्य 03 |

### भाजपा, कांग्रेस और जनता दल के बीच त्रिकोणीय मुकाबला

आयोग के मुताबिक शाम पांच बजे तक जालंधर में 50.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि झारसुगुड़ा में यह 68.12 प्रतिशत रहा, छानबे में 39.51 प्रतिशत ,स्वार में 41.78 और सोहियोंग में 91.39 प्रतिशत मतदान हुआ।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस के सबसे बड़े दल के तौर पर उभरने का अनुमान लगाया गया है। जी न्यूज और मैट्रिज एग्जिट पोल में कांग्रेस को 41 प्रतिशत मतों के साथ 103 से 118 सीटें मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसके मुताबिक, भाजपा को 36 प्रतिशत मतों के साथ 79 से 94 सीटें मिलने का अनुमान है तथा जनता दल (सेक्युलर) को 17 प्रतिशत मतों के साथ 25 से 33 सीटें मिल सकती हैं। टीवी 9 और पोलस्ट्रेट की ओर से किए गए चुनाव बाद सर्वेक्षण में कहा गया है कि कांग्रेस को 99 से 109 सीटें मिल सकती हैं जबकि भाजपा को 88 से 98 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इस एग्जिट पोल में यह अनुमान भी लगाया गया है कि जद (एस) को 21 से 26 सीटें मिल सकती हैं। एबीपी न्यूज और सी वोटरके एग्जिट पोल में संभावना जताई गई है कि कांग्रेस को 100 से 112 सीटें मिल सकती हैं तथा भाजपा को 83 से 95 और जद (एस) को 21 से 29 सीटें हासिल हो सकती हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा, कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के बीच त्रिकोणीय मुकाबला माना जा रहा है।



### बब्बर शेर हैं कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता : राहुल

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में विधानसभा चुनाव के लिए गरिमापूर्ण और ठोस जनोन्मुखी अभियान चलाने के लिए बुधवार पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। गांधी ने नेताओं और कार्यकताओं को ह्यबब्बर शेरह्व बताया और उन लोगों का भी आभार व्यक्त किया, जो प्रगतिशील भविष्य के लिए मतदान करने आए थे। गांधी ने मतदान संपन्न होने के बाद ट्वीट किया कि मैं गरिमापूर्ण और ठोस जनोन्मुखी अभियान अच्छी तरह चलाने के लिए कांग्रेस के बब्बर शेर कार्यकताओं और नेताओं का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। प्रगतिशील भविष्य के लिए बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए कर्नाटक के लोगों को धन्यवाद। कांग्रेस ने राज्य में पार्टी के सत्ता में आने पर पांच गारंटी को लागू करने का वादा किया है। इनमें सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की (गृह ज्योति) योजना, हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये मासिक सहायता देने की (गृह लक्ष्मी) योजना, बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो चावल मुफ्त देने की (अन्ना भाग्य) योजना आदि शामिल हैं।

## राजस्थान में कुर्सी लूटने और बचाने का चल रहा खेल

एजेंसी

**प्रधानमंत्री मोदी ने गहलोत और पायलट के बीच जारी खींचतान पर किया कटाक्ष**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी खींचतान पर कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा कि यहां कुर्सी लूटने और कुर्सी बचाने का ही खेल चल रहा है, जहां मुख्यमंत्री को अपने ही विधायकों और विधायकों को अपने मुख्यमंत्री पर भी भरोसा नहीं है। आबूरोड में एक जनसभा को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही कहा कि राजस्थान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच जारी खींचतान पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा किकांग्रेस की स्वार्थ की राजनीति का परिणाम राजस्थान को भी उठाना पड़ रहा है। आप पिछले पांच वर्षों से राजस्थान में राजस्थान में राजनीतिक लड़ाई का भद्दा रूप देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता के हित की बजाय यहां कुर्सी लूटने और कुर्सी बचाने का ही खेल चल रहा है। यह कैसी सरकार है, जहां मुख्यमंत्री को अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है, यह कैसी सरकार है जहां विधायकों को अपने मुख्यमंत्री पर भी भरोसा नहीं है । सरकार के भीतर सब एक दूसरे को अपमानित करने की होड़ लगाए बैठे हैं। मोदी ने कहा कि जब कुर्सी पूरे पांच साल संकट में ही पड़ी रही हो तो ऐसे में राजस्थान के विकास की किसे



परवाह होगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर भी राजस्थान सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि इसलिए ही आज कांग्रेस शासन में, राजस्थान में कानून-व्यवस्था पूरी तरह तबाह हो चुकी है। जिस राजस्थान में गंभीर अपराध सुनने में कम ही आते थे, वहां अब अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं और अपने वोट बैंक की गुलामी कर रही कांग्रेस कुछ लोगों की तुष्टिकरण करने के लिए कार्रवाई करने से भी डर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार के इस रवैये की सबसे बड़ी कीमत राजस्थान की माताओं, बहनों और बेटियों का चुकानी पड़ी है। राजस्थान में महिलाओं से जुड़े अपराध चरम पर हैं। यहां तीज-त्योहार भी शंका-आशंका के बीच मनाने पड़ते हैं। जयपुर में सीरियल बम धमाकों के चार आरोपियों को उच्च न्यायालय द्वारा बरी किए जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने राज्य सरकार पर मामले में मजबूती से पैरवी नहीं करने का आरोप लगाया।

# यूनेस्को ने विश्व भारती को घोषित किया धरोहर

## सितंबर में जारी किया जायेगा सर्टिफिकेट

**केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस उपलब्धि का किया एलान**

एजेंसी

**कोलकाता।** रवींद्र जयंती पर गुरुदेव द्वारा स्थापित विश्व भारती विश्वविद्यालय को यूनेस्को ने सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। विश्वभारती की प्रवक्ता महुआ बनर्जी ने बताया कि विश्व भारती को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन घोषित किया है।

सितंबर में इसका सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने भी इस उपलब्धि की घोषणा की है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती पर भारत के लिए



अच्छी खबर है। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर के एडवाइजरी डिवीजन ने पश्चिम बंगाल में शांतिनिकेतन के विश्वविद्यालय को वर्ल्ड हेरिटेज लिस्ट में शामिल करने की सिफारिश की है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि विश्व भारती की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्टि के कारण संभव हो पाई है।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हमारी समृद्ध विरासत को विश्व पटल पर प्रदर्शित करने की दूरदर्शिता को और गति मिली है। विश्व विरासत समिति सितंबर 2023 में रियाद, सऊदी अरब में बैठक कर रही है। वहीं से इस मान्यता की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री मोदी का 22 जून को अमेरिका में बाइडन करेंगे मेजबानी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 जून को होने वाली अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनकी मेजबानी करेंगे। व्हाइट हाउस की तरफ से बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में राजकीय रात्रि भोज भी आयोजित किया जाएगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव के. जीन पियरे ने एक बयान जारी करके यात्रा की घोषणा की। आगामी यात्रा अमेरिका तथा भारत के बीच गहरी एवं नजदीकी साझेदारी को और बढ़ाएगी, साथ ही अमेरिकियों और भारतीयों को जोड़ने वाले गर्मजोशी भरे संबंधों को भी मजबूत करेगी।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित
Jharkhand Board Today CLASS-X 2023
सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-
मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, TIARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

# फिल्म उलझ में नजर आयेंगी जाह्नवी कपूर

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर जल्द ही देशभक्ति पर आधारित फिल्म उलझ में नजर आएंगी। फिल्म निमार्ताओं ने बुधवार को इसकी घोषणा की।कपूर ने एक बयान में कहा कि जब मुझसे उलझ फिल्म की पटकथा के साथ संपर्क किया गया तो इसने मुझे बहुत आकर्षित किया क्योंकि एक अभिनेत्री के रूप में, मैं लगातार ऐसी पटकथाओं की तलाश में रहती हूं जो मुझे मेरे कंफर्ट जोन से बाहर निकाल दें। फिल्म में जाह्नवी, भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) की युवा अफसर के किरदार में नजर आएंगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, फिल्म 'उलझ' में कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, ??सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे कलाकार प्रमुख किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की पटकथा सरिया और परवेज शेख ने लिखी है तथा संवाद अतिका चौहान ने लिखे हैं। फिल्म उलझ की शूटिंग मई के अंत तक शुरू होगी।



## नंदामुरी बालकृष्ण की फिल्म से तेलुगु सिनेमा में पर्दापण करेंगे अर्जुन रामपाल

**बॉलीवुड** अभिनेता अर्जुन रामपाल तेलुगु फिल्मों के अभिनेता-निर्माता नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म से तेलुगु सिनेमा में पर्दापण करेंगे। फिल्म के निमार्ताओं ने बुधवार को यह जानकारी दी। निर्माताओं ने बताया कि रामपाल आगामी फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। फिलहाल, फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। इसका निर्देशन अनिल रविपुडी और निर्माण साहू गणपति तथा हरीश पेड्डी के प्रोडक्शन बैनर शाइन स्क्रीन्स द्वारा किया जा रहा है। प्रोडक्शन बैनर ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर रामपाल को फिल्म से जोड़ने की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि फिल्म की पूरी टीम राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अर्जुन रामपाल का तेलुगु फिल्मों में कॅरियर की शुरूआत करने पर स्वागत करती है। ओम शांति ओम जैसी हिंदी फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभा चुके रामपाल ने कहा कि वह आगामी तेलुगु फिल्म में काम करने को लेकर उत्सुक हैं।

### कल 37 देशों में रिलीज होगी 'द केरल स्टोरी'

**नयी दिल्ली।** द केरल स्टोरी की मुख्य अभिनेत्री अदा शर्मा ने बुधवार को कहा कि यह फिल्म 12 मई को 37 देशों में रिलीज होगी। धर्मांतरण के विषय पर बनी इस फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर देश में राजनीतिक विमर्श छिड़ गया है, जिसके कारण कुछ राज्यों ने फिल्म को प्रतिबंधित कर दिया है और कुछ राज्यों ने इसे कर मुक्त कर दिया है। द केरल स्टोरी ने शुक्रवार को रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर 56 करोड़ रुपये की कमाई की है। शर्मा ने ट्विटर पर फिल्म का समर्थन करने के लिए दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिनेत्री ने लिखा कि आप सभी करोड़ों लोगों को धन्यवाद जो हमारी फिल्म देखने जा रहे हैं, इसे ट्रेंड कराने के लिए धन्यवाद।

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस